मूल्य : 2 रुपए | पृष्ठ : 12 | वर्ष : 29 | अंक : 15

जयपुर

# महानगर टाइम्स

मिशन पत्रकारिता का प्रहरी

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।

www.mahanagartimes.com

जयपुर, रविवार, 7 दिसम्बर, 2025

जयपुर, कोटा, दौसा, अलवर, उदयपुर एवं जोधपुर से एक साथ प्रकाशित



### प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली में आयोजित लीडरशिप समिट को किया संबोधित

# धीमी अर्थव्यवस्था को हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ कहने वाले अब खामोश हैं : मोदी

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि जब भारत की ग्रोथ रेट 2-3 फीसदी थी, तब कुछ बुद्धिजीवियों ने इसे हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ कहा और देश की धीमी अर्थव्यवस्था का कारण हिंदू संस्कृति को बताया। मोदी ने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है, लेकिन वही लोग अब इस टर्म का जिक्र नहीं करते। पीएम मोदी दिल्ली



में हिंदुस्तान टाइम्स की लीडरशिप समिट में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि जो लोग हर बात में सांप्रदायिकता देखते हैं, उन्हें तब हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ शब्द सही लगा और वे इसे अपनी किताबों और रिसर्च पेपर्स में लिखते रहे। आज दुनिया अनिश्चितताओं से भरी है। फिर भी इस दौर में हमारा भारत एक अलग लीग में दिख रहा है। भारत आत्मविश्वास से भरा है। जब दुनिया में स्लोडाउन की बात होती है भारत ग्रोथ की कहानी लिखता है।

जब दुनिया में ट्रस्ट की क्राइसिस होती है, तब भारत पिलर बनता है। कुछ दिन पहले भारत के जीडीपी आंकड़े आए, जिसमें 8 फीसदी से ज्यादा ग्रोथ हो रही है। ये सिर्फ नंबर नहीं हैं, ये स्ट्रांग मैक्रो इकोनॉमिकल सिग्नल है।

यह संदेश है भारत ग्लोबल इकोनॉमी का ग्रोथ ड्राइवर बन रहा है। मोदी ने कहा कि भारत का स्पेस सेक्टर पहले सरकारी कंट्रोल में था हमने इसे प्राइवेट सेक्टर के लिए खोला। आज इसके नतीजे देश देख रहा है। अभी 11 दिन पहले हैदराबाद में स्काई रूट कैंपस का इनॉगरेशन किया। यह भारत की प्राइवेट स्पेस कंपनी है। यह कंपनी फ्लाईरेडी विक्रम 1 बना रही है।

#### 'अंग्रेजों ने उड़ाया मजाक'

पीएम मोदी ने कहा कि अंग्रेजों को पता था कि लंबे समय तक राज करना है तो लोगों में हीनभावना का संचार करना होगा। उस दौर में अंग्रेजों ने यही किया भी इसीलिए भारतीय पारिवारिक संरचना को पुराना बताया और पोशाक का मजाक उड़ाया। त्योहार को इरेशनल कहा गया। भारतीय आविष्कारों का मजाक उड़ाया गया। पीढ़ी दर पीढ़ी यही चलता रहा। ऐसे ही भारतीयों का विश्वास चकनाचूर होता गया।

#### 'देश का हर सेक्टर हो रहा बेहतर'

पीएम मोदी ने कहा कि एक समय था जब भारत में रिफॉर्म स्वार्थ के चलते होते थे या संकट को मैनेज करने के लिए, लेकिन आज देशहित में होते हैं। देश के हर सेक्टर में कुछ ना कुछ बेहतर होता रहता है। हमारा इंटेंट नेशन फर्स्ट का है। भारत के एक सामर्थ्य का बड़ा हिस्सा लंबे समय तक अनटैप रहा है। हमारा पूर्वी भारत, गांव, नारी शक्ति, छोटे शहर, यूथ पॉवर, ब्लू इकोनॉमी का इस्तेमाल पहले के दशकों में हो ही नहीं पा रहा था। भारत अब इनके साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में ऐसे प्रावधान थे जहां छोटी गलती को गंभीर अपराध माना जाता था। हम कानून लाए उन्हें अपराध की कैटैगरी से हटाया। पहले 1000 रुपए के लोन के लिए बैंक गारंटी मांगता था। हमने इसे तोड़ा। अब 37 लाख तक गारंटी फ्री लोन मिलता है। इस पैसे से उन परिवारों के नौजवानों को एन्टरप्रेन्योर बनने का अवसर मिल रहा है।

## असिस्टेंट प्रोफेसर कॉलेज शिक्षा भर्ती परीक्षा आज से

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित होने वाली असिस्टेंट प्रोफेसर कॉलेज शिक्षा भर्ती परीक्षा-2025 का आयोजन 7 से 20 दिसंबर तक होगा। इस दौरान जयपुर में परीक्षार्थियों की भीड़ रहेगी। परीक्षा के लिए 92 हजार से अधिक अभ्यर्थियों के प्रवेश-पत्र वेबसाइट पर जारी किए जा चुके हैं। आयोग सचिव के अनुसार राजस्थान का सामान्य ज्ञान प्रश्न-पत्र तृतीय की परीक्षा 7 दिसंबर को दोपहर 12 से 2 बजे तक ही होगी। इसके बाद विभिन्न ऐच्छिक विषयों के प्रश्न-पत्रों की परीक्षाओं का आयोजन 8 से 20 दिसंबर तक प्रतिदिन दो पारियों में होगा। प्रथम पारी सुबह 9 से 12 बजे और द्वितीय पारी दोपहर 2:30 से शाम 5:30 बजे तक रहेगी। इससे पहले आयोग सचिव ने बताया कि उच्च न्यायालय की एकलपीठ के स्थगन आदेश 3 दिसंबर के विरुद्ध आयोग की ओर से खंडपीठ में 4 दिसंबर को अपील दायर की गई थी। इस पर 5 दिसंबर को हुई सुनवाई में आयोग ने पाठ्यक्रम जारी करने संबंधी तथ्य न्यायालय में रखते हुए परीक्षा नियत समय पर कराने की अनुमति मांगी थी। इस पर खंडपीठ ने अनुमति दे दी। इसके बाद परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है।

## जेईई-एडवांस्ड-2026 परीक्षा 17 मई को

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**कोटा।** देश की सबसे प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश और विश्व की दूसरे नंबर की सबसे कठिन परीक्षा जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम एडवांस्ड (जेईई-एडवांस 2026) की तारीख की घोषणा कर दी गई है। शुक्रवार देर रात जेईई एडवांस की वेबसाइट पर ही नोटिफिकेशन जारी कर तारीख की घोषणा की गई है। इसमें बताया है कि 17 मई, 2026 को परीक्षा होगी।

## कथावाचक इंद्रेश उपाध्याय ने जयपुर में की शादी



**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** वृंदावन (मथुरा) के कथावाचक इंद्रेश उपाध्याय ने शुक्रवार को यमुनानगर (हरियाणा) की शिप्रा शर्मा के साथ जयपुर में सात फेरे लिए। वैदिक रीति-रिवाज से हुई शादी की मुख्य रस्में करीब 3 घंटे तक चलीं। इसके बाद देर रात इंद्रेश उपाध्याय की बारात निकली। रात को हुए आशीर्वाद समारोह में ताज आमेर होटल के कुंदनवन को तिरुपति बालाजी मंदिर की तर्ज पर सजाया गया था। इस दौरान देशभर से आए साधु-संतों ने कथावाचक को आशीर्वाद दिया। शादी में कुमार विश्वास, धीरेंद्र शास्त्री, देवी चित्रलेखा, भागवत प्रभु सहित कई साधु-संत और सेलिब्रिटी मौजूद रहे।

### इंडिगो एयरलाइन की लगातार फ्लाइट्स रद्द होने से परेशान रहे लोग

# लखनऊ एयरपोर्ट पर यात्रियों में मारपीट, लात-घूंसे चले

### कोई रोया, किसी ने हंगामा किया, सिक्योरिटी से भिड़ी महिला



बेंगलुरु एयरपोर्ट पर लगा यात्रियों के लगेज का ढेर।

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** क्रू मेंबर की कमी का सामना कर रही इंडिगो एयरलाइन की फ्लाइट्स रद्द होने से लगातार पांचवें दिन लोग परेशान रहे। अधिकतर एयरपोर्ट पर अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ है। सूटकेसों के ढेर पड़े हुए हैं। कई जगह परेशान पैसेंजर्स ने जमकर हंगामा किया। 3-4 दिन से लोगों को सामान नहीं मिला है। फ्लाइट का इंतजार कर रहे लोगों ने जमीन पर रात गुजारी। फ्लाइट रद्द होने के चलते बेंगलुरु एयरपोर्ट पर यात्री रोते नजर आए। इधर लखनऊ एयरपोर्ट पर यात्री लाइन में खड़े होने के विवाद में आपस में भिड़ गए। वहीं जयपुर से इंडिगो की 6 फ्लाइट्स रद्द हो चुकी हैं। इनमें, बेंगलुरु, हैदराबाद, गुवाहाटी, मुंबई, कोलकाता जाने वाली फ्लाइट्स शामिल हैं।

इंडिगो की बदइंतजामी, हवाई यात्रियों की बढ़ती परेशानी (पृष्ठ 2 पर)

दिल्ली से मुंबई तक हाहाकार, इंडिगो की 250 से ज्यादा उड़ानें रद्द (पृष्ठ 9 पर)



मुंबई एयरपोर्ट पर यात्रियों के घबराने की स्थिति में मां की गोद में बेटा भी रोने लगा।

#### 95 फीसदी रूट पर फ्लाइट शुरू, आज मिलेगा कैंसिलेशन का रिफंड : इंडिगो

इंडिगो में पिछले चार दिनों से चल रहे ऑपरेशनल संकट में शनिवार को राहत दिखी। एयरलाइन ने दावा किया कि उसके 95 फीसदी रूट पर उड़ानें शुरू हो चुकी हैं। 138 में से 135 डेस्टिनेशन के लिए फ्लाइट रवाना हो गईं। पिछले दिनों जिन यात्रियों की फ्लाइट रद्द हुई उन्हें रविवार रात 8 बजे तक रिफंड मिल जाएगा। एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक देश के 4 बड़े एयरपोर्ट दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और बेंगलुरु समेत कई शहरों से शनिवार को इंडिगो की 800 से ज्यादा फ्लाइट रद्द की गईं। हालांकि एयरलाइंस रोजाना 2300 से ज्यादा फ्लाइट ऑपरेट करती है। कंपनी का कहना है कि शनिवार को उन्होंने 1500 उड़ानों को उनके डेस्टिनेशन तक पहुंचाया।

#### एविएशन मिनिस्ट्री ने पीएम मोदी को दी जानकारी

इंडिगो मामले में एविएशन मिनिस्ट्री ने पीएम नरेंद्र मोदी को जानकारी दी है। दरअसल मंत्रालय की तरफ से पिछले दो दिनों से लगातार मीटिंग की जा रही हैं। सरकार एयरलाइन पर भारी जुर्माना लगाने की तैयारी में है।



**यह होगा किराया**

| दूरी (किलोमीटर) | अधिकतम किराया |
|---|---|
| 0-500 किमी | : 7,500 रुपए |
| 500-1000 किमी | : 12,000 रुपए |
| 1000-1500 किमी | : 15,000 रुपए |
| 1500 किमी से ज्यादा | : 18,000 रुपए |

इसमें यूजर डवलपमेंट फीस, पैसेंजर सर्विस फीस और एयर टिकट पर टैक्स शामिल नहीं हैं।

### सरकार ने दूरी के आधार पर तय किया हवाई किराया

**जयपुर।** इंडिगो कंपनी के फ्लाइट शेड्यूल में आई दिक्कतों के बीच हवाई टिकट की बढ़ती कीमतों को देखते हुए सरकार ने शनिवार को दूरी के आधार पर हवाई किराए की सीमा 7,500 रुपए से 18,000 रुपए तक तय कर दी। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने एक आदेश में कहा कि लागू शुल्क को छोड़कर किराया सीमा बिजनेस क्लास और उड़ान योजना के तहत आने वाली उड़ानों के लिए लागू नहीं है। हालांकि ऑर्डर में यह साफ नहीं किया गया कि ये लिमिट इकोनॉमी क्लास टिकट पर लागू है या इकोनॉमी और प्रीमियम इकोनॉमी क्लास दोनों टिकट पर। इस लिमिट का मतलब है कि दिल्ली-मुंबई फ्लाइट, जो 1,300 किलोमीटर से ज्यादा की दूरी तय करती है, के लिए इकोनॉमी क्लास का किराया 18,000 रुपए तक सीमित रहेगा। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि स्थिति स्थिर होने तक ये किराए की यह सीमाएं लागू रहेंगी।

गौरतलब है कि लगातार कम से कम पांच दिनों से इंडिगो की फ्लाइट्स का ऑपरेशन काफी खराब रहा है, बड़ी संख्या में फ्लाइट्स रद्द होने और देरी होने से हजारों पैसेंजर्स को परेशानी हो रही है। कई मामलों में बैगेज खो गए हैं। शनिवार को देश की सबसे बड़ी एयरलाइन ने 400 से ज्यादा फ्लाइट्स रद्द कीं, जबकि शुक्रवार को कैंसिलेशन की संख्या 1,000 को पार कर गई थी।

#### सभी तरह की बुकिंग पर लागू होगी किराए की लिमिट

मंत्रालय ने बयान में कहा कि वह रियल-टाइम डेटा और एयरलाइंस एवं ऑनलाइन ट्रैवल प्लेटफॉर्म के साथ एक्टिव कोऑर्डिनेशन के जरिए किराए के लेवल पर करीब से नजर रखेगा। आदेश में यह भी कहा गया है कि 'ये किराए की लिमिट सभी तरह की बुकिंग पर लागू होगी, चाहे खरीदारी सीधे एयरलाइन की ऑफिशियल वेबसाइट से की गई हो या अलग-अलग ऑनलाइन ट्रैवल एजेंट के प्लेटफॉर्म से। मंत्रालय ने एयरलाइन कंपनियों से यह भी कहा है कि वे उन सेक्टर्स में किराए में बहुत ज्यादा बढ़ोत्तरी नहीं करें, जिन पर कैंसिलेशन का असर पड़ा है। शुक्रवार को एयरलाइंस की वेबसाइट पर किराए के एनालिसिस से पता चला कि 6 दिसंबर के लिए स्पाइसजेट कोलकाता-मुंबई फ्लाइट का एक तरफ का वन-स्टॉप इकोनॉमी-क्लास टिकट 90,000 तक रहा और एयर इंडिया का मुंबई-भुवनेश्वर का ऐसा ही टिकट 84,485 तक रहा।

### दो साल बनाम पांच साल : तुलना पत्र बनेगा 'चुनावी हथियार'

# कार्यकर्ता बनें 'ग्राउंड फोर्स', कांग्रेस के दुष्प्रचार का देंगे जवाब : भजनलाल

### कोटा-जोधपुर-जयपुर संभाग के कार्यकर्ताओं से सीएम का सीधा संवाद, दो साल के कामों पर फोकस

- रोजगार का मास्टरस्ट्रोक : 92 हजार नौकरियां दीं और 15 हजार भर्तियां होंगी
- कांग्रेस को बैकफुट पर धकेलने की तैयारी

**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कोटा, जोधपुर व जयपुर संभाग की बैठकों में कार्यकर्ताओं को दो साल के विकास मॉडल को बूथ स्तर तक पहुंचाने का टास्क सौंपा। सीएम आवास पर शनिवार को हुए सत्ता-संगठन के बीच सीधे संवाद में भाजपा जिला अध्यक्षों, मंडल अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं के बीच सीएम ने संगठन की आत्मा को छूते हुए साफ संदेश दिया कि कार्यकर्ता की निष्ठा ही संगठन की शक्ति है, और यही शक्ति हमारी सरकार के दो साल को कांग्रेस के पांच वर्ष पर भारी बनाती है।

सीएम ने कहा कि संगठन नई ऊर्जा तभी पाता है जब बूथ से लेकर प्रदेश तक हर कड़ी मजबूत हो। यही कारण है कि हमारी सरकार ने दो साल में वे काम कर दिए जो कांग्रेस पांच साल में नहीं कर सकी। बैठक की शुरुआत बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर पुष्पांजलि से हुई। मंच पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, डिप्टी सीएम डॉ. प्रेमचंद बैरवा, वित्त आयोग अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां सहित संगठन के दिग्गज मौजूद रहे।

#### यमुना जल समझौता, इन्वेस्टमेंट समिट में हुए एमओयू सहित गिनाईं अन्य उपलब्धियां

सीएम ने यमुना जल समझौता, राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट से मिले 35 लाख करोड़ के एमओयू, 92 हजार युवाओं को मिली नियुक्तियों और रामजल सेतु लिंक जैसे प्रोजेक्टों को उपलब्धि बताते हुए कहा कि दिसंबर में 15 हजार और नियुक्तियां दी जाएंगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि 10 से 25 दिसंबर तक सरकार के दो वर्ष के कार्यक्रम में सक्रिय हिस्सेदारी निभाएं।

#### कांग्रेस के नैरेटिव को ध्वस्त करने का ब्लूप्रिंट तैयार

भाजपा ने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर कांग्रेस के नैरेटिव को तोड़ने का ब्लूप्रिंट तैयार कर लिया है। संभागीय बैठकों में सीएम ने कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया पर आक्रामक होकर सरकार के दो साल की उपलब्धियां, जल समझौते, रोजगार और निवेश को प्रचारित करने के निर्देश दिए। भाजपा अब दुष्प्रचार का जवाब डिजिटल डेटा और तथ्य आधारित कैंपेन से देगी।

#### एसआईआर, निकाय व पंचायत चुनाव में तकनीक अहम हिस्सा

प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि एसआईआर, पंचायत-निकाय चुनाव की तैयारी में सबसे अहम तकनीक हिस्सा है। राठौड़ ने कहा कि प्रदेश में बिना पेपर लीक के युवाओं को नौकरियां मिल रही हैं। सरकार की ये उपलब्धियां जनता तक पहुंचानी हैं।

#### बैठक के तीन महत्वपूर्ण बिंदु

- **सत्ता-संगठन की सीधी मॉनिटरिंग :** सीएम और प्रदेशाध्यक्ष हर बैठक में स्थानीय मुद्दों, विकास कार्यों और बूथ स्तर की स्थिति पर सीधा संवाद कर रहे हैं। वहीं मंडल अध्यक्ष तक से फीडबैक लेकर पंचायत व निकाय चुनावों के लिए संगठन को एक्टिव मोड में ला रहे हैं।
- **कांग्रेस सरकार बनाम वर्तमान सरकार की तुलना का पत्र :** जिलाध्यक्ष और मंडल अध्यक्षों को कांग्रेस के 5 साल बनाम भजनलाल सरकार के 2 साल के कामों का तुलना पत्रक दिया गया है। यह पत्रक पंचायत-निकाय चुनाव से पहले जनता तक पहुंचाने का टूल बनेगा। यह भी तय हुआ कि विधानसभा क्षेत्रों में जनता के बीच विकास पुस्तिकाएं वितरित की जाएंगी।
- **पानी-बिजली-विकास से जुड़ी शिकायतें सीएम को बताएं :** संभागवार बैठकों में कार्यकर्ताओं से कहा गया है कि बूथ, गांव, ढाणी और कस्बों की समस्याएं सीधे सीएम तक पहुंचाएं। ये इनपुट पंचायत-निकाय चुनावों की रणनीति व घोषणाओं का आधार बनेंगे।

#### ईआरसीपी-यमुना समझौते पर कांग्रेस की राजनीति बेनकाब, किसान सरकार के साथ : राठौड़



नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस खुद नहीं चाहती थी कि यमुना जल समझौता हो। किसानों को उकसाने की कोशिश की गई, मगर किसान सरकार के साथ खड़ा रहा। पांच साल में एक भी बड़ा आंदोलन खड़ा नहीं कर सकी कांग्रेस, यह जनता के मूड का संकेत है। राठौड़ ने यह भी दावा किया कि ईआरसीपी में 19,600 करोड़ के टेंडर जारी हो चुके हैं और यमुना जल समझौते की डीपीआर तैयार है। ये सब कांग्रेस की सारी राजनीति का जवाब है।

#### भाजपा में सत्ता-संगठन संवाद तेज, आज दो अहम बैठकें

भाजपा सत्ता और संगठन के बीच तालमेल मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठा रही है। संभाग स्तरीय बैठकों के बाद अब प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ रविवार को नव-मनोनीत प्रदेश कार्यकारिणी की पहली महत्वपूर्ण बैठक लेंगे। इस बैठक में दो साल पूरे होने पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने और संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय करने के निर्देश दिए जाने की संभावना है। इधर शाम को मुख्यमंत्री भाजपा विधायकों की बैठक लेंगे, जिसमें वे सरकार की प्राथमिकताओं, जनहित योजनाओं के प्रचार और जनता से संवाद को लेकर 'मूल मंत्र' देंगे। माना जा रहा है कि दोनों बैठकों से आगामी राजनीतिक रणनीति और सरकार-संगठन के तालमेल की नई दिशा तय होगी।

### पश्चिमी राजस्थान के औद्योगिक उदय का नया आधार, जेपीएमआईए हो रहा है साकार, दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर अब ले रहा नया आकार

# जोधपुर-पाली मारवाड़ इंडस्ट्रियल एरिया बन रहा है नया मैन्युफैक्चरिंग हब

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री की हमेशा से यह सोच रही है कि राज्य में बड़े औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जाएं, जो पूर्ण इंडस्ट्रियल टाउनशिप के रूप में उभरें। इन टाउनशिप में मैन्युफैक्चरिंग एवं सर्विस के साथ-साथ लॉजिस्टिक, वेयरहाउसिंग तथा सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर जैसी सभी आवश्यक सहायक सेवाओं का समावेश हो, ताकि ये क्षेत्र अपने आपमें आर्थिक विकास के प्रमुख केंद्र बन सकें। इसी सोच के अनुरूप जोधपुर-पाली-मारवाड़ इंडस्ट्रियल क्षेत्र (जेपीएमआईए) लगभग 3600 हेक्टेयर भूमि पर विकसित किया जा रहा है। यह क्षेत्र राज्य की सबसे बड़ी औद्योगिक टाउनशिप के रूप में स्थापित होगा और प्रदेश के आर्थिक विकास को नई गति प्रदान करेगा। इस औद्योगिक क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निवेश के साथ-साथ हजारों लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे, जिससे



स्थानीय व क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी सुदृढ़ आधार मिलेगा। डीएमआईसी परियोजना विकसित करने के लिए राजस्थान इंडस्ट्रियल कॉरिडर्स डवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड जो एक एसपीवी है, का गठन किया गया है, जिसमें राज्य सरकार की ओर से रीको की 51 प्रतिशत अंशपूंजी है तथा केंद्र सरकार की ओर से राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारे विकास कार्यान्वयन ट्रस्ट (एनआईसीडीआईटी) की 49 प्रतिशत अंशपूंजी है। पश्चिमी राजस्थान अब देश के सबसे तेजी से विकसित हो रहे औद्योगिक क्षेत्रों में उभर रहा है। पचपदरा में शुरू होने जा रही रिफाइनरी, वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डब्ल्यूडीएफसी) शुरू होने के बाद तथा अमृतसर-जामनगर हाईवे समेत तेजी से बढ़ते लॉजिस्टिक नेटवर्क के कारण यह क्षेत्र वैश्विक निवेशकों की पसंदीदा जगह बनती जा रही है।

यह निवेश क्षेत्र देहली-मुंबई औद्योगिक कॉरिडोर (डीएमआईसी) का सबसे महत्वपूर्ण नोड है। इसकी रणनीतिक लोकेशन ना सिर्फ उद्योगों की स्थापना के लिए लाभकारी है, अपितु राज्य का सबसे बड़ा मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब भी यहां स्थापित होने से लॉजिस्टिक्स एवं सर्विस सेक्टर के लिए यह उपयुक्त क्षेत्र साबित होगा। यहां वर्क टू होम कल्चर के लिए विश्वस्तरीय आधारभूत संरचना विकसित कर आवासीय, वाणिज्यिक एवं रिक्रियेशनल गतिविधियों को अनुमत किया जाएगा, ताकि इस औद्योगिक टाउनशिप में काम करने वाले व्यक्तियों को एक ही क्षेत्र में सारी सुविधाएं प्राप्त हो सकें।

#### राष्ट्रीय राजमार्गों से बेहतर तरीके से जुड़ी हुई है औद्योगिक टाउनशिप

यह औद्योगिक टाउनशिप जोधपुर-पाली के मध्य स्थित होने के कारण राष्ट्रीय राजमार्गों से बेहतर तरीके से जुड़ी हुई है तथा हवाई अड्डा भी मात्र 30 किमी की दूरी पर होने से यह लोकेशन उद्योगों एवं सर्विस सेक्टर को देश के उत्तर-पश्चिम से दक्षिण-पश्चिम बाजारों तक तेज कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। लॉजिस्टिक लागत कम करने के लिए तथा कच्चे माल की आपूर्ति एवं तैयार माल की ढुलाई के लिए लूणी रोहट मारवाड़ जंक्शन रेल लाइन के दोहरीकरण का कार्य रेलवे द्वारा किया जा रहा है, जिससे सीधे वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से कनेक्टिविटी हो सकेगी और निर्यात क्षमता बढ़ सकेगी। औद्योगिक टाउनशिप तक सुविधाजनक पहुंच के लिए एनएच-65 पर अंडर व्हीकूलर पास का निर्माण का अधिकांश कार्य पूर्ण हो चुका है तथा यह मार्च 2026 तक तैयार हो जाएगा, जिससे औद्योगिक टाउनशिप तक सरल एवं निर्बाध पहुंच संभव हो सकेगी। किसी भी निवेश का सबसे बड़ा आधार ऊर्जा एवं जल की निर्बाध आपूर्ति होती है। इस क्षेत्र में स्थापित होने वाली औद्योगिक इकाइयों के लिए सस्ती ऊर्जा महत्वपूर्ण होती है, इसके लिए राज्य में प्रथम बार विद्युत सप्लाई भी रिडको द्वारा ही की जाएगी। इसके लिए पावर इन्फ्रास्ट्रक्चर पर 300 करोड़ से अधिक व्यय किए जा रहे हैं। यहां निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए 220 केवी की दोहरी लाइन डाली जा रही है तथा उच्च क्षमता के ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे। गैस की उपलब्धता के लिए स्पर लाइन डाली जा रही है।

#### 200 से अधिक इकाइयां स्थापित होने की संभावना

इस औद्योगिक टाउनशिप में भविष्य में कुल 1200 से अधिक इकाइयां स्थापित होने की संभावना है, जिनसे वर्ष 2042 तक लगभग तीन लाख लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। 1,578 एकड़ क्षेत्र में विकसित होने वाले फेज-ए में केंद्र सरकार द्वारा 922 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। इसमें 322.80 करोड़ रुपए केंद्र सरकार की अंश पूंजी के रूप में तथा 105 करोड़ रुपए सॉफ्ट लोन के रूप में उपलब्ध कराया जा रहा है। इस फेज के लिए भूमि रिडको को सौंपी गई है तथा परियोजना क्रियान्वयन के लिए 193.60 करोड़ करोड़ रुपए रिडको को केंद्र सरकार से प्राप्त हो चुके हैं। चरण-बी की अवाप्ति प्रक्रिया अंतिम चरण में है तथा चरण सी के लिए अवाप्ति प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस टाउनशिप में पानी की आपूर्ति के लिए राज्य सरकार द्वारा 54 एमएलडी जल आरक्षित किया गया है, जिसकी आपूर्ति राजीव गांधी लिफ्ट केनाल जोधपुर से की जाएगी। आपूर्ति लाइन के लिए पीएचईडी के माध्यम से कार्य कराया जा रहा है, जो मौके पर जारी है। जल प्रबंधन के कार्य के लिए लगभग 175 करोड़ से अधिक व्यय किया जा रहा है।

# इंडिगो की बदइंतजामी, हवाई यात्रियों की बढ़ती परेशानी

### अन्य फ्लाइट्स का किराया हुआ महंगा

### अब यात्रियों के लिए रेलवे बना सहारा

### चौथे दिन भी फ्लाइट रही रद्द परेशान, यात्रियों ने किया हंगामा

महानगर टाइम्स संवाददाता





**जयपुर।** पिछले चार दिनों से यात्रियों को देरी या फ्लाइट रद्द होने का सिलसिला शनिवार को भी बना रहा। राजधानी जयपुर से विभिन्न स्थानों को जाने वाले यात्री व जयपुर आने वाले यात्रियों को विशेषकर परेशानी का सामना करना पड़ा। दिनभर यही गहमागहमी चलती रही। एयरपोर्ट पर यात्रियों को अपनी फ्लाइट के बारे में पूछताछ करते और बहस करते देखा गया। ये सभी फ्लाइटस इंडिगो एयरलाइंस की रही। दूसरी ओर केन्द्र सरकार की ओर से वैकल्पिक राहत के प्रयास किए जा रहे हैं। रेलवे ने लोगों को राहत देने के लिए देश भर में विशेष ट्रेनों का संचालन भी करने की घोषणा कर दी है, जोकि रविवार से ही शुरू कर दी जाएगी।

#### जयपुर एयरपोर्ट पर 43 उड़ानें रहीं प्रभावित

जयपुर एयरपोर्ट पर सुबह से ही लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इंडिगो एयरलाइंस के विमानों की सेवाएं लोगों को दिनभर परेशान किए रखी। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार जयपुर पहुंचने वाली कुल 8 फ्लाइटस देरी से पहुंची, फिर भी यात्री इससे संतोष कर रहे थे कि किसी प्रकार अपने गंतव्य तक पहुंचे, इसके बाद यहां आने वाली 17 फ्लाइटस अत्यन्त देरी से पहुंची। जयपुर से विभिन्न प्रमुख शहरों की ओर उड़ान भरने वाली 18 फ्लाइटस उड़ान नहीं भर सकी और इन्हें रद्द करना पड़ा। ये सभी फ्लाइटस इंडिगो एयरलाइंस की रही। जयपुर एयरलाइंस पर यात्रियों ने हंगामा कर दिया और अपनी यात्रा के बारे में लगातार पूछते रहे। काउंटर पर सुबह से लंबी लाइन लगी रही। जैसलमेर में भी फ्लाइट डिले होने से बॉर्डर मैराथन में 100 एथलीट नहीं पहुंच सके। जोधपुर और उदयपुर एयरपोर्ट पर शनिवार को फ्लाइट शेड्यूल सामान्य रहा।

#### कहां-कहां की फ्लाइट्स हुईं रद्द

जयपुर के लिए दिल्ली, मुम्बई, गुवाहाटी और बेंगलूरु की ओर से फ्लाइटस, जबकि जयपुर से बेंगलूरु, हैदराबाद, गुवाहाटी, मुंबई, कोलकाता, पुणे और हैदराबाद की ओर जाने वाली फ्लाइटस रद्द हुई। इनमें से कई स्थानों के लिए जयपुर से दो-दो फ्लाइटस थी। इनके रद्द होने के कारण ना सिर्फ यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा, बल्कि सरकार की छवि को भी धक्का लगा है। दूसरी ओर अन्य एयरलाइंस ने मनमाने दाम बढ़ाकर यात्रियों का धन शोषण किया।

#### 4 घंटे तक लेट होती रहीं फ्लाइट्स

फ्लाइट रद्द के अलावा इंडिगो की कई फ्लाइट्स घंटों तक लेट होती रही। शनिवार को भी करीब 10 फ्लाइट्स के संचालन में आधे घंटे से लेकर 4 घंटे तक की देरी हुई। जयपुर से सुबह 8:25 बजे देहरादून की फ्लाइट 6 ई-7274 करीब 3 घंटे लेट गई। सुबह 10:55 बजे मुम्बई की फ्लाइट 6ई-251 भी ढाई घंटे लेट रही। इसके अलावा सुबह 11:45 बजे इंदौर की फ्लाइट 6ई-7154 करीब 3 घंटे, शाम 5:25 बजे चेन्नई की फ्लाइट 6ई-694 करीब डेढ़ घंटे और शाम 6:20 बजे अहमदाबाद की फ्लाइट 6ई-7524 करीब 3 घंटे लेट हुई।

#### रेलवे की पहल, ट्रेनों में लगाए अतिरिक्त कोच

दूसरी ओर केन्द्रीय रेलवे की ओर से देश भर में 157 यात्री ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए गए हैं, जिससे यात्रियों को सुविधा मिले और वे अपने गंतव्य पर सही समय पर पहुंचें और किसी परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। इसी क्रम में कई रेलवे जोन की ओर से विशेष ट्रेनों के संचालन की भी घोषणा की गई है। यह ट्रेनें रविवार से संचालित की जाएंगी। उत्तर-पश्चिम रेलवे की ओर से भी जयपुर से मुम्बई जाने वाले यात्रियों के लिए विशेष दुर्गापुरा-बांद्रा टर्मिनस का संचालन किया जा रहा है। यह ट्रेन 7 दिसम्बर को दुर्गापुरा से रवाना होगी। इससे एयरपोर्ट के यात्रियों को मुम्बई जाने का एक विकल्प उपलब्ध करवाया गया है। इसके साथ ही जोधपुर से हावड़ा और अजमेर से बेंगलूरु के लिए भी विशेष ट्रेन का संचलन किया जा रहा है। जोधपुर से हावड़ा के लिए ट्रेन रविवार सायं 5.30 बजे रवाना होगी, जबकि अजमेर से बेंगलूरु के लिए ट्रेन भी रविवार को 5.30 बजे रवाना होगी। दोनों ट्रेन जयपुर होकर संचालित होंगी।

#### इंडिगो ने मांगा फरवरी तक समय, सरकार ने दिया

दूसरी ओर यात्रियों की परेशानी का प्रमुख कारण रहने वाली कंपनी इंडिगो ने सरकार से नियमों के अनुसार स्टाफ की व्यवस्था करने के लिए फरवरी तक का समय मांगा है। नागर विमानन मंत्रालय ने इंडिगो कंपनी को समय दिया है। साथ ही इंडिगो के साथ अन्य कंपनियों से भी जल्द ही सेवाओं को सुचारू रखने के लिए कहा है।

---

### जयपुर डिस्कॉम : विभागीय जागरूकता के अभाव में उपभोक्ता नहीं ले रहे डिजिटल सुविधाओं का लाभ

# ऑनलाइन बिल जमा करवाने में विभाग रहा कमजोर , कैश काउंटरों पर लंबी कतार

### एप और यूपीआई से भुगतान करने वालों का प्रतिशत 30 फीसदी के आसपास ही

### अब नए साल से हर मीटर के पास चस्पा होंगे जागरूकता स्टीकर

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राज्य में बिजली वितरण का बड़ा नेटवर्क संभालने वाले जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (जेवीवीएनएल) द्वारा ऑनलाइन बिल भुगतान को आसान और सुरक्षित बनाने के प्रयास लगातार जारी हैं। निगम ने मोबाइल एप से लेकर यूपीआई और ई-वॉलेट तक कई विकल्प उपलब्ध कराए हैं, लेकिन इसके बावजूद उपभोक्ताओं में डिजिटल भुगतान को लेकर कोई खास रुचि नहीं दिख रही है। परिणामस्वरूप निगम के बिलिंग काउंटरों पर अब भी बड़ी संख्या में उपभोक्ता लाइन में खड़े रहते हैं। विभाग के अनुसार पिछले कुछ माह में एप और यूपीआई से भुगतान करने वालों का प्रतिशत 30 के आसपास ही रहा। निगम के अनुसार जयपुर शहर, कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन हजारों उपभोक्ता कैश काउंटरों पर बिल भुगतान के लिए पहुंचते हैं।

जानकारी के अनुसार वर्तमान में कुल उपभोक्ताओं में केवल 28 से 32 प्रतिशत लोग ही नियमित रूप से ऑनलाइन माध्यमों का उपयोग कर रहे हैं। खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में यह आंकड़ा 20 प्रतिशत से भी कम है। दिसंबर के शुरुआती सप्ताह में भी जयपुर के विद्युत सब-डिवीजन कार्यालयों में लंबी कतारें देखने को मिलीं। कई उपभोक्ता सुबह 10 बजे से पहले ही काउंटरों के बाहर जमा हो जाते हैं, जिससे कार्मिक व उपभोक्ता दोनों परेशान हैं।

#### ऑनलाइन भुगतान से क्यों हिचक रहे उपभोक्ता

बिजली बिलों को जमा कराने में ऑनलाइन व्यवस्था पर लोगों की कम रुचि पर बात की गई तो लोगों ने कई समस्याएं बताईं। जिन उपभोक्ताओं से बात की गई, उन्होंने कई कारण बताए। उनके अनुसार ऑनलाइन भुगतान प्रक्रिया समझ में नहीं आना, पेमेंट फेल होने या राशि अटक जाने का डर, इंटरनेट तकनीक में दिक्कत, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क समस्या, मोबाइल एप का उपयोग कठिन लगना आदि कारण गिनाए। शहर के विद्याधर नगर निवासी राजेंद्र कुमार ने कहा कि मैंने दो बार ऑनलाइन भुगतान किया था, दोनों बार पेमेंट पेंडिंग दिखा। रकम लौटने में समय लग गया। इसलिए अब काउंटर पर ही जमा कराता हूं। सीकर रोड स्थित ग्राम भैरूं खेजड़ा निवासी गोवर्धन सिंह ने बताया कि गांव में नेटवर्क पूरा दिन नहीं आता। ऐसे में एप या यूपीआई से बिल जमा करना जोखिम लगता है।

#### अब नए साल से नई कवायद : मीटर रीडर करेंगे लोगों को जागरूक

लोगों से ऑनलाइन बिल जमा कराने के कार्य में जागरूकता लाने के लिए विभाग अब नए साल में नई कवादय शुरू कराने की बात कह रहा है। जेवीवीएनएल के अवेयरनेस विंग के नोडल अधिकारी केसी गुप्ता के अनुसार नए साल से विभाग की ओर से लोगों को जागरूक करने के लिए हर मीटर के पास जागरूकता स्टीकर चस्पा किए जाएंगे। इसमें बिजली संबंधी और भी जानकारियां होंगी। स्टीकर में बिजली गुल होने की शिकायत दर्ज करवाने के लिए कॉल सेंटर के फोन नं. तथा मोबाइल नंबर भी होंगे। इसके साथ ही ऑनलाइन तरीके से डिजिटल बिल प्राप्त करने, मोबाइल रजिस्टर करने, डिस्कॉम रिकॉर्ड में रजिस्टर्ड नंबर जानने, लॉस्ट पेमेंट की डिटेल जानने व बिजली मित्र एप डाउनलोड करने की जानकारी होगी। ये कार्य विभागीय कर्मियों के अलावा मीटर रीडर संचालित करेंगे।

---

### मालवीय नगर में अवैध रूप से निर्माणाधीन बिल्डिंग में दरारें, प्रशासन में हड़कंप

## सेक्टर 9 में 5 मंजिला ढांचा झुका, दो क्रेनों के सहारे थामनी पड़ी बिल्डिंग



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मालवीय नगर सेक्टर-9 में शनिवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब अमित भारद्वाज पेट्रोल पंप के सामने निर्माणाधीन 5 मंजिला इमारत में अचानक बड़ी-बड़ी दरारें नजर आने लगीं। शुरुआती जांच में सामने आया कि अवैध रूप से बनाई जा रही इस इमारत के बेसमेंट में मिट्टी खिसकने के कारण पूरी बिल्डिंग का स्ट्रक्चर कमजोर हो गया, जिससे दीवारों और खंभों में गहरी दरारें पड़ गईं। स्थिति गंभीर होती देख आसपास के दुकानदारों और रहवासियों ने प्रशासन को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

सूचना मिलते ही प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आसपास की इमारतों और पूरे इलाके को एहतियातन खाली करवाया। नगर निगम, जेडीए और सिविल डिफेंस की टीमें मौके पर पहुंचीं। वहीं किसी भी बड़े हादसे को रोकने के लिए वहां से गुजरने वाले ट्रैफिक को भी तुरंत डायवर्ट कर दिया गया। बिल्डिंग को गिरने से बचाने के लिए प्रशासन ने दो बड़ी क्रेनें मंगवाईं और उनसे इमारत को सहारे दिया। तकनीकी विशेषज्ञों के अनुसार इन दोनों क्रेनों पर करीब 5 हजार टन का भार आ रहा था, जिसके सहारे बिल्डिंग को खड़ा रखा गया। अधिकारियों ने बताया कि समय रहते तकनीकी खामी का पता चल गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। फिलहाल जेडीए, नगर निगम और सिविल डिफेंस की संयुक्त टीम इमारत की जांच कर रही है। प्रारंभिक निरीक्षण में संरचना बेहद कमजोर पाई गई है। यदि आवश्यकता पड़ी तो पूरी इमारत को गिराने की कार्रवाई भी की जा सकती है। प्रशासन ने लोगों से क्षेत्र से दूर रहने और ट्रैफिक निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

---

### जसोल पहुंचे केंद्रीय मंत्री शेखावत ने श्री राजेश्वर भगवान मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में की शिरकत

## भारत सांस्कृतिक पुनर्जागरण के पथ पर : शेखावत

### पीएम मोदी के नेतृत्व में दुनिया में बढ़ी भारतीय संस्कृति की स्वीकार्यता

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर/बालोतरा।** केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तीव्र गति से सांस्कृतिक पुनर्जागरण की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन तभी स्थाई होगा, जब समाज और धार्मिक गुरु सामूहिक रूप से इसकी जिम्मेदारी उठाएंगे। शेखावत शनिवार को जसोल में आयोजित श्री राजेश्वर भगवान मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को संबोधित कर रहे थे।

मंत्री ने शिकारपुरा राजाराम आश्रम के गादीपति संत दयारामजी बापजी के चरणों में वंदन करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जब धर्म और विश्वास डगमगा रहे हैं, ऐसे समय में बापजी ने राजस्थान ही नहीं, पश्चिमी राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश और प्रवासी समाज की नई पीढ़ी को भी धर्म के मार्ग पर बनाए रखने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। शेखावत ने कहा कि पिछले 2000 वर्षों में सनातन संस्कृति को खत्म करने के प्रयास हुए, लेकिन हमारे पूर्वजों ने हर आक्रांता का डटकर सामना किया। विशेषकर पश्चिमी राजस्थान के जुझारू लोगों ने धर्म की ध्वजा को अक्षुण्ण रखने के लिए पीढ़ियां कुर्बान कीं।

---

## विवेक विहार में इंटरलॉकिंग टाइल्स का कार्य शुरू

### विधायक गोपाल शर्मा ने किया शिलान्यास

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** सिविल लाइंस क्षेत्र के वार्ड 50 में विकास कार्यों को गति देते हुए विधायक गोपाल शर्मा ने शनिवार को विवेक विहार स्थित संतोषी माता मंदिर से क्षेत्र में इंटरलॉकिंग टाइल्स एवं फुटपाथ निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। यह कार्य लगभग 30 लाख रुपए की लागत से करवाया जा रहा है।

कार्यक्रम में निवर्तमान पार्षद एवं चेयरमैन पवन शर्मा नटराज ने क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी देते हुए विधायक शर्मा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विधायक गोपाल शर्मा के मार्गदर्शन और सहयोग से वार्ड 50 में आधारभूत सुविधाओं का व्यापक विस्तार हुआ है।

इस अवसर पर विधायक गोपाल शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नए विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार करते समय क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों से परामर्श जरूर लिया जाए, ताकि हर वर्ग की आवश्यकता अनुसार योजनाएं बनाई जा सकें। उन्होंने कहा कि सिविल लाइंस क्षेत्र के सर्वांगीण और सर्वसमावेशी विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता अटूट है। प्रत्येक वार्ड में सुविधाओं का संतुलित विस्तार ही हमारी प्राथमिकता है। विधायक शर्मा ने क्षेत्रवासियों को स्वच्छता सर्वेक्षण में वार्ड 50 के लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और नगर निगम टीम के प्रयासों की सराहना की।

इस अवसर पर श्याम नगर मंडल महामंत्री मानवेंद्र सिंह, विवेक विहार पर्यावरण समिति के अध्यक्ष सुभाष शर्मा, वरिष्ठ नेता कबूल सिंह, मनमोहन कौशिक, उर्वेश सिंघल, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यालय मंत्री दीपक शर्मा सहित विभिन्न स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता, अधिकारी और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

---

## मालवीय नगर में नई पुलिया व सुरक्षा गेटों का शिलान्यास-लोकार्पण

**जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** विधायक कालीचरण सराफ ने वार्ड 126 के सेक्टर 6 और 15 को जोड़ने वाले नाले की नई पुलिया निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा ने बताया कि एक करोड़ रुपए की लागत से यह पुलिया बनाई जा रही है। वहीं विधायक कोष से सेक्टर 15 में लगाए गए छह सुरक्षा गेटों का भी सराफ ने लोकार्पण किया। स्थानीय लोगों व विकास समितियों ने सराफ का स्वागत कर आभार व्यक्त किया।



---

# जेसीबी ने तोड़ी सीएनजी पाइपलाइन, टला बड़ा हादसा

### कालवाड़ रोड की घटना, आधा घंटे तक रोका गया ट्रैफिक

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** कालवाड़ रोड पर शनिवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब बीसलपुर पानी की लाइन डालने के दौरान जेसीबी ने नीचे से गुजर रही सीएनजी पाइपलाइन को तोड़ दिया। पाइप टूटते ही गैस का हल्का रिसाव शुरू हो गया और देखते ही देखते आसपास के मकानों, दुकानों और सड़क पर मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। करधनी थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ना केवल भीड़ को दूर किया, बल्कि तत्काल गैस कंपनी के टेक्निकल अफसरों को सूचित कर गैस सप्लाई बंद करवाई, जिससे संभावित हादसा टल गया।

करधनी थाना क्षेत्र के इंस्पेक्टर सवाई सिंह के अनुसार झोटवाड़ा एसीपी ऑफिस के पास बीसलपुर प्रोजेक्ट के तहत पानी की सप्लाई लाइन डाली जा रही है। शनिवार सुबह करीब 11 बजे जेसीबी से सड़क किनारे खुदाई का काम किया जा रहा था। पानी की लाइन के नीचे समानांतर जा रही टोरेंट कंपनी की सीएनजी लाइन को मशीन ने अचानक काट दिया। पाइपलाइन टूटते ही तेज आवाज के साथ गैस का भारी दबाव बाहर आने लगा। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि कुछ ही क्षणों में गैस की तेज गंध फैल गई। एक दुकानदार ने बताया कि हमने पहले सोचा पास में किसी गाड़ी की सीएनजी लीकेज है, लेकिन गंध तेजी से बढ़ती गई। सड़क पर मौजूद लोग दूर हटने लगे और कुछ दुकानें तुरंत बंद कर दी गईं।

#### पुलिस की त्वरित कार्रवाई बनी राहत

लोगों का हंगामा बढ़ता देख करधनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। भीड़ को सुरक्षित दूरी पर भेजा गया और वाहनों को वैकल्पिक मार्ग से निकाला गया। पुलिस ने स्थिति संभालते हुए तुरंत गैस सप्लाई बंद करवाई। इसके कुछ ही मिनटों में कंपनी की तकनीकी टीम मौके पर पहुंची और टूटे हिस्से को ढंककर लीकेज रोकने के प्रयास किए। रिसाव रोकने में सबसे अधिक चुनौती पाइपलाइन में भरे गैस दबाव की थी, लेकिन टीम ने इसे कुशलता से नियंत्रित कर लिया।

#### आधे घंटे की मशक्कत के बाद हुआ सुधार

करीब आधे घंटे तक तकनीकी टीम ने सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत पाइपलाइन की रिपेयरिंग की। पहले गैस सप्लाई को पूरी तरह बंद किया गया, फिर लीकेज पॉइंट की खुदाई कर क्षतिग्रस्त हिस्से को बदला गया। दबाव स्थिर होने के बाद लाइन को फिर से जोड़ा गया और परीक्षण कर सप्लाई सामान्य की गई। पुलिस ने बताया कि समय रहते गैस बंद कर देने के कारण ना तो आग लगने जैसी स्थिति बनी और ना ही आसपास की दुकानों या घरों को किसी प्रकार का नुकसान हुआ।

#### हालात सामान्य होने पर खोला गया ट्रैफिक

गैस रिसाव के दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की आवाजाही रोक दी गई थी। इससे कालवाड़ रोड पर कुछ देर के लिए जाम जैसी स्थिति बन गई। हालांकि खतरा टलते ही पुलिस ने स्थिति सामान्य कराई और ट्रैफिक धीरे-धीरे सुचारु हो गया। हालांकि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन यह मामला नगर निगम, टोरेंट गैस और जलदाय विभागों के समन्वय पर सवाल खड़े करता है। अगर समय रहते सप्लाई बंद नहीं की जाती, तो यह मामूली पाइपलाइन टूटना एक बड़े विस्फोट और आगजनी में बदल सकता था।

---

### पापी पेट का सवाल है...



**जयपुर।** 'यही तो है जिंदगी'! पापी पेट प्रदेश ही क्यों देश भी छुड़ा देता है। कुछ ऐसा ही यहां राजधानी जयपुर में देखने में आया है, जहां मध्यप्रदेश के झाबुआ जिले के रहने वाले किशोर जगतपुरा क्षेत्र में किराए से रहकर निगम का हूपर चला अपनी जिंदगी का गुजारा कर रहे हैं। इनके साथ परेशानी यह है कि पत्नी भी इनके साथ ही काम करती है, जिसके चलते अपने 7 माह के बच्चे को हूपर के कैबिन में झोला बनाकर साथ रखना इनकी मजबूरी बन गई है। पत्नी हूपर पर घरों से डाले जाने वाले सूखे-गीले कचरे को अलग-अलग करने का काम करती है।

**फोटो स्टोरी-राजेश कुमार शर्मा**

### संविधान मूल्यों का केंद्र बनेगा 11 हजार वर्गमीटर में तैयार हो रहा पार्क, प्रधानमंत्री संग्रहालय की तर्ज पर होगा निर्माण

# कोटा में स्थापित होगी बाबा साहेब अंबेडकर की भव्य प्रतिमा, बनेगा विश्वस्तरीय संविधान पार्क

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर/कोटा।** संविधान शिल्पी बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 60 फीट ऊंची भव्य प्रतिमा जल्द ही कोटा में स्थापित की जाएगी। श्रीनाथपुरम स्थित करीब 11 हजार वर्गमीटर क्षेत्र में बनने वाले संविधान पार्क में यह प्रतिमा स्थापित होने जा रही है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के निर्देश पर केडीए ने निर्माण संबंधी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। महर्षि गौतम सर्किल के पास प्रस्तावित यह पार्क ज्ञान, विरासत, जागरूकता और राष्ट्रीय मूल्यों का प्रमुख केंद्र बनेगा। प्रतिमा के लिए 25 फीट ऊंचा पेडस्टल बनाया जाएगा, जिस पर 40 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित होगी। कुल ऊंचाई 65 फीट रहेगी।

पार्क में विश्वस्तरीय संविधान संग्रहालय भी बनाया जाएगा, जो दिल्ली स्थित प्रधानमंत्री संग्रहालय की तर्ज पर तैयार होगा। यहां वर्चुअल हेलिकॉप्टर राइड, पसंदीदा नेताओं के साथ वर्चुअल सेल्फी, एवी डिस्प्ले और इंटरएक्टिव स्क्रीन जैसी आधुनिक सुविधाएं होंगी।

**पेडस्टल में लिफ्ट, प्रेरक उद्धरण और भारतीय शिल्प का अनूठा मेल:** प्रतिमा के पेडस्टल का निर्माण बंसी पहाड़पुर के पत्थर से किया जाएगा, जिसमें भारतीय कला और स्थापत्य की झलक देखने को मिलेगी। पेडस्टल के भीतर सीढ़ियों के साथ 4-6 व्यक्तियों के लिए विशेष लिफ्ट लगाई जाएगी, जिससे आगंतुक ऊपर जाकर प्रतिमा को पुष्पांजलि अर्पित कर सकेंगे।

## बाबा साहेब के निर्वाण दिवस पर सीएम ने अर्पित की पुष्पांजलि



**मुख्यमंत्री ने** बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर हैप्पीनेस एवं फिटनेस ग्रुप की ओर से आयोजित कार्यक्रम में डॉ. अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने समता और न्याय का जो मार्ग दिखाया है, वह सदैव देश और समाज को प्रगति और सद्भाव की ओर अग्रसर करता रहेगा।

## लोकसभा अध्यक्ष बिरला आज कोटा दौरे पर

स्पीकर ओम बिरला रविवार को एक दिवसीय प्रवास पर कोटा आएंगे। वे सुबह 11 बजे शक्तिनगर स्थित कार्यालय में क्षेत्रवासियों से मुलाकात करेंगे। शाम 4 बजे महर्षि दत्तात्रेय जयंती कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद रात 7 बजे विज्ञान नगर में अखिल ब्राह्मण महासभा द्वारा आयोजित वरिष्ठजन सम्मान एवं अन्नकूट महोत्सव में भाग लेंगे।

## शास्त्री नगर में ड्रग आयुक्तालय की बड़ी कार्रवाई, 3.73 करोड़ का स्टॉक सीज



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** नकली दवाओं के नेटवर्क पर लगाम लगाने के तहत ड्रग आयुक्तालय ने शनिवार को शास्त्री नगर में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। कार्रवाई ड्रग आयुक्त टी. शुभमंगला और औषधि नियंत्रक अजय फाटक के निर्देशन में की गई। टीम ने शास्त्री नगर स्थित जीके एंटरप्राइजेज पर छापा मारकर करीब 3.73 करोड़ रुपए मूल्य का दवाओं का स्टॉक सीज किया। औषधि नियंत्रक अजय फाटक ने बताया कि यह फर्म नकली एवं गैर-मानक घोषित दवाओं टैबलेट विनसेट एल एवं एल्गीविन–एम की बिक्री में संलिप्त पाई गई, जो वाईएल फार्मा, बद्दी (हिमाचल प्रदेश) द्वारा निर्मित की गई हैं। पिछले दिनों नकली दवाओं के निर्माण व सप्लाई के मामले में चर्चाओं में आई वाईएल फार्मा से जीके एंटरप्राइजेज का कनेक्शन सामने आया था। इसी आधार पर ड्रग आयुक्तालय के जयपुर जोनल कार्यालय की विशेष टीम ने फर्म की गहन जांच शुरू की।

औषधि नियंत्रक अजय फाटक ने बताया कि जांच में यह तथ्य सामने आया कि फर्म के संविधान में छह साल पहले पार्टनरशिप बदलाव किया गया था, लेकिन नियमानुसार ना तो नया ड्रग लाइसेंस लिया और ना ही विभाग को इसकी सूचना दी गई। यह स्पष्ट रूप से ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट के प्रावधानों का उल्लंघन है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एडीसी जितेंद्र मीणा ने तत्काल फर्म का पूर्व लाइसेंस निरस्त कर दिया। साथ ही बगैर वैध लाइसेंस के कारोबार करने पर मुकदमा दर्ज किया और मौके पर मौजूद संपूर्ण दवा स्टॉक को सीज कर लिया गया।

### मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण

# 100 फीसदी डिजिटाइजेशन कर देश का पहला राज्य बना राजस्थान

### केवल 3 फीसदी मतदाताओं के लिए दस्तावेजों की आवश्यकता

### ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन 16 दिसंबर को

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत राज्य में मतदाता सूची का 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूरा हो गया है। ऐसा करने वाला राजस्थान देश का पहला राज्य बन गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने इस उपलब्धि को 'टीम राजस्थान की सामूहिक विजय' बताते हुए कहा कि गांवों से लेकर शहरी क्षेत्रों तक बीएलओ, सहायक कार्मिकों, पर्यवेक्षकों, एईआरओ, ईआरओ, उप जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों ने अभूतपूर्व समर्पण और दक्षता के साथ कार्य कर यह उपलब्धि हासिल की है। अब ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन 16 दिसंबर को किया जाएगा। महाजन ने बताया कि राज्य ने मतदाता मैपिंग के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। कुल मतदाताओं में से 97 फीसदी से अधिक का मैपिंग कार्य पूर्ण हो चुका है। यानी केवल 3 फीसदी मतदाताओं को ही दावे-आपत्ति चरण में दस्तावेज प्रस्तुत करने हैं। औसतन प्रति बूथ 1000 मतदाताओं में लगभग 30 ऐसे होंगे, जिन्हें दस्तावेज देने की आवश्यकता होगी। उन्होंने बताया कि उच्च स्तरीय मैपिंग से प्रक्रिया अत्यंत सरल एवं पारदर्शी बनती है तथा मतदाताओं को बार-बार दस्तावेज प्रस्तुत करने से राहत मिलती है।

**माइक्रो मैनेजमेंट, टीम भावना और तकनीक-सफलता के तीन सूत्र:** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन इसे 'टीम राजस्थान' की जीत बताते हैं। गांव से लेकर शहर तक, बीएलओ से लेकर एईआरओ तक, और जिला निर्वाचन अधिकारियों से लेकर स्वयंसेवकों तक—हर स्तर पर एकजुटता और सतत निगरानी ने इस उपलब्धि को संभव बनाया। दिन-रात मेहनत कर रहे कार्मिकों, विशेषकर बीएलओ और ग्राम पंचायत स्तर के कर्मचारियों ने जिस निष्ठा से कार्य किया, वह इस उपलब्धि का मूल कारण बना।

### मतदाताओं का जताया आभार

**महाजन ने** राज्य के सभी मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 में प्राप्त राजस्थान की यह ऐतिहासिक उपलब्धि तभी संभव हो सकी, क्योंकि प्रदेश के नागरिकों ने पूर्ण सहयोग, जागरूकता और जिम्मेदारी का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि सत्यापन प्रक्रिया में समय पर सहभागिता, आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने और पुनरीक्षण कार्य में धैर्यपूर्वक साथ देने के लिए मतदाता विशेष धन्यवाद के पात्र हैं।

### विशेष पुनरीक्षण की समय-सारणी

**ड्राफ्ट** मतदाता सूची का प्रकाशन : 16 दिसंबर

**दावे** एवं आपत्तियां दाखिल करने की अवधि : 16 दिसंबर से 15 जनवरी 2026

**नोटिस** चरण (सुनवाई एवं सत्यापन) एवं दावों-आपत्तियों पर निर्णय : 16 दिसंबर से 7 फरवरी तक

**अंतिम** मतदाता सूची का प्रकाशन : 14 फरवरी 2026

### विशेष अभियान के तहत जागरुकता कार्यक्रम

## 'न्याय आपके द्वार' कल आमेर में

### लोक उपयोगिता समस्याओं का होगा तुरंत समाधान

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 'न्याय आपके द्वार-लोक उपयोगिता समस्याओं का सुलभ और त्वरित समाधान' विशेष अभियान के अंतर्गत आमेर के नवलखा स्टेडियम में 8 दिसंबर को विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर द्वितीय की सचिव पल्लवी शर्मा ने बताया कि रालसा की ओर जारी निर्देशों के अनुसार यह कार्यक्रम आमजन को स्थाई लोक अदालत तथा विधिक सेवा प्राधिकरणों की ओर से उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं की जानकारी देने के लिए आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आमजन अपनी समस्याओं से संबंधित वाद जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से स्थायी लोक अदालत में प्रस्तुत कर सकते हैं। स्थाई लोक अदालत एक न्यायिक संस्था है, जहां लोक उपयोगी सेवाओं जैसे बिजली, पानी, परिवहन, बैंकिंग व बीमा, नगर निकाय, स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास एवं भू-सम्पदा, एलपीजी सेवाएं आदि से जुड़े मामलों की सुनवाई की जाती है। शर्मा ने स्पष्ट किया कि स्थायी लोक अदालत में लंबी न्यायिक प्रक्रिया या जटिल साक्ष्यों की जरूरत नहीं होती। यहां दोनों पक्षों की आपसी सुलह-समझौते के माध्यम से त्वरित समाधान प्रदान किया जाता है। यदि कोई सरकारी उपक्रम या जन उपयोगी सेवा अपने दायित्वों का निर्वहन करने में असफल रहती है, तो स्थायी लोक अदालत एक सरल, सुलभ और किफायती न्यायिक विकल्प प्रदान करती है। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान रालसा के निर्धारित प्रारूप में शिकायतें सीधे व्हाट्सएप नंबर पर भी की जा सकती हैं।

## संस्कृत ओलम्पियाड की अंतिम तिथि 10 दिसम्बर

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय दिल्ली और लिटिल गुरु' के सहयोग से ऑनलाइन तृतीय संस्कृत ओलम्पियाड 2025 का आयोजन किया जा रहा है। संस्कृत भाषा, भारतीय ज्ञान-परम्परा और सांस्कृतिक विरासत के प्रसार के लिए यह राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता विद्यार्थियों एवं समाज के विभिन्न वर्गों को संस्कृत से दोबारा जोड़ने का माध्यम बन रही है। संयोजक डॉ. योगेन्द्र दीक्षित ने बताया कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य संस्कृत को केवल अध्ययन की भाषा न रखकर व्यवहार, विज्ञान, तकनीक और आधुनिक संवाद की भाषा के रूप में प्रतिष्ठित करना है। मुख्य संयोजिका डॉ. अमृता कौर ने कहा कि यह ओलम्पियाड संस्कृति, साहित्य, विज्ञान और भारतीय ज्ञान प्रणाली से जन-जन को जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। ओलम्पियाड के लिए पंजीकरण का अंतिम अवसर 10 दिसम्बर है। इसके लिए एक लिंक भी दिया गया है। इस ओलम्पियाड में कक्षा 6 से विद्यावारिधि तक के विद्यार्थी, शोधार्थी, शिक्षक तथा सामाजिकजन, संस्कृत प्रेमी भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता पूरी तरह से ऑनलाइन होगी, जिससे देश-विदेश के प्रतिभागी आसानी से इससे जुड़ सकेंगे। परीक्षा का आयोजन जनवरी 2026 में होगा। इस ओलम्पियाड के विजेताओं का राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान किया जाएगा।

### कांग्रेस की दिल्ली में महारैली की तैयारियों को लेकर बैठक

# प्रदेश से 50 हजार कार्यकर्ताओं को ले जाने का लक्ष्य





महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** कांग्रेस की दिल्ली में 14 दिसम्बर को प्रस्तावित 'वोट चोर-गद्दी छोड़' महारैली की तैयारियों को लेकर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय, जयपुर में शनिवार को महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द डोटासरा ने विधायकों, जिला प्रभारियों तथा विभाग एवं प्रकोष्ठों के प्रदेशाध्यक्षों के साथ बैठक कर राजस्थान से अधिकतम संख्या में नेताओं व कार्यकर्ताओं की रैली में उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत निर्देश दिए। डोटासरा ने सभी विधानसभा क्षेत्रों से अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को दिल्ली पहुंचाने पर जोर देते हुए निर्देश दिया कि आगामी तीन दिवस में रैली के लिए जाने वाले कार्यकर्ताओं की सूची, फोन नम्बर व वाहनों के रजिस्ट्रेशन नम्बर कांग्रेस वॉर रूम को भेजे जाएं। उन्होंने बताया कि राजस्थान से करीब 50 हजार नेता व कार्यकर्ता महारैली में शामिल होंगे और प्रदेश की उपस्थिति सर्वाधिक रहेगी। दिल्ली के समीपवर्ती जिलों से कार्यकर्ताओं को 14 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे तक दिल्ली पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं।

मण्डल व ब्लॉक अध्यक्ष वाहनों के माध्यम से अपने क्षेत्रों से जत्थों को दिल्ली लेकर जाएंगे तथा मार्ग में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा स्थापित चैक पोस्ट पर वाहनों का पंजीयन किया जाएगा।

### 'मैं भी जेल जाने के लिए तैयार, सबूत तो लाओ'

**डोटासरा ने** सीएम के बयान, 'पूर्व मंत्रियों के जेल जाने की होड़ मची हुई है', पर कहा कि मैं भी मंत्री था, मेरे खिलाफ सबूत लाओ, तैयार हूं जेल जाने के लिए। ईडी की जांच करवा ली, क्या निकला?

### प्रवासी राजस्थानी दिवस की तैयारियां

## डीएलबी निदेशक व निगम आयुक्त ने लिया सफाई व्यवस्था का जायजा

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** जयपुर में 10 दिसंबर को आयोजित किए जाने वाले प्रवासी राजस्थानी दिवस की तैयारियों को लेकर शनिवार को डीएलबी निदेशक प्रतीक जुईकर एवं डॉ. गौरव सैनी ने शहर की सफाई व्यवस्था और सौंदर्यकरण के कार्यों का जायजा लिया। दोनों अधिकारियों ने जेएलएन मार्ग से दौरा शुरू किया। इसके बाद वे मोती डूंगरी गणेश मंदिर, सांगानेर, चौड़ा रास्ता, आमेर होते हुए जलमहल की पाल पर पहुंचे। जलमहल की पाल पर चल रहे कार्यों का निरीक्षण भी किया। जलमहल की पाल पर चल रहे रंग-रोगन कार्य, जालियों की मरम्मत कार्य एवं सफाई अभियान का निरीक्षण किया। इंजीनियर विंग को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त प्रवीण कुमार, जोन उपायुक्त सीमा चौधरी, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्रवण वर्मा, अधीक्षण अभियंता किशनलाल मीणा सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को अवैध बैनर, पोस्टर हटाने, निराश्रित गायों को हिंगोनिया गौशाला भेजने के निर्देश दिए।

## जेएनयू ने किया कीर्तिमान स्थापित

### गवर्नेंस एवं स्ट्रक्चर में प्लैटिनम सुविधाओं में डायमंड व गोल्ड रेटिंग

महानगर टाइम्स संवाददता



**जयपुर।** जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी ने घोषणा की कि प्रतिष्ठित उच्च शिक्षा रेटिंग संगठनों में से एक क्यूएस ने विश्वविद्यालय को गवर्नेंस एवं स्ट्रक्चर में प्लैटिनम रेटिंग, सुविधाओं में डायमंड रेटिंग तथा गोल्ड रेटिंग प्रदान की है। यह रेटिंग विभिन्न शैक्षणिक और परिचालन मानकों पर जेएनयू के उत्कृष्ट प्रदर्शन को दर्शाती है।

विभिन्न श्रेणियों में जेएनयू का प्रदर्शन उत्कृष्टता और सभी मानदंडों पर मजबूत प्रदर्शन के लिए प्रतिबद्ध एक अग्रणी विश्वविद्यालय के रूप में इसकी बढ़ती प्रतिष्ठा को पुष्ट करता है। इसने शिक्षण एवं अधिगम, संकाय गुणवत्ता, विविधता एवं सुगम्यता के लिए गोल्ड रेटिंग के अलावा शासन एवं संरचना के लिए प्लैटिनम रेटिंग और सुविधाओं के लिए डायमंड रेटिंग प्राप्त की है। क्यूएस को लंबे समय से कठोर, शोध आधारित कार्यप्रणाली और तुलनात्मक डेटा ढांचे विकसित करने के लिए जाना जाता है जो उच्च शिक्षा संस्थानों की ताकतऔर वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को उजागर करते हैं। घोषणा पर प्रतिक्रिया देते हुए चांसलर डॉ. संदीप बक्शी ने कहा कि क्यूएस द्वारा गोल्ड रेटिंग प्राप्त करना हमारे लिए सम्मान की बात है। यह उपलब्धि वैश्विक स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में जेएनयू की मजबूत उपस्थिति को एक बार फिर सिद्ध करती है। यह हमारी निरंतर शैक्षणिक कठोरता, बहुविषयक शिक्षण पद्धति, विश्वस्तरीय फैकल्टी, शोध आधारित अकादमिक उत्कृष्टता, सामुदायिक सहभागिता और नवाचारपूर्ण शिक्षण तरीकों का परिणामहै। यह इस बात का प्रमाण है कि ज्ञान समाज के निर्माण की दिशा में उत्कृष्टता की निरंतर खोज में भारत कितना आगे बढ़ सकता है। डॉ. बक्शी ने प्रो. चांसलर एचएन वर्मा, प्रो. चांसलर (मेडिकल) डॉ. सुनील भंडारी, वाइस चांसलर प्रो. आरएल रैना, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. प्रीति बक्शी, रेक्टर प्रो. दिव्या श्रीवास्तव, सभी संकाय सदस्यों और छात्रों को इस प्रतिष्ठित उपलब्धि में उनके सामूहिक योगदान और समर्पण के लिए बधाई दी। उत्कृष्टता की अपनी निरंतर यात्रा को आगे बढ़ाते हुएए उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि टीम अगले मूल्यांकन चक्र में सबसे उच्च क्यूएस रेटिंग हासिल करेगी।

### सड़क, पेयजल, खेल और सामुदायिक सुविधाओं के विकास में आएगी तेजी

# केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने किशनगढ़बास को दी 125 करोड़ की सौगात

### खैरथल-तिजारा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर विकास कार्यों का शुभारंभ

महानगर टाइम्स संवाददाता




**जयपुर/खैरथल-तिजारा।** केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने शनिवार को किशनगढ़बास क्षेत्र में 125 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में सड़क निर्माण, पेयजल सप्लाई, डेयरी विकास, खेल सुविधाओं, गौशाला निर्माण और सामुदायिक भवनों सहित कई आधारभूत कार्य शामिल हैं। मंत्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में विकास की रफ्तार और तेज हुई है। उन्होंने डेयरी सेक्टर को मजबूत करने के लिए अलवर डेयरी को 350 करोड़ के नए संयंत्र की स्वीकृति की जानकारी दी। ग्रामीण महिलाओं के लिए एसएचजी को बढ़ावा, कोऑपरेटिव बैंक को मजबूत करने और गांवों में ई-लाइब्रेरी व खेल मैदानों के विस्तार पर भी उन्होंने जोर दिया।

चार करोड़ की लागत से बने पं. दीनदयाल उपाध्याय बस स्टैंड का उद्घाटन कार्यक्रम की प्रमुख उपलब्धि रहा। वहीं 201 लाख से अधिक लागत के एमआरएफ प्लांट, 110 लाख की जल संरचनाओं, पेयजल योजनाओं और जल जीवन मिशन की कई परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। सार्वजनिक निर्माण विभाग के तहत करीब 25 से अधिक सड़कों के चौड़ाईकरण एवं नवीनीकरण कार्यों का शिलान्यास-लोकार्पण किया गया, जिन पर कुल करोड़ों रुपए व्यय होंगे। मंत्री ने किशनगढ़-खैरथल बाईपास को फोरलेन करने पर भी सकारात्मक आश्वासन दिया।

### योजनाओं के तहत आर्थिक सहायता और सड़क विकास को मिली रफ्तार



**मंत्री यादव** ने बुढ़ी बावल स्थित पीएससी का उद्घाटन किया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 के तहत 211 लाभार्थियों को 301.50 लाख रुपए तथा पीएमएवाई 2.0 में 399 लाभार्थियों को 253 लाख रुपए की सहायता राशि वितरित की गई। स्वनिधि योजनाओं के तहत भी 222 से अधिक लाभार्थियों को ऋण सहायता दी गई। नगरपालिका क्षेत्र में 297 पट्टों और गाड़िया लोहार योजना में 61 भूखंडों का वितरण किया गया।

### छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण निशुल्क शिक्षा विद्यालय का लक्ष्य, जिज्ञासा-आलोचनात्मक चिंतन और स्व-निर्देशित सीखने को विकसित करना

# दिगंतर विद्यालय: बच्चों में लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास सर्वोपरि

### वर्ष 1978 में 7 बच्चों से एक छोटे से स्कूल के रूप में हुई थी शुरुआत

महानगर टाइम्स संवाददाता




**बस्सी।** एक ऐसा विद्यालय, जहां बच्चों में लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास सर्वोपरि माना जाता है, जहां उन्हें अपनी बात कहने की स्वतंत्रता है, परीक्षा का कोई दबाव नहीं होता और सीखना केवल समझ पर आधारित होता है।

ऐसा ही एक अनोखा विद्यालय है दिगंतर विद्यालय, जिसके प्रोग्रामर कोऑर्डिनेटर हेमंत शर्मा ने बताया कि विद्यालय विद्यालय की शुरुआत वर्ष 1978 में 7 बच्चों से एक छोटे से स्कूल के रूप में हुई। यह विद्यालय उस समय कर्नाटक राज्य के नीलबाग स्थान पर स्कूल चला रहे डेविड हॉसब्रा के शैक्षिक दर्शन से प्रेरित होकर शुरू किया गया था। विद्यालय का मुख्य उद्देश्य ऐसा विद्यालय बनाना था, जहां बच्चे बिना भय और स्वतंत्र रूप से सीख सकें। विद्यालय का लक्ष्य जिज्ञासा, आलोचनात्मक चिंतन और स्व-निर्देशित सीखने को विकसित करना रहा है, ताकि बच्चे जीवन और अपने आस-पास की दुनिया को समझ सकें।

वर्तमान में यह विद्यालय राजधानी जयपुर शहर के पास कानोता से 5 किलोमीटर दूर खातीपुरा रेलवे स्टेशन रोड के पास स्थित है, जिसमें 208 बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा निशुल्क मुहैया कराई जा रही है। प्रार्थना की जगह बच्चे सभा में विभिन्न प्रकार की रचनात्मक गतिविधियां करते हैं, जैसे गीत-कविताएं, कहानियां, नाटक आदि के साथ आस-पास की जगह पर स्वस्थ भारत सहित अन्य एक्टिविटीज कराई जाती है।

#### विद्यालय की मुख्य बातें

- पाठ्यचर्या और शिक्षण-पद्धति इस स्कूल को अन्य विद्यालयों की तुलना में अलग बनाती है। देश-विदेश से लोगों को यहां आने के लिए प्रेरित करती है।
- दिगन्तर की शिक्षण-पद्धति इस विश्वास पर आधारित है, ज कि भय और दंड से मुक्त होकर सीखना होना चाहिए। विद्यालय का मुख्य ध्यान बच्चे 'सीखना कैसे सीखें' के साथ-साथ उन्हें स्वतंत्र, विचारशील व जिम्मेदार व्यक्ति के रूप में तैयार करने पर जोड़ दिया जाता हैं।
- यहां बच्चों के अनुभवों को सीखने में काम लेना, संवाद और आत्मचिंतन को महत्व दिया जाता है, जिससे बच्चे प्रश्न पूछें, खोजें और अपने अनुभवों को समझें।
- समग्र विकास के लिए लकड़ी का काम, मिट्टी से मॉडल बनाना, पेपर-मैशी, पेंटिंग, ड्राइंग, सिलाई, प्लंबिंग, संगीत, नृत्य और नाटक जैसी गतिविधियों को पाठ्यचर्या में सधे हुए तरीके से शामिल किया जाता है।

#### विद्यालय की विशेष उपलब्धियां

पिछले चार दशकों में दिगन्तर विद्यालय में 4,200 से अधिक बच्चों को निशुल्क शिक्षा दी जा रही है। विद्यालय की सतत उपस्थिति ने समुदाय में विश्वास पैदा किया है और शिक्षा के प्रति दृष्टिकोण बदले हैं। अब इन क्षेत्रों की लड़कियां अपनी स्कूली शिक्षा ही पूरी नहीं करतीं, बल्कि विश्वविद्यालय स्तर तक की शिक्षा में भी अपनी पहुंच बना चुकी हैं। शिक्षा के साथ-साथ वे शिक्षण, खेल तथा जिम्मेदार अभिभावक बनने जैसे विविध मार्ग चुनती हैं, जो अगली पीढ़ी की शिक्षा को भी आगे बढ़ाती हैं। यह विद्यालय बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराने के साथ-साथ विद्यालय शिक्षण-अध्ययन के क्षेत्र में एक लर्निंग साइट और रिसोर्स सेंटर के रूप में भी कार्य करता है। हर वर्ष 500-600 शिक्षा-कर्मी तथा दिल्ली के प्रतिष्ठित बी.एल.एड. कॉलेजों से भावी शिक्षिकाओं के समूह यहां आकर दिगन्तर की शिक्षण अधिगम प्रक्रियाओं को देखते और सीखते हैं। यह उनके पाठ्यक्रम के हिस्से के रूप में है।

#### अभिभावकों की पृष्ठभूमि और समुदाय की भागीदारी

यह विद्यालय शुरुआत से ही वंचित समुदायों के बच्चों को निशुल्क, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता रहा है, विशेषकर उन जगहों पर जहां परंपरागत रूप से महिलाओं में साक्षरता का स्तर कम रहा है और कम उम्र में विवाह तथा शिक्षा तक सीमित पहुंच जैसी चुनौतियां रही हैं। दिगन्तर के अधिकांश बच्चे आर्थिक और सामाजिक रूप से वंचित परिवारों से आते हैं। अधिकतर के माता-पिता मुख्यतः दैनिक मजदूरी, ड्राइविंग, पत्थर काटने, प्लंबिंग, सिलाई, कढ़ाई, हस्तशिल्प और व चिनाई तथा मरम्मत का कार्य करते हैं। दिगन्तर विद्यालय ने शुरू से ही यह माना है कि विद्यालय समुदाय का हिस्सा है, इसलिए विद्यालय की यात्रा समुदाय की भागीदारी से गहराई से जुड़ी रही है। शुरुआती वर्षों में विद्यालयों को इमारत या कक्षाओं की कमी जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। पूर्व में कुछ वर्षों तक विद्यालय पेड़ की छाव तले चला। स्थानीय लोगों ने अपने घरों में बच्चों को पढ़ाने के लिए स्थान उपलब्ध कराया और समुदाय ने ही विद्यालय का शुरुआती भवन, जो कि गोबर-मिट्टी से लीपकर छप्पर की छत से बना हुआ था, उसके निर्माण में श्रम और आर्थिक सहयोग दिया। समय के साथ विद्यालय का विस्तार हुआ और भवन तैयार किया गया। आज संस्था का यह विद्यालय अपनी जमीन पर स्थित है, जबकि दूसरा विद्यालय-खो रैबारियान विद्यालय समुदाय के लोगों द्वारा अनुदानित भूमि पर जीवंत सामुदायिक विद्यालय के रूप में संचालित है, जिसे अब राज. सरकार द्वारा औपचारिक मान्यता प्राप्त है।

## भगवान मल्लिनाथ का ज्ञान कल्याणक महोत्सव मनाया



महानगर टाइम्स संवाददाता

**फागी।** कस्बे सहित परिक्षेत्र के जिनालयों में शनिवार को जैन धर्म के 19वें तीर्थंकर भगवान मल्लिनाथ का ज्ञान कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने अवगत कराया कि कस्बे के चंद्रपुरी जिनालय में प्रातः श्री जी का अभिषेक, सामूहिक शांतिधारा करने बाद अष्टद्रव्यों से पूजा अर्चना कर जैन धर्म के 19वें तीर्थंकर देवाधिदेव भगवान मल्लिनाथ का ज्ञान कल्याणक महोत्सव का जयकारों के साथ सामूहिक रूप से अर्घ्य चढ़ाकर सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई। इस अवसर पर चंद्रपुरी समाज के संरक्षक चंपालाल जैन, मंदिर समिति के अध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार झंडा, सुरेश गंगवाल, बाबूलाल, अशोक नला, पवन गंगवाल, सुनील बजाज, महिला मंडल की मैना झंडा, मैना नला, गीता नला, संतरा बजाज सहित कई श्रावक-श्राविकाएं मौजूद रहे।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमरदीन फकीर ने संभाला पदभार




महानगर टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** गत दिनों प्रदेश कांग्रेस द्वारा घोषित जैसलमेर जिलाध्यक्ष अमरदीन फकीर की शनिवार को वरिष्ठ नेताओं और समर्थकों की उपस्थिति में ताजपोशी हो गई। अमरदीन फकीर ने शनिवार दोपहर 12 बजे अपने नए पद का कार्यभार ग्रहण किया। यह जैसलमेर जिले में कांग्रेस के लिए पहला मौका है, जब कांग्रेस अध्यक्ष का पदभार ग्रहण समारोह हजारों समर्थकों की उपस्थिति में हुआ। इस दौरान सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल, बायतु विधायक हरीश चौधरी, पूर्व कैबिनेट मंत्री सालेह मोहम्मद, जोधपुर कांग्रेस नेता कारनसिंह उच्चियादा, पूर्व विधायक रूपाराम धनदे, पदमाराम मेघवाल, मुल्तानाराम बारूपाल, जानब खान, अंजना मेघवाल, हुसैन फकीर, मुराद फकीर, अशोक तंवर, बाड़मेर बालोतरा के नव नियुक्त कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मण गोदारा, प्रियंका मेघवाल सहित कई चर्चित चेहरे समारोह उपस्थित रहे। सांसद बेनीवाल, हरीश चौधरी, सालेह मोहम्मद सहित वरिष्ठ नेताओं ने अमरदीन फकीर को कार्यभार ग्रहण कराया।

## बिशनगढ़ में शनि देव महाराज की मूर्ति स्थापना एवं पौषबड़ा महोत्सव सम्पन्न



महानगर टाइम्स संवाददाता

**बिशनगढ़।** ग्राम बिशनगढ़ में शनि देव महाराज की मूर्ति स्थापना और पौषबड़ा महोत्सव का आयोजन धूमधाम और धार्मिक उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। ग्रामीणों के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में विधि-विधान अनुसार पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम के तहत सत्संग का आयोजन किया गया, जिसमें गायक कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुतियों से पूरे बिशनगढ़ को भक्ति एवं संगीत के रंग में रंग दिया। महोत्सव के दौरान पंगत प्रसादी का भी आयोजन हुआ, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने ससम्मान प्रसादी ग्रहण की। श्रद्धालुओं ने शनि देव महाराज के धोक लगाकर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति की अर्जी भी लगाई।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया

महानगर टाइम्स संवाददाता




**सीकर।** महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षण संस्थान, सीकर में सावित्री बाई फुले महिला महाविद्यालय, सीकर एवं आरएचआरडी फाउंडेशन, जयपुर (जिला-सीकर) के संयुक्त तत्वावधान में भारत के संविधान के मुख्य शिल्पकार बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम मुख्य वक्ता डॉ. सुभाष कुंतल, सहायक आचार्य विधि महाविद्यालय, सीकर, डॉ. आरसी मीणा सहायक कुलसचिव पं. दीनदयाल उपाध्याय, विश्वविद्यालय और डॉ. मुनेश सहायक आचार्य विधि महाविद्यालय, सीकर का संस्थान सचिव डॉ. ओपी सैनी ने दुपट्टा ओढ़ाकर व प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मान किया।

मुख्य वक्ता डॉ. सुभाष कुंतल ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर, जिन्होंने न केवल इतिहास लिखा, बल्कि उसको जिया भी, जिन्होंने न केवल संविधान बनाया, बल्कि नया संविधान गढ़ा, जिन्होंने न केवल अपने लिए रास्ता बनाया, बल्कि लाखों लोगों के लिए मिसाल बने। डॉ. कुंतल ने बताया कि भीमराव अंबेडकर ने प्रारूप समिति के अंतिम भाषण में कहा था संविधान चाहे कितना भी उत्तम क्यों ना हो, अगर उसे लागू करने वाले लोग अच्छे नहीं होंगे, तो संविधान सफल नहीं होगा। उन्होंने एकता, अखंडता, सामाजिक, लोकतंत्र, स्वतंत्रता, समानता, समरसता, बंधुत्वता जैसे शब्दों पर जोर देते हुए सामाजिक चेतना को राष्ट्रीय चेतना की ज्योति बतलाया। विशिष्ट अतिथि डॉ. आर.सी. मीणा, जिलाध्यक्ष राजस्थान हुमन रिसोर्स डवलपमेंट फाउंडेशन जयपुर ने भीमराव अंबेडकर के मूल विचारों से अवगत कराते हुए सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## 'अंबेडकर ने अत्याचार, जुल्म, शोषण के खिलाफ उठाए कदम'



**नीमकाथाना।** बहुजन समाज पार्टी जिला सीकर के तत्वाधान में शनिवार दोपहर 12.15 बजे नीमकाथाना विधानसभा अध्यक्ष मोजीराम की अध्यक्षता में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर परिनिर्वाण दिवस पर एक निजी होटल में आयोजित कार्यक्रम में पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सैनी रहे। उन्होंने बाबा साहेब के जीवन संघर्ष के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि ज्योतिबा फुले के विचारों को भीमराव अंबेडकर ने संविधान में स्थापित करने का कार्य किया।

जिला प्रभारी रमेश महरानियां ने बताया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर अंग्रेजों से बहुजन समाज के लिए हक मांगकर लेकर आते, वहीं कांग्रेस ने हमेशा ही हमारे हक, अधिकारों को खत्म करने का काम किया। बहुजन समाज के साथ हजारों सालों से हो रहे अत्याचार, शोषण, जुल्म को कम करने के लिए भीमराव अंबेडकर दो मताधिकार कानून बनाकर लाए, लेकिन गांधी और कांग्रेस ने जमकर विरोध किया। इस अवसर पर शिवचंद फंडा पूर्व अध्यक्ष बसपा ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर रामचन्द्र सैनी, बनवारीलाल खंडेलवाल विधानसभा प्रभारी, रामबक्श वर्मा विधानसभा सचिव, मोहनलाल भूपेश, रामेश्वरलाल वर्मा, बद्रीप्रसाद वर्मा, जितेंद्र सैनी, रामनिवास सैनी, राकेश सैनी सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 'बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर: शैक्षिक अवदान' पुस्तक भेंट



**सीकर।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के निर्वाण दिवस पर शनिवार को एबीआरएसएम राजस्थान (उच्च शिक्षा) की ओर से संगठन के प्रदेश अतिरिक्त महामंत्री डॉ. अशोक कुमार महला ने पं. दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर के पुस्तकालय प्रभारी तथा सहायक कुलसचिव (संपदा) कन्हैयालाल जांगिड़ को विश्वविद्यालय के पुस्तकालय के लिए शैक्षिक फाउंडेशन द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर:शैक्षिक अवदान' भेंट की। डॉ. महला ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों और विद्यार्थियों को हनुमानसिंह राठौड़ द्वारा लिखित इस पुस्तक की जानकारी देते हुए कहा कि पुस्तकालय से सभी को इस पुस्तक को प्राप्त करके पढ़ना चाहिए। इससे बाबा साहेब के बारे में तथ्यात्मक जानकारी हर विद्यार्थी को मिलेगी। इस अवसर पर शेखावाटी विवि के डॉ. आर.एस. चुंडावत (जूलॉजी) और डॉ. महेशचंद गुप्ता (पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग) सहित अनेक विद्यार्थी व शिक्षक उपस्थित रहे।

## अंबेडकर की पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि

**धनाऊ।** धनाऊ कस्बे के अंबेडकर सर्किल पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। बड़ी संख्या में लोगों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम संयोजक विष्णु कागा ने बताया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर के आदर्श आज भी समाज को दिशा प्रदान कर रहें हैं। उनके



दिखाए मार्ग पर चलना समय की जरूरत है। इस अवसर पर लक्ष्मण सोलंकी सेवानिवृत्त उप निदेशक शिक्षा विभाग, समाज सेवी विष्णु कागा, पूर्व सरपंच श्रीरामवाला विरधाराम मेघवाल, गौतम सोलंकी, रक्षित पंवार, लुंगाराम पंवार, शेभुराम सोलंकी सहित कई ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

### श्रीमाधोपुर बार संघ की चुनाव प्रक्रिया शुरू

## 6 पदों के लिए 13 ने जताई उम्मीदवारी



महानगर टाइम्स संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** अभिभाषक संघ श्रीमाधोपुर के वार्षिक चुनाव 12 दिसंबर को होंगे। इन चुनावों में 6 पदों के लिए मतदान होगा, जिसमें 172 अधिवक्ता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चुनाव समिति के अध्यक्ष एडवोकेट झाबरमल जाजोद ने बताया कि नामांकन प्रस्तुत करने के अंतिम दिन शनिवार तक 6 पदों के लिए 13 वकीलों ने अपने उम्मीदवारी जताई है। अध्यक्ष पद के लिए झाबरमल बिजारणिया, श्रवण कुमार यादव व अनिल कुमार महर्षि, उपाध्यक्ष पद के लिए सुरेश कुमार लांबा व शंकरलाल सैनी, महासचिव पद के लिए धर्मेंद्र कुमार गुर्जर व धर्मेंद्र सिंह सामोता, संयुक्त सचिव पद के लिए रामकिशन सैनी व अली मोहम्मद, कोषाध्यक्ष पद के लिए सुभाष यादव व दीपेंद्र कुमार भारद्वाज तथा पुस्तकालय अध्यक्ष पद के लिए प्रकाशचंद्र मूड व रामकिशन सैनी ने नामांकन पत्र प्रस्तुत किए हैं।

सोमवार को नामांकन पत्रों की जांच कर शाम 5 बजे तक अंतिम सूची जारी कर दी जाएगी। आवश्यक होने पर संघ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष, पुस्तकालयाध्यक्ष 6 पदों के लिए 12 दिसंबर को सुबह 9 से शाम 3 बजे तक मतदान होगा। मतदान के बाद, उसी दिन दोपहर 3:30 बजे से मतों की गणना की जाएगी और परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।

### सीकर में एबीवीपी की ओर से कई स्थानों पर संगोष्ठियों का आयोजन

# शिक्षण संस्थानों में दिया सामाजिक समरसता का संदेश

महानगर टाइम्स संवाददाता

**सीकर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा सामाजिक समरसता दिवस के उपलक्ष्य में सीकर शहर के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में विचार संगोष्ठियों, प्रेरक सत्रों एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में सैकड़ों छात्र-छात्राओं, कार्यकर्ताओं एवं शिक्षकों ने भाग लिया और सामाजिक समरसता, समानता एवं संवैधानिक मूल्यों पर विचार साझा किए।



#### आदर्श पब्लिक स्कूल

आदर्श पब्लिक स्कूल में आयोजित संगोष्ठी के मुख्य अतिथि डॉ. धर्मेंद्र चौधरी, प्रांत उपाध्यक्ष ने कहा कि युवा पीढ़ी समाज में समानता, भाईचारे और सौहार्द्र की मजबूत कड़ी है। संविधान के समरसता संबंधी मूल्यों को जीवन में उतारना समय की आवश्यकता है। डायरेक्टर मंजु हुड्डा ने शिक्षा के माध्यम से समरसता विकसित करने पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि रघुवीर सिंह, चेयरमैन एपीएस स्कूल, उपस्थित रहे। जिला संयोजक दीपिका भारद्वाज ने आभार व्यक्त किया। संचालन सत्येंद्र योगी ने किया।

#### राजकीय कला महाविद्यालय, कटरथल

डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर सामाजिक समरसता दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्य वक्ता नरेंद्र नगर, बौद्धिक शिक्षण प्रमुख ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने जीवनभर वंचितों, महिलाओं और कमजोर वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। संचालन कृष्ण सेवदा ने किया। इकाई अध्यक्ष राजवीर सिंह राठौड़ ने धन्यवाद व्यक्त किया। कार्यक्रम में दिनेश काजला, रोहित वालिया, प्रवीण यादव, योगिता, आकांक्षा, आरजू, यश, जितेंद्र, रौनक सहित कई विद्यार्थी उपस्थित रहे।

#### पं. दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विवि.

विश्वविद्यालय में एबीवीपी इकाई द्वारा संविधान पार्क में अंबेडकर वंदन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. अशोक महला, अतिरिक्त प्रदेश महामंत्री ने कहा कि संविधान केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि राष्ट्र का मार्गदर्शक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय खेल निदेशक कन्हैयालाल जांगिड़ ने की। इकाई अध्यक्ष विकास गुर्जर ने सामाजिक परिवर्तन में युवा भूमिका पर विचार रखे। इस अवसर पर सतवीर मीणा, अंकित चाहर, अभिषेक पचार, रितेश चौधरी, राकेश सामोता, नवीन ओला, सलील, सौरभ, देवेंद्र, करीना शर्मा, रंजना जांगिड़, ममता आदि मौजूद रहे।

#### राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय

महाविद्यालय में सामाजिक समरसता दिवस के उपलक्ष्य में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सुनीता पांडे ने की। उन्होंने कहा कि समरसता और परस्पर सम्मान ही मजबूत राष्ट्र की नींव हैं। मंच संचालन हिमांशु ने किया। इस अवसर पर अरबाज, विनायक, कृष्ण, जय, आशीष, कृष्णा, आर्यन, हर्षित, संयोगिता, खुशी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

#### राजकीय कल्याण कन्या महाविद्यालय

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. प्रियंका ने सामाजिक समरसता के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता सत्येंद्र योगी ने कहा कि न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व, ये संवैधानिक मूल्य समाज को दिशा देते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जूबेदा मिर्जा ने की। जिला संयोजक दीपिका भारद्वाज ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन कनिष्का ने किया। इस दौरान रमेश भींचर, कुसम चौधरी, रेणुका चौधरी, पूजा कुमावत, पूजा शेखावत, निशा, मोनिका स्वामी, रेणु गुर्जर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube twitter



# ग्रह गोचर : मंगल-चंद्रमा की युति से सात को बनेगा महालक्ष्मी राजयोग

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मंगल 7 दिसंबर को धनु राशि में प्रवेश करने वाले हैं। उनका यह गोचर शाम 7: 26 मिनट पर होगा। धनु में रहते हुए मंगल 20 दिसंबर को मन के कारक चंद्रमा के साथ युति बनाएंगे। इससे महालक्ष्मी राजयोग का निर्माण होगा। ज्योतिषाचार्य पं. पुरुषोत्तम गौड़ के मुताबिक, मंगल-चंद्रमा से बनने वाला यह राजयोग कुछ राशियों के लिए कल्याणकारी साबित होगा। चूंकि महालक्ष्मी राजयोग धन, सुख-समृद्धि, विलासिता और मान-सम्मान का प्रतीक है। इसलिए कुछ जातकों को धन लाभ से लेकर जीवन में कई तरह के सकारात्मक परिणाम दिखाई दे सकते हैं। साथ ही परीक्षा-प्रतियोगिता में भी अच्छे रिजल्ट की प्राप्ति संभव है।



## तीन राशियों पर रहेगी खास कृपा

**कन्या राशि :** महालक्ष्मी राजयोग आपके लिए खास रहने वाला है। इसके प्रभाव से पारिवारिक जीवन में शांति आएगी। रिश्तों में अधिक प्रेम होने पर आपको सुख महसूस होगा। भौतिक सुख बढ़ेगा। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं। निवेश की नई योजनाओं का हिस्सा बनेंगे, जिससे भविष्य में मनचाहा लाभ होगा। लाभ के अच्छे मौके इस दौरान देखने को मिल सकते हैं। विवाह के लिए प्रस्ताव आएंगे। व्यवसाय से जुड़े लोगों को मुनाफा होगा। हालांकि, इस अवधि में लंबित कार्य पूरे होंगे।

**वृश्चिक राशि :** आपकी स्थिति मजबूत होगी, क्योंकि यह समय आपके लिए नए बदलावों से भरा रहने वाला है। बिजनेस की योजनाएं सफल होंगी। विवाह के लिए अच्छे प्रस्ताव आ सकता है। हालांकि, प्रेम विवाह करने की इच्छा रखने वालों को मंजूरी मिलेगी। परीक्षा में सफलता मिलने से सपने पूरे होते नजर आएंगे। आपका भौतिक सुख बढ़ेगा। आपकी इच्छाओं की पूर्ति होगी। अपनी जमा पूंजी से वाहन, मकान खरीदने में कामयाब होंगे। घर में सुख की प्राप्त होगी। भूमि-भवन के क्रय-विक्रय से लाभ होगा। इस दौरान व्यापार में नई संभावना और डील प्राप्त हो सकती है। मीन राशिः

**मीन राशिः** वालों के लिए जीवन में बहार आ सकती है। करियर में अच्छे परिणाम आने से आप अपनी कामयाबी की ओर बढ़ेंगे। जीवन में किसी के आने पर आपके करियर-कारोबार में अच्छे बदलाव आएंगे। खास बात यह है कि, मीन राशि वालों के लिए महालक्ष्मी राजयोग शुभ रहेगा। अटके काम पूरे होंगे। यात्राओं से लाभ मिलने और मनोकामनाओं की पूर्ति की संभावना भी बन रही है। कला के क्षेत्र में नई पहचान आपको मिलेगी। व्यक्तिगत विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति होगी। जो लोग नई नौकरी की तलाश में हैं उनको मनचाही नौकरी मिल सकती है।

## रूफ टाप फार्मिंग में किया पौधरोपण



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान सरकार की योजना रूफ टॉप फार्मिंग जिससे नागरिकों को पेस्टिसाइड एवं केमिकल फर्टिलाइजर से मुक्त सब्जियां मिल सके योजना चालू की है। इसके तहत शनिवार को मानसरोवर में नि. पार्षद रामावतार गुप्ता के घर पर पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर आईएचआईटीसी के डिप्टी डायरेक्टर संतोष गुप्ता, सांगानेर विधानसभा प्रभारी प्रकाश तिवारी, प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रमोद वशिष्ठ, प्रवक्ता मदन प्रजापत, मानसरोवर मंडल अध्यक्ष विपिन सिंगल की उपस्थिति में वार्ड के कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण कर लोगों में जागरूकता का संदेश दिया।

रामावतार गुप्ता ने बताया की वह पहले से ही अपनी छत पर गार्डनिंग कर रहे थे लेकिन फूलों के पौधे सजावटी पौधे ही लगा रहे थे। जब राजस्थान सरकार ने यह योजना चालू की और इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने तत्काल फॉर्म भरकर इस योजना का लाभ उठाने के लिए कदम उठाया जो आज धरातल पर पूरा हुआ। अब कीटनाशक तथा केमिकल फर्टिलाइजर से मुक्त जैविक खाद से तैयार सब्जियां मिलेंगी। उन्होंने यह भी कहा की सभी नागरिकों को जिनके घर पर छत पर खाली जगह हो उनको रूफटाप किचन गार्डनिंग करनी चाहिए और केमिकल से मुक्त सब्जियां उपयोग में लेनी चाहिए। गुप्ता ने बताया कि अगले वर्ष जयपुर शहर के नागरिकों के लिए रूफ टॉप फार्मिंग के लिए आवेदन निकाले जाएंगे जिसमें इच्छुक नागरिक उसमें आवेदन कर सकता है।

# जयगढ़ हेरिटेज फेस्टिवल-2025 का आगाज, 36 कारखानों पर फोकस

## फेस्टिवल में नई पीढ़ी के बीच सेतु बनाने की योजना को किया शामिल

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर का ऐतिहासिक जयगढ़ किला शनिवार को कला, इतिहास और संस्कृति के एक जीवंत उत्सव का गवाह बना। यहां भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, शाही विरासत और लोक परंपराओं को एक मंच पर समेटने वाले 'जयगढ़ हेरिटेज फेस्टिवल 2025' का आगाज हुआ। यहां हेरिटेज वॉक से लेकर लोक कला और जयपुर के प्रसिद्ध 36 कारखानों की कारीगरी भी नजर आई। विरासत का बखान करने वाले जयगढ़ हेरिटेज फेस्टिवल के पहले दिन जयगढ़ किले के विभिन्न प्रांगणों में प्रेरक संवाद, हेरिटेज वॉक, लोकनृत्य, संगीत प्रस्तुतियां, स्ट्रीट फूड अनुभव, शिल्प बाजार, क्राफ्ट वर्कशॉप और कारीगरों की कला देखने को मिली। जयपुर के पूर्व राजपरिवार सदस्य पद्मनाभ सिंह और गौरवी की मौजूदगी में फेस्टिवल की शुरुआत हुई।



### फेस्टिवल में सजा हस्तशिल्प बाजार

उन्होंने बताया कि यह आयोजन सिर्फ दो दिन तक सीमित न रहे, बल्कि सालभर कलाकारों और शिल्पकारों से जुड़ाव बना रहे। इसके लिए आयोजन के पार्टनर टीमवर्क आर्ट्स के 32 अंतरराष्ट्रीय फेस्टिवल हैं, जिनमें नए कलाकारों और क्राफ्टवर्क्स को जोड़ने पर काम किया जा रहा है। साथ ही आने वाले वर्षों में इस फेस्टिवल को दो दिन से बढ़ाकर 6 से 7 दिन का करने की योजना भी है, ताकि ज्यादा संख्या में लोग विरासत को नजदीक से जान सकें।

फेस्टिवल के दूसरे संस्करण पर सवाई पद्मनाभ सिंह ने कहा कि यह आयोजन सिर्फ एक उत्सव नहीं, बल्कि विरासत संरक्षण का एक सशक्त प्रयास है। सवाई जयसिंह द्वितीय ने करीब 300 साल पहले जिस विजन के साथ जयपुर को बसाया था, उस सपने को आज के दौर में आगे बढ़ाना हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के सभी तत्व, जो दुनिया में इस राज्य को खास बनाते हैं, उन्हें एक ही मंच पर पेश किया जा रहा है। इसमें क्राफ्ट, आर्ट, लोकगीत, लोकनृत्य, ब्लॉक प्रिंटिंग, मिरर वर्क और खानपान सब शामिल है। पद्मनाभ सिंह ने बताया कि इस बार कई खास स्पीकर्स और म्यूजिशियन उपस्थित रहेंगे। युवा कलाकारों और कारीगरों को मंच देने के उद्देश्य से फेस्टिवल में लोक कला और नई पीढ़ी के बीच सेतु बनाने की योजना भी शामिल है।

इस वर्ष फेस्टिवल की एक प्रमुख विशेषता यह है कि जयपुर के ऐतिहासिक 36 कारखानों पर विशेष फोकस किया गया है। पद्मनाभ सिंह ने बताया कि 36 कारखानों में से 12 से 15 आज भी किसी न किसी रूप में सक्रिय हैं। आर्थिक संसाधनों की कमी इन पारंपरिक कलाओं के लिए बड़ी चुनौती है।

फेस्टिवल के जरिए इन्हें नए बाजार और प्लेटफॉर्म से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। पद्मनाभ सिंह के अनुसार 300 साल पुरानी इस शाही विरासत को पुनर्जीवित करना उनका लक्ष्य है। इस तरह के फेस्टिवल यह सुनिश्चित करते हैं कि नई पीढ़ी इन कलाओं को जाने, समझे और उन्हें आगे बढ़ाने की प्रेरणा ले।

## खरमास में शुक्र-बुध राशि परिवर्तन से प्रभावित होंगी ये 3 राशियां

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** इस साल 16 दिसंबर को सूर्य देव धनु राशि में प्रवेश करेंगे और इसी के साथ खरमास की अवधि शुरू हो जाएगी। यह अवधि 16 दिसंबर 2025 से 14 जनवरी 2026 यानी मकर संक्रांति तक रहेगी।

इस बीच दो महत्वपूर्ण ग्रह अपनी राशि बदलने वाले हैं। दरअसल 20 दिसंबर को सुख-संपदा के कारक माने जाने वाले शुक्र, धनु राशि में प्रवेश करेंगे और फिर 13 जनवरी को मकर राशि में चले जाएंगे। वहीं, ग्रहों के राजकुमार बुध 29 दिसंबर को धनु राशि में गोचर करेंगे। ज्योतिष विशेषज्ञों के अनुसार, खरमास के दौरान इन दोनों ग्रहों के परिवर्तन से तीन राशियों को विशेष कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

### इन तीन राशियों की बढ़ेंगी मुश्किलें

**वृषभ राशि :** खरमास के दौरान बुध और शुक्र की चाल वृषभ राशि के जातकों के लिए चुनौती बन सकती है। कई लोगों को अपने महत्वपूर्ण कामों में अपेक्षित सफलता न मिलने से तनाव हो सकता है। स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं और पुराने रोग दोबारा परेशान कर सकते हैं। पारिवारिक मतभेद हो सकते हैं, जिससे चिंता बढ़ेगी। इस अवधि में नई वस्तुएं खरीदने या किसी शुभ कार्य की शुरुआत करने से बचना ही बेहतर होगा।

**मकर राशि :** मकर राशि के लिए भी यह गोचर समय परेशानी बढ़ा सकता है। इस दौरान आप छोटी-छोटी बातों पर भावुक होकर गलत निर्णय ले सकते हैं, जिसका लाभ दूसरे उठा सकते हैं। रोजगार और आय के स्रोत प्रभावित हो सकते हैं। जमीन, संपत्ति या किसी बड़े निवेश से इस दौरान दूरी बनाकर रखना उचित होगा। जिन लोगों की सेहत पहले से ठीक नहीं है, उन्हें विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए।

**मीन राशि :** खरमास में बन रहा यह योग मीन राशि के जातकों के लिए भी चुनौतीपूर्ण साबित हो सकता है। यदि बोलचाल और भावनाओं पर नियंत्रण नहीं रखा, तो रिश्तों में तनाव बढ़ सकता है। धन लेन-देन से जुड़े मामलों में सावधानी जरूरी है, वरना संबंध प्रभावित हो सकते हैं। विरोधी सक्रिय हो सकते हैं और नुकसान पहुचाने की कोशिश कर सकते हैं। खर्चों में वृद्धि बजट को असंतुलित कर सकती है।

## विद्यार्थियों को सर्दियों से बचने के लिए 283 स्वेटर वितरित



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** सांगानेर के सुमेर नगर स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में जयपुर इंडस्ट्रियल एस्टेट एसोसिएशन की ओर से विद्यार्थियों को सर्दियों से बचने के लिए 283 स्वेटर वितरित किए गए। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष विमल किशोर सारडा, महासचिव राकेश शर्मा एवं एल.एल. बागड़ उपस्थित रहे।

## भक्तों के बिना कभी-कभी भगवान के काम नहीं बनतेः आशीष व्यास



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** श्री बाबा जी की कुई बलराम आश्रम सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान श्री बेनाड़ा वाले महाराज श्री राम दयाल दास महाराज की अध्यक्षता में श्री हनुमत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा में चतुर्थ दिवस संत बलराम दास महाराज के जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में संतों का दर्शन भक्तों को प्राप्त हुआ। शनिवार को सुबह हरि नाम संकीर्तन के साथ भगवान विजय राघव का अभिषेक किया गया। शुक सम्प्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज का दिव्य आगमन हुआ। महाराज ने गुरुदेव की महिमा का गुणगान किया।

महाराज आशीष व्यास ने बताया कि आदमी को चतुर होना चाहिए, चतुराई नहीं करनी चाहिए। गुरु अपने शिष्य के भला करने के लिए शिष्य के पास जाते हैं। हनुमान जी की अनेक लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि कभी-कभी भक्तों का जन्म भी भगवान के कार्य बनाने के लिए होता है। हनुमान चालीसा पर चल रही कथा में महाराज ने अनेक नव रस रहस्य का विस्तार से वर्णन किया। श्रद्धालुओं ने महाराज के जन्म महोत्सव पर चल रहे अखंड भंडारे में प्रसाद का आनंद लिया।

## खोले के हनुमान मंदिर में पौष बड़ा प्रसादी का वितरण

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** कड़ाके की सर्दी के बीच छोटीकाशी के मंदिरों में पौष बड़ा प्रसाद का दौर जारी है। दिल्ली रोड स्थित खोले



के हनुमान मंदिर में शनिवार को हनुमानजी महाराज को बड़े और हलवे का भोग लगाकर श्रद्धालुओं में वितरण किया गया। श्री नरवर आश्रम सेवा समिति के महामंत्री बीएम शर्मा ने बताया कि पूरे पौष के महीने में शनिवार और मंगलवार को श्रद्धालुओं को निज मंदिर की ओर से हलवा और बड़े का प्रसाद वितरित किया जा रहा है। श्री नरवर आश्रम सेवा समिति के अध्यक्ष गिरधारी लाल शर्मा ने बताया कि पं. राधे लाल जी चौबे की प्रेरण से यह आयोजन मंदिर परिसर में कई वर्षों से किया जा रहा है।

## विधायक गोपाल शर्मा ने बच्चों को बांटे स्वेटर, यूनिफॉर्म और पाठ्यसामग्री

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र के विधायक गोपाल शर्मा ने शनिवार को वार्ड 54 स्थित जेडीए पार्क, गुर्जर की थड़ी में निर्धन और जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर, यूनिफॉर्म जर्सी और पाठ्यसामग्री वितरित की। यह कार्यक्रम डॉ. अंबेडकर विकास मंच की ओर से आयोजित किया गया।





कार्यक्रम के दौरान विधायक गोपाल शर्मा ने समाजसेवी संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में समरसता और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं।

उन्होंने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि वे डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों और शिक्षाओं से प्रेरणा लेकर समाज में शिक्षा और समानता को बढ़ावा दें। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, मंच के पदाधिकारी और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मंच पदाधिकारियों ने किया और बच्चों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

## सिंगर मनु गहलोत का नया ओडिया एम एल्बम-1 रिलीज

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** सिंगर मनु गहलोत का नया ओडिया एम एल्बम-1 की लॉन्चिंग सेरेमनी शनिवार को एक होटल में हुई। पूर्व जज केपी सक्सेना ने इस एल्बम को रिलीज किया। गौरतलब है कि इसमें सिंगर मनु गहलोत ने खुद के लिखे 11 गाने अपनी ही सुरीली आवाज में पिरोए हैं। यह एल्बम तमाम डिजिटल प्लेटफॉर्म पर संगीतप्रेमी सुन सकेंगे, जिस खूब सराहना मिल रही है। इस ओडियो एल्बम में श्रोताओं को देशभक्ति गीत, राजस्थानी समेत रुमानियत से सराबोर गीत सुनने को मिलेंगे। राजस्थानी गीत म्हांसु दूर मत जा, क्यूं आप मेरी निगाहों में हैं, जय जवान जय जवान, मैं रंगीली नाज नीनी, नशा ही नशा है, कभी तो पास आओ, ऐसा कोई प्रेमी हो, ये शाम भीगी-भीगी जैसे सुमधुर गीत इस ओडियो एल्बम में सुर, लय और ताल की उम्दगी के साथ पिरोए



गए हैं जो बेहद कर्णप्रिय हैं। यह एल्बम जयपुर में ही रिकॉर्ड किया गया है। जोधपुर की रहने वाली सिंगर मनु गहलोत बचपन से ही गीत लिखने के साथ-साथ उन्हें गा भी रही है। उन्हें संगीत के साथ-साथ स्पॉर्ट्स में गहरी रुचि है। इससे पहले इस सिंगर का ऑपरेशन सिंदूर की गौरव गाथा को दर्शाता भारत के जवानों को समर्पित देशभक्ति गीत जय जवान भी रिलीज हो चुका है, जिसे खूब सराहा गया था। समारोह में सिंगर राजेश शर्मा, लेखक अशोक शाह समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

## देवकी नंदन ठाकुर ने किया भारत वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स को लॉन्च

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** भारत की अद्भुत प्रतिभाओं, ऐतिहासिक उपलब्धियों और अद्वितीय रिकॉर्ड्स को वैश्विक मंच पर सर्वोच्च पहचान दिलाने के उद्देश्य से भारत वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स का वैभवपूर्ण लॉन्च। शनिवार को उत्साह और अनुशासनपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। इस ऐतिहासिक अवसर पर संस्था ने देवकी नंदन ठाकुर महाराज ने इस अवॉर्ड को लॉन्च किया। देवकी नंदन ठाकुर ने बताया कि आत्मनिर्भर भारत से ओत प्रोत सनातन के लिए कार्य करने वाले को भी ये अवॉर्ड प्राथमिकता से दिया जाए और देशभर से उभरने



वाली नई प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के इस प्रयास की हृदयपूर्वक सराहना की। उन्होंने कहा कि जब हमारे देश से शुरू किए गए इस नए रिकॉर्ड में भारतवासियों को अपने आयाम दर्ज कराने सीधी प्रक्रिया अपनानी होगी। भारत सदा से ज्ञान, प्रतिभा और संस्कारों का केंद्र रहा है। विश्व में भारत का परचम उसकी योग्य संतानों की उपलब्धियों से ही ऊंचा होता है। इस अवसर पर भारत वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के संस्थापक एवं चेयरमैन, मनोज पांडेय ने बताया कि यह प्लेटफॉर्म सिर्फ रिकॉर्ड दर्ज करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारत की असाधारण क्षमताओं को विश्व के सामने सम्मानपूर्वक पेश करने का माध्यम बनेगा। संस्था के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, सर्वश्रेष्ठ माथुर ने बताया कि भारत वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स देश के हर वर्ग, हर आयु, हर क्षेत्र की प्रतिभा को सम्मानित करने का संकल्प लेकर आया है। कार्यक्रम में कृष्णदीप सिंगल हेड ऑफ ऑपरेशंस (राजस्थान) जिन्होंने राजस्थान क्षेत्र में संचालन की भविष्य की योजनाओं व विस्तार पर प्रकाश डाला।

## पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ आज पूर्व संध्या पर हुई महाआरती

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार की ओर से मुरलीपुरा की शंकर विहार कॉलोनी स्थित नव दुर्गा वाटिका में रविवार को मां दुर्गा की नौ प्रतिमाओं और नव दुर्गा से जुड़े नौ औषधीय पौधों के मध्य पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा।पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ से पूर्व शनिवार को पतंजलि किसान



सेवा समिति और उत्थान सेवा समिति की ओर से सुबह जन जागरण और नशा मुक्ति रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से नशा मुक्ति, नारी सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। शाम को नव दुर्गा की सैकड़ों दीपकों से महाआरती की गई। पूरे पार्क में सैकड़ों दीए जलाए गए जिससे यहां दीपावली का नजारा बन गया। रविवार सुबह नौ बजे शहीदों के परिजन दीप प्रज्जवलित कर गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ करेंगे। गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी की टोली प्रज्ञा गीतों के साथ यज्ञ संपन्न कराएंगी। यज्ञ के दौरान औषधीय पौधों का पूजन किया जाएगा। यज्ञ निशुल्क है। किसी को कोई सामग्री लाने की आवश्यक्ता नहीं है।

### सहयोगियों का होगा सम्मान

गायत्री परिवार की संस्थापक भगवती देवी शर्मा की अगले वर्ष मनाए जाने वाली जन्म शताब्दी वर्ष और अखंड दीपक शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में मुरलीपुरा में गत वर्ष निकाली गई ज्योति कलश यात्रा में सहयोग करने वाले लोगों का सम्मान भी किया जाएगा।

## सरस संकुल परिसर में कैलाश दुग्धीश्वर महादेव की विधिवत प्राण प्रतिष्ठा

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** जवाहरलाल नेहरू मार्ग स्थित सरस संकुल मुख्यालय परिसर में शनिवार को कैलाश दुग्धीश्वर महादेव की विधिवत प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। इस अवसर पर शिव पंचायत एवं भगवान हनुमान जी की प्रतिष्ठापना की गई। राजस्थान कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन की प्रशासक एवं प्रबंध संचालक श्रुति भारद्वाज ने अधिकारियों के साथ इस धार्मिक अनुष्ठान में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन, हवन पूरे विधि-विधान से



प्राण प्रतिष्ठा की। पंडित उमाशंकर मिश्र एवं उनके सहयोगियों ने पूजा अर्चना करवाई।

कैलाश दुग्धीश्वर महादेव मंदिर की स्थापना के बाद सभी श्रद्धालुओं एवं उपस्थितजनों को भोजन प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर जयपुर डेयरी के अध्यक्ष ओम पूनिया सहित आरसीडीएफ एवं जयपुर डेयरी के अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे। आध्यात्मिक वातावरण में सम्पन्न हुआ यह आयोजन सरस संकुल परिवार के लिए एक महत्वपूर्ण और पावन क्षण रहा।

## साझा वक्तव्य देख हैरान है अमेरिका

# भारत और रूस में गहराती दोस्ती दे रही भूराजनीति में महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत



**रूस** के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के 4 दिसम्बर की शाम भारत में उतरते ही नई दिल्ली के सत्ता गलियारों में एक अलग ही गर्मजोशी का माहौल छा गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पुतिन को रूसी भाषा में गीता की प्रति भेंट करने से आरंभ हुई पुतिन की यह यात्रा कई अर्थों में विश्व को यह दिखा गई कि सद्भाव, सौहार्द और मैत्रीपूर्ण संबंध आज की स्वार्थ प्रथम वाली दुनिया में भी विशेष मायने रखते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच 5 दिसंबर 2025 को राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत के बाद शिखर बैठक हुई। इस वार्ता ने भारत-रूस संबंधों को और मजबूत एवं प्रगाढ़ कर दिया। दोनों नेताओं ने 2030 तक आर्थिक साझेदारी को बढ़ाने, आतंकवाद के खिलाफ संयुक्त अभियान, रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष और तकनीकी क्षेत्रों में सहयोग विस्तार समेत कई अहम समझौतों पर सहमति जताई। इतना ही नहीं, यूक्रेन संघर्ष पर भारत ने शांति और संवाद के जरिए समाधान की नीति दोहराई, जबकि रूस ने शांति प्रयासों का हवाला दिया। निसंदेह अमेरिका पुतिन-मोदी की निकटता से असहज है क्योंकि पुतिन की भारत यात्रा यह अमेरिका की वैश्विक दादागिरी दिखाने की इच्छा के विरुद्ध एक बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था बनाने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई है।

### चर्चा में आया यूक्रेन संघर्ष

दोनों नेताओं की चर्चा में यूक्रेन युद्ध का विषय आना स्वाभाविक ही था और पांचजन्य ने पहले ही बताया था कि इस बिंदु पर चर्चा अवश्य होगी। इस विषय में प्रधानमंत्री मोदी ने शांति स्थापना और संवाद के माध्यम से समाधान की आवश्यकता पर जोर दिया, जबकि पुतिन ने रूस के शांति प्रयासों की जानकारी साझा की। भारत यूक्रेन संकट में संतुलित नीति पर कायम है और संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान की कामना करता है। मोदी ने इस मुद्दे पर भारत के सहयोग के लिए तैयार होने की बात भी दोहराई।

### अमेरिका की बेचैनी का कारण

इसमें संदेह नहीं है कि पुतिन-मोदी की निकटता और मजबूत भारत-रूस रिश्ते से अमेरिका बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था के संकेत देख रहा है, जो उसकी एकाधिकार वाले वैश्विक प्रभुता के सपने को चुनौती देता है। ऐसा कई अमेरिकी विशेषज्ञों ने खुद स्वीकारा है कि, खासकर आर्थिक और रक्षा क्षेत्र में भारत-रूस साझेदारी से अमेरिका को अपनी रणनीतिक प्राथमिकताओं में अवरोध आने का खतरा है। इसके अतिरिक्त, रूस का भारत को निरंतर ऊर्जा की आपूर्ति करने का आश्वासन और पश्चिमी प्रतिबंधों की परवाह न करना अमेरिका के लिए चिंता का कारण बनना ही था।

इस वार्ता और संयुक्त बयान के सभी पहलुओं को देखते हुए स्पष्ट है कि भारत और रूस ने रणनीतिक गहराई और व्यापक सहयोग के साथ बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था में अपनी भूमिका को मजबूत किया है, जो वैश्विक शक्ति हस्तांतरण का महत्वपूर्ण संकेत है। जैसा पहले बताया, भारत-रूस संयुक्त बयान ने दोनों देशों के बीच विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने पर जोर दिया है, जिसमें आर्थिक सहयोग, रक्षा, ऊर्जा और आतंकवाद विरोधी प्रयास प्रमुख थे। असल में यह उस 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के बाद जारी हुआ है जिसकी अगली कड़ी रूस में होनी तय है और उसके लिए पुतिन ने लगे हाथ प्रधानमंत्री मोदी को आमंत्रित किया है।

### संयुक्त बयान के मुख्य बिंदु और समझौते

रूस और भारत के शीर्ष नेताओं और प्रतिनिधिमंडलों के बीच विशद् वार्ता के बाद जारी संयुक्त घोषणापत्र जारी हुआ। इसके अनुसार,

- दोनों देशों ने 'विजन 2030' नामक रोडमैप पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसका लक्ष्य व्यापार, सह-उत्पादन, और सह-नवाचार को नई दिशा देना है।
- रक्षा क्षेत्र में 'मेक इन इंडिया' के तहत सह-उत्पादन एवं टेक्नोलॉजी ट्रांसफर को बढ़ावा देना तय किया गया है।
- आर्थिक साझेदारी के तहत 100 अरब डॉलर व्यापार लक्ष्य रखा गया और राष्ट्रीय मुद्रा प्रणालियों (जैसे भारत का यूपीआई और रूस का एमआईआर) को जोड़ने पर काम करने की बात की गई है ताकि पश्चिमी प्रतिबंधों को टाला जा सके।
- आतंकवाद के विरुद्ध 'जीरो टॉलरेंस' नीति की पुष्टि हुई है।
- द्विपक्षीय समझौतों में श्रमिक गतिशीलता को सरल बनाने पर भी सहमति बनी है।
- संयुक्त राष्ट्र, जी-20, ब्रिक्स, और शंघाई सहयोग संगठन जैसे मंचों पर सहयोग जारी रखने का संकल्प लिया गया।

### आतंकवाद का विरोध

मोदी ने अपने वक्तव्य में पहलगाम (22 अप्रेल,2025) और क्रोकस सिटी हॉल (22 मार्च, 2024) पर हुए आतंकी हमलों की निंदा की। उन्होंने कहा कि भारत ने सभी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर खुलकर कहा है कि आतंकवाद को दुनिया से समाप्त करने के लिए सबको साथ मिलकर इसके विरुद्ध कार्रवाई करनी ही होगी। भारत और रूस ने अल-कायदा, आईएसआईएस जैसे संगठनों के खिलाफ कार्रवाई, ड्रोन/ऑनलाइन फंडिंग के दुरुपयोग पर रोक लगाने की बात संयुक्त बयान में रूपष्ट रूप से दर्ज की है।

रणनीतिक विशेषज्ञों के अनुसार, भारत रूस का यह संयुक्त बयान पश्चिमी प्रतिबंधों के बावजूद भारत-रूस साझेदारी को बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की दिशा में मजबूत करता है, खासकर ऊर्जा सुरक्षा और रक्षा क्षेत्र में। भारत की संतुलित यूक्रेन नीति को रूस ने सराहा है, जो वैश्विक शांति प्रयासों में योगदान देगी। उन्होंने कहा कि आतंकवाद निरोधी सहयोग के लिए क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जानकारी साझा करने, कानूनी और सुरक्षा निगरानी को विकसित करने, और बहुपक्षीय प्रयासों को बढ़ावा देने का समर्थन किया गया है।

भारत और रूस दोनों ने आतंकवाद से निपटने में 'जीरो टॉलरेंस' नीति अपनाई हुई है और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के आतंकवाद विरोधी प्रतिबंधों के प्रभाव को सुनिश्चित करने पर काम करने को लेकर सहमति जताई है।

दोनों देशों के नेताओं ने भारत और रूस के बीच विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए अपने समर्थन की पुष्टि की। यह वर्ष भारत और रूस के बीच रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की 25वीं वर्षगांठ का है, जिसे अक्टूबर 2000 में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत की पहली राजकीय यात्रा के दौरान स्थापित किया गया था। दोनों नेताओं ने इस दीर्घकालिक और समय की कसौटी पर सिद्ध संबंध की विशेष प्रकृति पर जोर दिया, जो आपसी विश्वास, एक-दूसरे के मूल राष्ट्रीय हितों के प्रति सम्मान और रणनीतिक संयोजन की विशेषता है। उन्होंने इस बात को रेखांकित किया कि साझा जिम्मेदारियों वाली प्रमुख शक्तियों के रूप में, यह महत्वपूर्ण संबंध वैश्विक शांति और स्थिरता का आधार बना हुआ है जिसे समान और अविभाज्य सुरक्षा के आधार पर सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

अपनी वार्ता में दोनों नेताओं ने जोर देकर कहा कि मौजूदा जटिल, चुनौतीपूर्ण और अनिश्चित भू-राजनीतिक स्थिति की पृष्ठभूमि में भारत-रूस संबंध सशक्त बने हुए हैं। दोनों पक्षों ने एक समकालीन, संतुलित, पारस्परिक रूप से लाभप्रद, टिकाऊ और दीर्घकालिक साझेदारी बनाने का प्रयास किया है। भारत-रूस संबंधों के विकास के संपूर्ण परिदृश्य में एक साझा विदेश नीति दोनों देशों की प्राथमिकता है। दोनों नेताओं ने रणनीतिक साझेदारी की पूरी क्षमता का लाभ उठाने के लिए सभी प्रयास करने पर सहमति व्यक्त की।

इसके साथ ही, येकातेरिनबर्ग और कजान में भारत के दो महावाणिज्य दूतावासों के उद्घाटन का स्वागत किया गया और अंतर-क्षेत्रीय सहयोग, व्यापार और आर्थिक संबंधों तथा जन-जन के बीच संबंधों को और मजबूत करने के लिए उनके शीघ्र कार्यान्वयन की आशा व्यक्त की। कजान में 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन और तियानजिन में 25वें एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों नेताओं के बीच हुई बैठकें; भारत के विदेश मंत्री और रूस के पहले उप प्रधानमंत्री की सह-अध्यक्षता में व्यापार, आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी और सांस्कृतिक सहयोग (आईआरआईजीसी-टीईसी) पर भारत-रूस इंटर गवर्नमेंटल कमिशन (आईआरआईजीसी) के 26वें सत्र का आयोजन किया गया था। दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों की सह-अध्यक्षता में भी सैन्य तथा सैन्य-तकनीकी सहयोग पर आईआरआईजीसी के 22वें सत्र का आयोजन हुआ था। चर्चा के दोनों पक्षों ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि टैरिफ और गैर-टैरिफ व्यापार बाधाओं का समाधान, लॉजिस्टिक में आने वाली बाधाओं को दूर करना, संपर्क को बढ़ावा देना, सुचारू भुगतान व्यवस्था सुनिश्चित करना, बीमा और पुनर्बीमा के मुद्दों के लिए पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान खोजना है। **(पांचजन्य से साभार)**

---

## पुतिन की भारत यात्रा

# मित्रता, विश्वास और साथ

**आलोक गोस्वामी**

**रूस** के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की हालिया भारत यात्रा ने दोनों देशों के बीच विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को एक बार फिर वैश्विक कूटनीति के केंद्र में ला खड़ा किया है। वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिवेश में यह यात्रा ऐसे समय हुई है, जब यूरोप रूस तनाव चरम पर है, पश्चिम एशिया और यूरेशिया में सुरक्षा चुनौतियां बनी हुई हैं और वैश्विक बहुध्रुवीय व्यवस्था की मांग अधिक मुखर है। भारत और रूस, दोनों के लिए यह यात्रा द्विपक्षीय समीकरणों की पुनःसमीक्षा और अगले दशक के मार्ग निर्धारण का अवसर प्रदान करती है। पुतिन के दौरे ने साफ कर दिया कि उनका यह दौरा केवल राजनयिक नहीं था, बल्कि भारत-रूस द्विपक्षीय संबंधों को नया आयाम देने वाला था, जिसमें नौकरियों, व्यापार, ऊर्जा, तकनीक, कनेक्टिविटी से लेकर कूटनीति तक, हर मोर्चे पर दोनों देशों ने महत्वपूर्ण फैसले लिए। द्विपक्षीय वार्ता के दौरान 'मैनपावर मोबिलिटी एग्रीमेंट' पर हस्ताक्षर हुए। इससे भारतीय कामगारों के लिए रूस में नौकरी और कौशल आधारित अवसरों के नए दरवाजे खुलेंगे। दोनों देश व्यापार को आसान बनाने के लिए राष्ट्रीय मुद्रा में लेन-देने तेजी से बढ़ाएंगे। भारत-रूस संबंधों का यह नया अध्याय एक ऐसे समय शुरू हो रहा है, जब दुनिया तीव्र बदलावों से गुजर रही है। 30 दिन का फ्री वीजा, भारतीयों के लिए रूस में नौकरी के अवसर, राष्ट्रीय मुद्रा में व्यापार और 2030 का आर्थिक रोडमैप, यह सब दर्शाते हैं कि यह साझेदारी एशिया-यूरेशिया की रणनीतिक दिशा तय करेगी। इस रोडमैप में व्यापार, निवेश, लॉजिस्टिक्स, नई तकनीक, ऊर्जा और कनेक्टिविटी जैसे क्षेत्रों में विस्तार की योजना शामिल है। बैठक की शुरुआत में प्रधानमंत्री मोदी ने रूसी भाषा में राष्ट्रपति पुतिन का स्वागत किया तो यह सिर्फ प्रोटोकॉल नहीं, बल्कि उस भरोसे का संकेत था जो दोनों देशों के संबंधों को दशकों से मजबूत बनाए हुए है। बैठक के बाद दोनों नेताओं ने संयुक्त बयान जारी किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुनिया जितनी अनिश्चितताओं से गुजर रही है, उतनी ही मजबूती से भारत-रूस रिश्ते 'ध्रुव तारे की तरह स्थिर' बने हुए हैं। वहीं राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि रूस और भारत के आपसी संबंध काफी मजबूत हैं। रूस सबसे बड़े भारतीय न्यूक्लियर प्लांट के निर्माण के प्रोजेक्ट पर भी काम कर रहा है।

भारत-रूस के बीच रणनीतिक साझेदारी वर्ष 2000 में औपचारिक रूप से स्थापित हुई। इसके बाद 2001 की मास्को यात्रा ने साझेदारी को नेतृत्व स्तर पर विश्वसनीयता प्रदान की। यहीं से वार्षिक शिखर बैठक का प्रारूप लागू हुआ, जिसने दोनों देशों के बीच कूटनीतिक स्थिरता सुनिश्चित की।

भारत-रूस संबंध शीतयुद्ध के काल से ही रक्षा, तकनीकी सहयोग, शिक्षा, ऊर्जा सुरक्षा और विज्ञान जैसे क्षेत्रों में मजबूत रहे हैं। सोवियत संघ के विघटन के बाद भी यह संबंध कमजोर नहीं पड़ा, बल्कि समय के साथ नए ढांचों और प्रावधानों के साथ और व्यापक होते गए। भारत-रूस संबंधों की सबसे मजबूत कड़ी उनका औपचारिक संस्थागत ढांचा है, जो वार्षिक शिखर सम्मेलनों, 2+2 विदेश-रक्षा मंत्रियों, संवादों और अंतर-सरकारी आयोग (आईआरआईजीसी) जैसे मंचों पर आधारित है। आईआरआईजीसी दो प्रमुख प्रभागों में काम करता है। पहला, व्यापार, आर्थिक, वैज्ञानिक, प्रौद्योगिकीय और सांस्कृतिक सहयोग प्रभाग जिसकी सह अध्यक्षता भारत के विदेश मंत्री और रूस के प्रथम उप-प्रधानमंत्री करते हैं। दूसरा, सैन्य और सैन्य तकनीकी सहयोग प्रभाग, जिसकी अध्यक्षता दोनों देशों के रक्षा मंत्री करते हैं। दिसंबर 2021 में दोनों देशों ने 2+2 संवाद प्रारूप जोड़ा, जिसके तहत विदेश और रक्षा मंत्री समवेत रूप से द्विपक्षीय रणनीतिक मुद्दों पर विचार-विमर्श करते हैं। यह प्रारूप भारत-रूस संवाद को और अधिक केंद्रित और समन्वित बनाता है। अक्टूबर 2025 में रणनीतिक साझेदारी के 25 वर्ष पूरे होने पर इन संरचनाओं की मजबूती पर जोर दिया गया।

दोनों देश अब तक 23 बैठकें कर चुके हैं। 2024 में मॉस्को में आयोजित 22वें भारत-रूस शिखर सम्मेलन में 9 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर हुए और 2030 तक रणनीतिक-आर्थिक सहयोग पर संयुक्त वक्तव्य जारी हुआ। इसी यात्रा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को रूस के सर्वोच्च राजकीय सम्मान 'सेंट एंड्रयू द एपोस्टल द फर्स्ट कॉल्ड' से सम्मानित किया गया।

इसके बाद कजान ब्रिक्स शिखर बैठक और तियानजिन एससीओ राष्ट्राध्यक्ष बैठक में भी दोनों नेताओं की भेंट हुई। इन मुलाकातों का उद्देश्य विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को समकालीन वैश्विक परिवर्तनों के अनुरूप दिशा देना रहा। वर्तमान यात्रा उसी कूटनीतिक श्रृंखला का महत्वपूर्ण पड़ाव है, जहां दोनों देशों ने व्यापार रक्षा ऊर्जा विज्ञान और उभरती प्रौद्योगिकियों में प्रगति की समीक्षा की। यह यात्रा उन परिस्थितियों में हुई, जब यूरोपीय देशों ने भारत रूस समीकरणों पर सार्वजनिक टिप्पणी की थी जिसे भारत ने राजनयिक शिष्टाचार के विरुद्ध माना।

यूरोप-रूस युद्ध और पश्चिमी प्रतिबंधों के बाद वैश्विक व्यवस्था में नया ध्रुवीकरण दिखाई देता है। इसी पृष्ठभूमि में यूरोप के कुछ देशों के मंत्रियों ने संयुक्त लेख जारी कर भारत की रूस के साथ ऊर्जा और व्यापारिक साझेदारी पर प्रश्न उठाए। भारत सरकार ने इसका स्पष्ट प्रतिवाद किया और कहा कि भारत की विदेश नीति स्वायत्त है और किसी गुट या दबाव की अधीन नहीं। भारत ने इस बात पर जोर दिया कि क्षेत्रीय घटनाओं या यूरोपीय दृष्टिकोण के आधार पर भारत रूस संबंधों की वैधता प्रभावित नहीं होगी। वैश्विक दक्षिण के लिए सामरिक स्वायत्तता आज प्राथमिक आवश्यकता है और भारत इस सिद्धांत का पालन जारी रखेगा।

रूस भारत का प्रमुख ऊर्जा आपूर्तिकर्ता बन चुका है। कच्चे तेल की स्थिर आपूर्ति ने भारत की घरेलू महंगाई और उत्पादन लागत को नियंत्रित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। रूस पर पश्चिमी प्रतिबंधों के बाद भुगतान प्रणाली शिपिंग बीमा और लेन-देन के वैकल्पिक ढांचों की आवश्यकता बढ़ी। दोनों देशों ने ऐसे समाधानों पर चर्चा की, जिनसे ऊर्जा व्यापार बाधित न हो। परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में भी सहयोग जारी है। ऊर्जा सप्ताह के दौरान दोनों देशों ने छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर और हाइड्रोजन आधारित ऊर्जा तंत्र पर संयुक्त कार्य के विकल्पों पर विचार किया।

वित्त वर्ष 2024-25 में भारत-रूस व्यापार 68.07 अरब डॉलर के करीब पहुंचा। इसमें आयात का हिस्सा निर्यात से कई गुना अधिक रहा। भारत, रूस को फार्मा, रसायन, लोहा, इस्पात, समुद्री उत्पाद निर्यात करता है, जबकि रूस से तेल, उर्वरक, कुकिंग कोल और कीमती धातु आयात करता है। दोनों देशों ने 2030 तक 100 अरब डॉलर व्यापार लक्ष्य निर्धारित किया है। इसे प्राप्त करने के लिए भारत के निर्यात विविधीकरण, लॉजिस्टिक ढांचे के आधुनिकीकरण, रुपया-रूबल भुगतान व्यवस्था में स्थिरता, आईटी मशीनरी और कृषि आधारित उत्पादों के लिए रूस में बाजार विस्तार की आवश्यकता है। रक्षा क्षेत्र भारत-रूस संबंधों का सबसे दृढ़ आधार है। 2021 में संपन्न 10 वर्षीय सैन्य तकनीकी सहयोग समझौता संयुक्त अनुसंधान उत्पादन और प्लेटफॉर्म विकास को बढ़ावा देता है। भारत में अनेक रक्षा प्रणालियां रूसी तकनीक पर आधारित हैं। टी-90 टैंक, सुखोई-30 एमकेआई विमान, ब्रह्मोस मिसाइल और अनेक नौसैनिक प्लेटफॉर्म इस संयुक्त ढांचे के उदाहरण हैं।

---

## राशिफल

**आज दिनांक 7 दिसम्बर, 2025, रविवार, विक्रम संवत् 2082, पौष माह कृष्ण पक्ष तृतीया, पुनर्वसु नक्षत्र, वणिज करण, शुक्ल योग, राहुकालः सायं 4:17 से 5:36 बजे, सूर्योदय सुबह 6:59 बजे, सूर्यास्त सायं 5:37 बजे, चंद्रोदय रात 8:15 बजे, चंद्रास्त सुबह 10:16 बजे, अभिजीत मुहूर्त दोपहर 11:57 बजे से 12:39 बजे, ब्रह्म मुहूर्त सुबह 5:24 से 6:12 बजे तक, चंद्रमा मिथुन राशि में संचार करेगा।**

**मेष** – कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक–2–4–5

**वृषभ** – विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन–देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन–देन में आ रही बाधा दूर होगी। शुभांक–2–3–7

**मिथुन** – पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह–सबेरे निपटा लें। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक–2–3–5

**कर्क** – अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा।

**सिंह** – धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख–आराम प्रभावित होगा। धर्म–कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक–1–3–4

**कन्या** – परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक–2–5–7

**तुला** – पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क–कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक–3–6–8

**वृश्चिक** – शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। समाज में मान–सम्मान बढ़ेगा। आय–व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। शुभांक–3–6–7

**धनु** – कारोबार में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक–2–4–6

**मकर** – यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक–4–5–6

**कुंभ** – शनैः–शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल–मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक–3–6–7

**मीन** – मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक–1–3–5

---

## लालच की वजह से सुखी जीवन में भी बढ़ सकती हैं परेशानियां

**प्रेरक प्रसंग**

**किसी** गांव में पति-पत्नी सुखी जीवन जी रहे थे। पति दिनभर राजा के महल में मेहनत करके एक स्वर्ण मुद्रा कमा लेता था। वह व्यक्ति बहुत ईमानदार था, इस कारण राजा का प्रिय था। उसकी पत्नी भी बुद्धिमानी से घर चलाती थी। एक दिन महल से घर लौटते समय में उस व्यक्ति को एक यक्ष मिला। यक्ष ने उस व्यक्ति से कहा कि मैं तुम्हारी ईमानदारी और मेहनत से बहुत खुश हूं। इसलिए मैं तुम्हें सोने के सिक्कों से भरे सात घड़े दे रहा हूं। तुम्हें ये घड़े अपने घर में मिल जाएंगे। इस पर वह व्यक्ति बहुत खुश हुआ।

घर पहुंचकर उसने पूरी बात पत्नी को बताई। अंदर कमरे में जाकर देखा तो वहां सात घड़े रखे हुए थे। उनमें से 6 घड़े तो सोने के सिक्कों से पूरे भरे थे, लेकिन एक घड़ा थोड़ा खाली था। सातवें घड़े को देखकर पति को गुस्सा आ गया और बोला कि यक्ष ने धोखा दिया है। पति गुस्से में उसी जगह पर पहुंचा, जहां उसे यक्ष मिला था। यक्ष प्रकट हुआ और उसने कहा कि सातवां घड़ा तुम अपनी कमाई से भर लेना।

व्यक्ति ने सोचा कि थोड़ा सा घड़ा भरने में कुछ ही दिन लगेंगे, मेरे पास बाकी 6 घड़े तो पूरे भरे हैं। घर आकर उसने पत्नी से कहा कि सातवां घड़ा हम खुद भर देंगे। अगले दिन से पति-पत्नी ने बचत करनी शुरू कर दी और खाली खड़े में सोने के सिक्के डालना शुरू कर दिए। बहुत दिनों के बाद भी सातवां घड़ा भरा ही नहीं रहा था। धीरे-धीरे पति बहुत कंजूस हो गया, वह खाली घड़े को जल्दी से जल्दी भरना चाहता था। घर में पैसों की कमी आने लगी।

व्यक्ति की पत्नी ने उसे समझाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं माना। कुछ ही दिनों में घर की शांति भंग हो गई। बात-बात लड़ाई-झगड़े होने लगे। सुख के दिन दुख में बदल गए। जब राजा को मालूम हुआ कि सेवक के घर में धन की कमी हो गई है तो उन्होंने दो स्वर्ण मुद्राएं रोज देना शुरू कर दी, लेकिन इसके बाद भी उसका सुख-चैन वापस नहीं आया। एक दिन राजा ने सेवक से पूछा कि क्या तुम्हें किसी यक्ष ने सात घड़े दिए हैं? सेवक ने कहा कि जी महाराज। सेवक ने पूरी बात राजा को बताई। राजा ने सेवक से कहा कि तुम अभी जाकर सातों घड़े यक्ष को वापस कर दो, क्योंकि सातवां घड़ा लोभ का है। ये कभी भी भरेगा नहीं। लोभ की भूख कभी शांत नहीं होती है। सेवक को राजा की बात समझ आ गई और उसने सातों घड़े यक्ष को लौटा दिए। इसके बाद पति-पत्नी दोनों सुखी हो गए। इस कथा की सीख यही है कि लालच को जल्दी से जल्दी छोड़ देना चाहिए, वरना जीवन में समस्याएं बढ़ने लगती हैं।

---

## सुडोकु 2114

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 7 | | | | 9 | 3 | 8 |
| | | | | | | | | 6 |
| 5 | | | | 1 | | | | |
| 4 | | | | 2 | | | | |
| | | | 3 | 6 | | | 7 | |
| | | | 5 | | 8 | | 4 | |
| | 6 | | | | 1 | | 8 | |
| 8 | | | 2 | | 7 | | 1 | |
| | 3 | | | | | 5 | | |

**संकेत:** आड़े, खड़े व 3 गुणा 3 के वर्ग में 1 से 9 तक के अंक इस प्रकार भरें कि किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो। उत्तर अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा।

### सुडोकु 2113 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 6 | 2 | 7 | 3 | 4 | 8 | 1 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 6 | 9 | 5 | 7 | 3 |
| 4 | 7 | 3 | 5 | 8 | 1 | 2 | 6 | 9 |
| 6 | 1 | 9 | 7 | 5 | 2 | 8 | 3 | 4 |
| 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 4 | 6 | 1 | 7 |
| 7 | 8 | 4 | 3 | 1 | 6 | 9 | 2 | 5 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 3 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 9 | 5 | 1 | 6 | 2 | 7 | 3 | 4 | 8 |
| 3 | 6 | 7 | 9 | 4 | 8 | 1 | 5 | 2 |

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube twitter



### सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी

# राजस्थान की दिल्ली पर धमाकेदार जीत

## मुकुल चौधरी की तूफानी बैटिंग



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** अहमदाबाद में खेले गए सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी के ग्रुप मुकाबले में राजस्थान ने दिल्ली को 3 विकेट से हराकर टूर्नामेंट में लगातार छठी जीत दर्ज की। राजस्थान की जीत के हीरो रहे मुकुल चौधरी, जिन्होंने मात्र 26 गेंदों पर नाबाद 62 रन की विस्फोटक पारी खेलते हुए टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट पर 175 रन बनाए। टीम की ओर से यश ने 38, तेजसी ने नाबाद 33, प्रियांश ने 32 और आयुष ने 30 रन जोड़े। राजस्थान की ओर से मानव सुथार ने 18 रन देकर 2, अशोक शर्मा ने 41 रन देकर 2 और महिपाल लोमरोर ने 1 विकेट हासिल किया।

### राजस्थान की शानदार शुरुआत





लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान की शुरुआत साधारण रही, लेकिन मध्यक्रम में मुकुल चौधरी ने 1 चौका और 7 छक्कों की मदद से शानदार आतिशी अर्धशतक जमाया। उनके अलावा करण लाम्बा ने 31, शुभम गढ़वाल ने 29 और कुणाल सिंह राठौड़ ने 26 रन का योगदान दिया। दिल्ली के गेंदबाजों में नवदीप सैनी ने 15 रन देकर 3 विकेट और सुयश शर्मा ने 31 रन देकर 2 विकेट लिए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके।

# राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी डूंडलोद स्कूल की 11 छात्राएं



**नवलगढ़ (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** डूंडलोद गर्ल्स स्कूल, बलवंतपुरा की 11 छात्राएं 11 दिसंबर से 4 जनवरी तक दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के अंतर्गत निशानेबाजी का प्रदर्शन करेंगी। राष्ट्रीय स्तर पर चयनित छात्राओं पल्लवी खीचड़, आराध्या लाल, तृषा वर्मा, माही, अनुश्री, अंशिका, चारुल जाखड़, आराध्या चौधरी, मनस्वी ढाका, यति शर्मा एवं यानु सैनी ने यह उपलब्धि अपने कठोर परिश्रम, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के बल पर हासिल की है। छात्राओं की इस सफलता के पीछे शूटिंग कोच अभिलाषा का विशेष योगदान रहा है, जिनके कुशल मार्गदर्शन और प्रेरणादायक प्रशिक्षण में छात्राओं ने राज्य और अब राष्ट्रीय स्तर तक का सफर तय किया है। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या इंदु सोनी ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि हमारी बेटियों ने यह सिद्ध कर दिया है कि लगन और आत्मविश्वास के साथ कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। हमें इन पर गर्व है और हमें पूरा विश्वास है कि ये दिल्ली में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगी। विद्यालय सचिव बीएल रणवा ने प्रेरणादायक संदेश में कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का मजबूत माध्यम हैं। हमारी छात्राओं ने जो सफलता प्राप्त की है, वह पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणास्रोत है।

## कुलदीप-कृष्णा के बाद रोहित-यशस्वी और विराट का तूफान

# भारत ने सा. अफ्रीका को 9 विकेट से हरा जीती सीरीज

### यशस्वी जायसवाल ने लगाया शतक

### रोहित-विराट ने जड़े अर्धशतक

### कुलदीप-कृष्णा ने लिए 4-4 विकेट

महानगर टाइम्स संवाददाता






116 रन

### प्लेयर ऑफ द मैच यशस्वी जायसवाल

'मैं बहुत खुश हूं। रोहित और मैंने इस बारे में बहुत बात की है कि हमें कैसे खेलना है और किस तेजी से आगे बढ़ना है। शुरू में मैं ज्यादा तेजी से रन नहीं बना पा रहा था। मैं सोच रहा था कि पारी को बैलेंस कैसे करूं। जब विराट पाजी आए, तो उन्होंने कई शॉट खेले। उन्होंने मुझे टारगेट सेट करने में भी मदद की।'



रोहित शर्मा
75 रन



विराट कोहली
65* रन

### प्लेयर ऑफ द सीरीज विराट कोहली

'इस सीरीज में जिस तरह से मैंने खेला, उससे संतुष्ट हूं। मुझे लगता है कि इस तरह से पिछले दो-तीन साल में ऐसा नहीं खेला। मुझे खुशी है कि मैं अभी भी टीम के लिए योगदान दे पा रहा हूं।'

**विशाखापट्टनम।** यशस्वी जायसवाल के शतक (116*) और रोहित शर्मा (75)- विराट कोहली (65*) के अर्धशतक की बदौलत भारतीय टीम ने वाइजैक में खेले गए तीसरे वनडे में साउथ अफ्रीका को 9 विकेट से हराकर 3 मैचों की वनडे सीरीज 2-1 से अपने नाम की। इसके साथ ही टीम इंडिया ने टेस्ट सीरीज में मिली हार का हिसाब भी चुकता कर लिया है। दोनों टीमों के बीच अब 9 दिसंबर से टी20 सीरीज खेली जाएगी।

#### आखिरकार भारत के पक्ष में गिरा सिक्का

मुकाबले की बात करें तो 20 मैचों के इंतजार के बाद सिक्का भारत के पक्ष में गिरा। ऐसे में भारतीय प्लेयर्स से लेकर फैंस तक सब खुशी से झूम उठे। राहुल ने ओस को देखते हुए फटाफट गेंदबाजी करने का फैसला ले लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी साउथ अफ्रीका टीम 47.5 ओवर में 270 रन पर सिमट गई। टीम को सस्ते में समेटने में भारतीय गेंदबाजों का अहम योगदान रहा। क्विंटन डिकॉक ने सबसे ज्यादा 106 रन बनाए। यह उनके वनडे कॅरियर का 23वां शतक था। इसके साथ ही साउथ अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज ने कई रिकॉर्ड बनाए।

#### बावुमा ने बनाए 48 रन

साउथ अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा फिफ्टी से चूक गए। उन्होंने 67 गेंदों पर 48 रन की पारी खेली। ओपनर रयान रिकेलटन को अर्शदीप सिंह ने पहले ही ओवर में बिना खाता खोले पवेलियन भेज दिया। अन्य बल्लेबाजों की बात करें तो मैथ्यू ब्रीत्जके ने 24, एडेन मार्करम ने 1, डेवाल्ड ब्रेविस ने 29, मार्को जेनसन ने 17, कॉर्बिन बॉश ने 9, लुंगी एनगिडी ने 1 और ओटनील बार्टमैन ने 3 रन बनाए। केशव महाराज ने नाबाद 20 रन बनाए। भारत की ओर से कुलदीप यादव और प्रसिद्ध कृष्णा ने कमाल की गेंदबाजी की। कुलदीप ने 10 ओवर में 41 रन देकर तो कृष्णा ने 9.5 ओवर में 66 रन देकर 4-4 सफलताएं प्राप्त कीं। वहीं अर्शदीप सिंह और रवींद्र जडेजा ने 1-1 विकेट चटकाया।

#### भारत की शानदार शुरुआत

271 रन चेज करने उतरी भारतीय टीम को रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल की सलामी जोड़ी ने उम्दा शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 155 गेंदों पर 155 रन जोड़े। महाराज ने रोहित को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। शतक की ओर बढ़ रहे रोहित बड़ा शॉट लगाने के प्रयास में कैच आउट हुए। उन्होंने 7 चौकों और 3 छक्के की मदद से 73 गेंदों पर 75 रन बनाए। इस दौरान रोहित के इंटरनेशनल क्रिकेट में 20000 रन भी पूरे हुए।

#### यशस्वी 116 रन बनाकर नाबाद लौटे

रोहित के आउट होने के बाद इन फॉर्म विराट कोहली मैदान पर आए। उन्होंने भी यशस्वी का भरपूर साथ दिया और रन गति पर लगाम नहीं लगने दी। यशस्वी ने 111 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया। वहीं दूसरे छोर पर विराट कोहली बड़े-बड़े प्रहार कर रहे थे। उन्होंने कुछ बेहतरीन सिक्स और फोर भी लगाए। उन्होंने 40 गेंदों पर फिफ्टी जड़ दी। 39.5 ओवर में भारतीय टीम ने टारगेट चेज कर लिया। यशस्वी 116 और कोहली 65 रन बनाकर नाबाद रहे।

# डोपिंग विवाद में फंसीं भारत की सीमा पूनिया, 16 महीने का लगाया प्रतिबंध

### एशियाड में जीत चुकीं हैं स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीत चुकीं मशहूर भारतीय डिस्कस थ्रोअर सीमा पूनिया पर डोपिंग उल्लंघन के चलते 16 महीने का प्रतिबंध लगा दिया गया है। 42 वर्षीय सीमा का प्रतिबंध 10 नवंबर से लागू हो चुका है। यह जानकारी राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) द्वारा जारी डोप अपराधियों



की अपडेटेड सूची में सामने आई है। हालांकि, नाडा ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि सीमा पूनिया किस प्रतिबंधित पदार्थ के लिए पॉजिटिव पाई गईं। गौरतलब है कि सीमा पूनिया पहले भी दो बार डोपिंग नियमों का उल्लंघन कर चुकी हैं, जिनमें से एक मामला जूनियर स्तर पर हुआ था।

सीमा पूनिया ने अपने कॅरियर में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। उनका आखिरी बड़ा टूर्नामेंट 2023 हांगझोउ एशियन गेम्स था, जहां उन्होंने कांस्य पदक जीता था।

एशियन गेम्स: 2014 इंचियोन में गोल्ड

कॉमनवेल्थ गेम्स: कुल 4 पदक (तीन सिल्वर, एक अन्य पदक)

जूनियर लेवल: 2002 में विश्व चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज

### फीफा वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप का ऐलान

# डिफेंडिंग चैंपियन अर्जेंटीना ग्रुप-जे में

### ओपनिंग मैच मेक्सिको-साउथ अफ्रीका के बीच होगा, 19 जुलाई को फाइनल

**वॉशिंगटन (विसं.)।** फीफा वर्ल्ड कप अगले साल 11 जून से 19 जुलाई तक अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको में खेला जाएगा। शुक्रवार देर रात इसके ग्रुप का ऐलान किया गया। ड्रॉ में 48 टीमों को 12 ग्रुप्स (ए से एल) में बांटा गया है। हर ग्रुप में चार टीमें हैं। यह घोषणा वॉशिंगटन डीसी में एक ड्रॉ सेरेमनी के दौरान हुई। यह वर्ल्ड कप का 23वां एडिशन होगा। इसके मुकाबले 16 शहरों में खेले जाएंगे। पहली बार टूर्नामेंट की मेजबानी एक साथ तीन देश कर रहे हैं। इस बार वर्ल्ड कप का ओपनिंग मैच 11 जून 2026 को मेक्सिको सिटी में खेला जाएगा। इसमें मेजबान देश मेक्सिको और साउथ अफ्रीका आमने-सामने होंगे। यह पहला मौका होगा, जब तीन देश अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा वर्ल्ड कप की मेजबानी कर रहे हैं।

फ्रांस के ग्रुप में सेनेगल और नॉर्वे डिफेंडिंग चैंपियन अर्जेंटीना को ग्रुप जे में रखा गया है। स्पेन ग्रुप एच में है, फ्रांस ग्रुप आई में, जर्मनी ग्रुप ई में, पुर्तगाल ग्रुप के में और इंग्लैंड ग्रुप एल में है। ग्रुप एच, आई, जे, के और एल को ग्रुप ऑफ डेथ माना जा रहा है, क्योंकि इनमें मजबूत टीमें हैं। स्पेन के ग्रुप में उरुग्वे और सऊदी अरब जैसी टीमें हैं, जिन्होंने पिछले वल्ड4 कप में कई उलटफेर किए थे। फ्रांस के ग्रुप में सेनेगल और नॉर्वे जैसी अच्छी टीमें हैं।

## प्रदेश समाचार

# दिव्यांगता के बारे में ग्रामीणों को दी जानकारी



**सवाई माधोपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** सरस्वती विद्या आश्रम समिति द्वारा शुक्रवार को ग्राम गंभीरा में जन जागरूकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के दौरान समन्वयक विवेक यादव ने दिव्यांगता के कारणों को ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, साथ ही विशेष शिक्षा के प्रशिक्षणार्थियों ने भी नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिव्यांगता से संबंधित जानकारी प्रदान की। इस दौरान प्रधानाध्यापक रवि शर्मा, विशेष शिक्षक कुलदीप योगी, भारत शर्मा, गोपेश भारद्वाज मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने घोषित किए दो सार्वजनिक अवकाश

**सीकर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने आदेश जारी कर वर्ष 2026 के लिए जिले में दो स्थानीय अवकाश घोषित किए हैं। आदेशानुसार 14 जनवरी 2026 को मकर संक्राति व 27 फरवरी 2026 को खाटूश्यामजी मेले के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।

# जैसलमेर में 'द बॉर्डर अल्ट्रा मैराथन' की शुरुआत

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जैसलमेर।** स्वर्णनगरी में 'द बॉर्डर अल्ट्रा मैराथन' की शुरुआत हो चुकी है। दावा है कि ये देश की सबसे मुश्किल अल्ट्रा मैराथन में से एक है। इसकी शुरुआत शनिवार दोपहर 12 बजे इंदिरा स्टेडियम से हुई। इस मैराथन को 'द हेल रेस संस्था' द्वारा आयोजित करवाया जा रहा है। इसमें करीब 1 हजार से ज्यादा प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। खास बात है कि जैसलमेर से लोंगेवाला तक ये रेस तीन कैटेगरी में होगी। इसमें 50,100 और 160 किलोमीटर का रूट है।

मैराथन में जैसलमेर के एडीएम कलेक्टर परसाराम सैनी, यूआईटी सचिव सुखराम पटेल और नगरपरिषद कमिश्नर लजपाल सिंह सोढ़ा भी हिस्सा ले रहे हैं। वे 50 किमी. की मैराथन में भाग ले रहे हैं। भारतीय सेना के बैटल एक्स डिवीजन कर जनरल ऑफिसर कमांडेंट, मेजर जनरल आशीष खुराना ने फ्लैग ऑफ किया। सबसे पहले 160 किमी. दौड़ में हिस्सा लेने वालों को रवाना किया गया। इसके बाद 100 किमी. और फिर 50 किमी. के धावक रवाना हुए। हर 10 किलोमीटर पर धावकों के लिए हाइड्रेशन स्टेशन उपलब्ध कराए जाएंगे।

द हेल रेस के विश्वास कुमार ने बताया कि तीन कैटेगरी में आयोजित होने जा रही इस दौड़ में 1200 धावक हिस्सा ले रहे हैं। हिस्सा लेने वाले धावकों का उत्साह हर साल बढ़ रहा है और जल्द ही यह संख्या 10 हजार के आंकड़े को पार कर सकती है।

### इनका कहना है...

'शौक जैसी बात नहीं है। छोटी-बड़ी दौड़ भाग कर लेते हैं। लाइफ में कम से कम एक स्पोर्ट्स होना चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने बॉर्डर के इलाकों में काफी कुछ देखा है। इसे लेकर मन में था कि देश के लिए कुछ तो करें।

**परसाराम सैनी, एडीएम**

'मैं पहली बार मैराथन में हिस्सा ले रहा हूं। जैसलमेर के पर्यटन के लिए भी ये बेहतर पहल है। ये रेस आगे भी चलती रहे। मैं रोजाना 10 किलोमीटर दौड़ता हूं। प्रैक्टिस के लिए 21 किलोमीटर दौड़ की थी।

**सुखराम पटेल, यूआईटी सचिव**

'मैं रूटिन में भी 5 से 6 किलोमीटर की रनिंग करता हूं। अब 50 किलोमीटर में हिस्सा लेने के लिए प्रैक्टिस की है। 15 से 20 किलोमीटर तक रनिंग की प्रैक्टिस की है। ये योगा के बराबर सबसे बेस्ट फिजिकल एक्टिविटी है।

**लजपाल सिंह सोढ़ा, आयुक्त, नगर परिषद**

# नीमकाथाना कांग्रेस जिलाध्यक्ष घसिया का किया अभिनंदन



महानगर टाइम्स संवाददाता

**नीमकाथाना।** नीमकाथाना के नवनियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष गोविंदनारायण घसिया के मनोनयन पर शनिवार को शहर स्थित प्रदेश कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष, जयपुर संभाग प्रभारी एवं पूर्व विधायक रमेश खंडेलवाल के निजी कार्यालय पर एकत्रित कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूर्व विधायक रमेश खंडेलवाल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता बलराम यादव, श्रीमाधोपुर पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भगवान सहाय कस्वा सहित बड़ी संख्या में उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष घसिया की अगवानी की और कार्यक्रम स्थल पहुंचने के बाद माल्यार्पण व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर खंडेलवाल ने भाजपा सरकार की निंदा करते हुए कहा कि नीमकाथाना जिले की मांग वर्षों पुरानी है, जिसको लेकर क्षेत्र वासियों ने कड़ा संघर्ष किया था। लोगों के साथ उन्होंने भी नंगे पैर जयपुर में प्रदर्शन किया था। पूर्ववर्ती कांग्रेस शासित गहलोत नेतृत्व सरकार ने इस मांग की सौगात दी थी, लेकिन वर्तमान सरकार द्वारा आते ही सबसे पहले इसे जिला निरस्त किया गया। इससे क्षेत्रवासियों में सरकार के खिलाफ रोष है। उन्होंने कहा कि आने वाले दौर में जनता सबक सिखाएगी।

# कांग्रेस की दिल्ली में रैली को लेकर हुई बैठक

### प्रत्येक विधानसभा से एक-एक हजार कार्यकर्ता ले जाने का लक्ष्य

महानगर टाइम्स संवाददाता



**नीमकाथाना।** कांग्रेस की ओर से 14 दिसंबर को दिल्ली में वोट चोर गद्दी छोड़ महरैली में नवसृजित जिला नीमकाथाना क्षेत्र से कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में मौजूदगी को लेकर शनिवार को शहर के शाहपुरा रोड स्थित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर विधायक सुरेश मोदी के नेतृत्व में पार्टी के पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में नीमकाथाना जिले के नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष जी एन घसीया, सीकर जिला अध्यक्ष सुनीता गठाला, पूर्व केंद्रीय मंत्री महादेव सिंह खंडेला, नीमकाथाना विधायक सुरेश मोदी, बालेन्दु सिंह शेखावत श्रीमाधोपुर सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता ओर पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को महारैली में आने की अपील की गई।

नीमकाथाना के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष को सीकर जिला अध्यक्ष सुनीता गठाला ने कार्यभार सौंपा और नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

सीकर जिला अध्यक्ष सुनीता गठाला ने मीडिया से बातचीत में कहा कि 14 दिसंबर को दिल्ली में महारैली को लेकर कांग्रेस के पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई है। बैठक में प्रत्येक विधानसभा से एक-एक हजार कार्यकर्ताओं के आने का लक्ष्य दिया गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कांग्रेस यहां से ओर मजबूत होगी और वोट छोड़ गद्दी छोड़ सरकार को दिल्ली से हिलाएंगे।

उन्होंने कहा कि इस सरकार ने पानी के नाम पर बड़े-बड़े वादे किए और कुछ नहीं किया, जबकि पूर्ववर्ती सरकार ने कुम्भा लिफ्ट परियोजना के लिए 6 हजार 800 करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत किया, लेकिन उसके बाद सरकार बदल गई और यहां के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सिर्फ भाषण देते हैं और भ्रमण करते हैं, लोगों को भ्रमित करने का काम करते हैं। नीमकाथाना में यमुना जल समझौते के लिए बामलड़ा में 5 फरवरी 2024 को धन्यवाद सभा की, लेकिन आज तक नीमकाथाना श्रीमाधोपुर और खंडेला को एक बूंद यमुना का जल नहीं मिला। उन्होंने कहा वह योजना कहां है, उस योजना का पता नहीं चला। मुख्यमंत्री कभी सीकर में धन्यवाद यात्रा निकाल रहे हैं, कभी झुंझुनूं में और कभी चूरू में।

मुख्यमंत्री जी आप ये तो बताओ कि इन योजनाओं को कब धरातल पर लाएंगे। इसी के साथ, जो यहां के क्षेत्र की बड़ी मांग थी, नीमकाथाना जिला और सीकर संभाग को पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पूरा किया था, लेकिन राजनीतिक द्वेषता के कारण जिले और संभाग को हटाया गया। इसके पीछे मुख्य कारण यह था कि शेखावाटी से 21 में से 14 विधायक कांग्रेस के हैं। उन्होंने कहा कि नीमकाथाना हमारा राजनीतिक तौर पर जिला है और आगे कांग्रेस की सरकार बनेगी और नीमकाथाना निश्चित रूप से जिला बनेगा।

# बलिदानी कार सेवकों को नमन कर मनाया शौर्य दिवस



महानगर टाइम्स संवाददाता

**नीमकाथाना।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को शौर्य दिवस मनाया गया। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण को लेकर त्याग एवं तपस्या से बहुमूल्य बलिदान देने वाले कार सेवकों को हिंदू संगठन कार्यकर्ताओं द्वारा नमन किया गया। विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष मनोज बंसिया, प्रदेश भाजपा सैनिक प्रकोष्ठ संगठन संयोजक वीरांगना कविता सामोता ने कहा कि आज ही के दिन उन हजारों कार सेवकों के दिए त्याग-बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता है। उन्हीं के बलिदान की बदौलत अयोध्या में राम मंदिर का सपना साकार हो सका है। राम मंदिर देशवासियों की आस्था स्थल ही नहीं, अपितु देशवासियों का गौरव और सांस्कृतिक धरोहर का भी प्रतीक है।

# थाने में रिपोर्ट देने से गुस्साए चचेरे भाई ने किया फायर, दोस्त को लगी गोली

## जमीन विवाद में की थी फायरिंग, लोग पकड़ने दौड़े तो कार छोड़कर फरार हुआ आरोपी

महानगर संवाददाता

**चित्तौड़गढ़।** मंगलवाड़ थाना क्षेत्र के किशोरजी का खेड़ा गांव में शनिवार को फायरिंग की घटना हो गई। एक युवक पर उसके ही चचेरे भाई ने फायर कर दिया। गोली चचेरे भाई के मित्र को जा लगी। इससे उपचार के लिए उसे उदयपुर रेफर किया गया है। फरार हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। आरोपी एवं पीड़ित दोनों ही उदयपुर जिले के वल्लभनगर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। फायरिंग के बाद किशोरजी का खेड़ा गांव में दहशत


एफएसएल टीम ने मौके से जुटाए सबूत

फैल गई। मंगलवाड़ पुलिस थाने के एएसआई प्रेम शंकर ने बताया कि वल्लभनगर थाना क्षेत्र के अघोरिया निवासी नरेश जाट का अपने चचेरे भाई सुनील से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद में नरेश जाट ने शनिवार को सुनील की मां के साथ मारपीट कर दी थी। ऐसे में सुनील ने वल्लभनगर थाने में नरेश जाट के खिलाफ रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट दर्ज करवाने के बाद सुनील अपने मित्र उदाखेड़ा निवासी राजू धनगर के साथ चित्तौड़गढ़ जिले के मंगलवाड़ थाना क्षेत्र में किशोरजी का खेड़ा गांव आया था। इसी दौरान रिपोर्ट देने से गुस्साया नरेश जाट भी सुनील की तलाश करते हुए किशोरजी का खेड़ा गांव पहुंच गया। यहां उसने सुनील को देखते ही उस पर फायर कर दिया। फायरिंग में सुनील तो बच गया, लेकिन गोली उसके मित्र वल्लभनगर थाना क्षेत्र के उदाखेड़ा निवासी राजू को जा लगी। फायरिंग के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।

एएसआई ने बताया कि घायल राजू को सुनील व अन्य ग्रामीणों ने संभाला। उसे मंगलवाड़ चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार के बाद उदयपुर रेफर कर दिया गया। मौके पर मंगलवाड़ थाना पुलिस पहुंची, जिसने घटना की जानकारी ली। बाद में चिकित्सालय पहुंचकर घायल राजू व सुनील से बात कर घटना की जानकारी ली। गोली राजू के कूल्हे में लगी और हालत खतरे से बाहर बताई गई। एएसआई प्रेमशंकर ने बताया कि एफएसएल को बुलाकर प्रारंभिक जांच करवाई। आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर टीमों का गठन कर रवाना कर दिया गया है। फरार हुए आरोपी की तलाश की जा रही है।

### शोक जताने आया था सुनील

एएसआई ने बताया कि सुनील जाट के एक मित्र की सड़क हादसे में मौत हो गई थी, जो चित्तौड़गढ़ जिले के किशोरजी का खेड़ा गांव का रहने वाला था। आरोपी नरेश जाट के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट वल्लभनगर थाने में देने के बाद सुनील अपने मित्र राजू को लेकर सीधे किशोरजी का खेड़ा गांव आया था। संभवतः इसकी जानकारी आरोपी नरेश के पास पहुंच गई। वह भी पीछा करते हुए किशोरजी का खेड़ा आ गया। यहां सुनील को देखते ही फायर कर दिया, लेकिन गोली राजू को जा लगी।

# घर में घुसकर दामाद ने की सास और 4 साल के बेटे की हत्या

## पैर काटकर कड़े ले गया, 8 थानों की पुलिस तैनात

महानगर संवाददाता

**उदयपुर।** उदयपुर जिले के सलूंबर उपखंड के सेमारी इलाके में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। जहां गुड़ासर गांव के पास जहात फलां में सो रही बुजुर्ग महिला और उसके पांच वर्षीय नाती की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है, जबकि आरोपी दामाद फिलहाल फरार है। तनाव को देखते हुए गांव में 8 थानों की पुलिस तैनात की गई है।

जानकारी के अनुसार, गौरी और उसका नाती सुरेन्द्र कमरों के बाहर बने हॉल में सो रहे थे। रात के समय बदमाश ने धारदार हथियार से दोनों पर हमला किया।



उनके पेट और छाती पर कई वार किए गए थे। बुजुर्ग गौरी के पैर पर भी वार कर उनके पैर के टुकड़े कर दिए गए और पैरों में पहने चांदी के कड़े निकाल लिए गए। सुरेन्द्र हाल ही में अपनी नानी के घर आया था।

घटना के समय परिवार के अन्य सदस्य पास ही चल रहे सत्संग में गए हुए थे। सुबह पड़ोसियों ने दोनों के शव देखे और तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर सेमारी थानाधिकारी गोपाल कृष्ण मीणा, डिप्टी चांदमल सिंगारिया, सलूंबर एसपी राजेश यादव और एफएसएल टीम पहुंची और साक्ष्य जुटाए। एसपी राजेश यादव के अनुसार, घटनास्थल को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि वारदात को लूट की तरह दर्शाने की कोशिश की गई है, जबकि घर में किसी अन्य वस्तु की चोरी नहीं हुई है। बुजुर्ग के पांव काटे जाने का उद्देश्य केवल कड़े ले जाना दिखाना प्रतीत होता है। उन्होंने बताया कि दोनों की मौत सिर पर चोट लगने से हुई है।

मृतका के पति धन्ना मीणा ने आरोप लगाया है कि हत्या दामाद गंगाराम मीणा ने की है। उनका कहना है कि गंगाराम नशे में आए दिन झगड़ा करता था और कई बार टोके जाने पर जान से मारने की धमकी देता था। परिजन आरोपी की गिरफ्तारी पर अड़े हुए हैं। पुलिस परिजनों से समझाइश कर रही है और आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस ने बताया कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और तकनीकी एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर जल्द कार्रवाई की जाएगी।

### आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग

मर्डर के बाद बढ़ते तनाव को देखते हुए गांव में 8 थानों की पुलिस तैनात की गई है। परिजन आरोपी गंगाराम और उसके पिता की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े हैं। आरोपी गंगाराम परिवार समेत गांव से फरार है।

## बैंक में नकली सोना लेकर पहुंची युवती

# गोल्ड लोन के लिए लाई 80 ग्राम हमेल, जांच में हुआ खुलासा



महानगर टाइम्स संवाददाता

**रानौली।** रानोली स्थित एसबीआई बैंक शाखा में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवती गोल्ड लोन लेने के लिए बैंक पहुंची और उसके द्वारा लाए गए आभूषण नकली पाए गए।

बैंक मैनेजर महावीर गिरी ने बताया कि रेटा निवासी पूजा सैनी नामक युवती गोल्ड लोन के लिए आवेदन करने आई थी। युवती अपने साथ 80 ग्राम वजन का एक हमेल लेकर आई थी। यदि यह आभूषण असली सोने का होता, तो इसकी बाजार कीमत लगभग 8 लाख रुपए होती। बैंक स्टाफ ने बताया कि नियमित प्रक्रिया के तहत जब आभूषण की जांच की गई, तो वह नकली पाया गया। इस खुलासे के बाद बैंक स्टाफ और ग्राहकों में हलचल मच गई, जिसके बाद तुरंत रानोली थाने को सूचना दी गई। रानोली थानाधिकारी रामलाल ने जांच के बाद बताया कि युवती जिस आभूषण को सोने का समझकर लाई थी, वह वास्तव में चांदी का था, जिस पर सोने की पॉलिश की गई थी। पुलिस की पूछताछ में युवती ने बताया कि वह घर पर रखे चांदी और सोने के आभूषणों में से गलती से पॉलिश किया हुआ चांदी का हमेल उठा लाई थी। पुलिस ने उस सुनार से भी संपर्क किया जिसने आभूषण पर पॉलिश की थी। सुनार ने इस बात की पुष्टि की। चूंकि यह मामला एक गलती का पाया गया, पुलिस ने युवती को समझाकर घर भेज दिया और उसके खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई।

पुलिस और बैंक प्रबंधन ने आम जनता से अपील की है कि गोल्ड लोन के लिए बैंक में कोई भी आभूषण ले जाने से पहले उसकी सही जांच अवश्य करा लें। इससे ऐसी गलतफहमी और संभावित परेशानी से बचा जा सकता है।

# पत्नी के घर नहीं आने से परेशान व्यक्ति ने ब्लेड से काटा गला

महानगर टाइम्स संवाददाता

**भरतपुर।** भरतपुर के चिकसाना थाना इलाके में एक व्यक्ति ने ब्लेड से अपना गला काट लिया। व्यक्ति ने शराब पी हुई थी। फिलहाल व्यक्ति की हालत ठीक है। लज्जा देवी निवासी नौगाया गांव ने बताया कि मेरे बेटे नरदेव की शादी करीब 7 साल पहले हुई थी। दोनों में शादी के बाद से काफी झगड़ा होता था। इसलिए वह घर चली गई। तब से नरदेव काफी परेशान रहता है। शनिवार दोपहर नरदेव ने शराब पी हुई थी। घटना के समय वह घर पर था। घर पर नरदेव का किसी से कोई विवाद नहीं हुआ था।

अचानक उसने ब्लेड से गला काट लिया। नरदेव की शादी 7 साल पहले हुई थी। जैसे परिजनों को पता लगा कि उसने ब्लेड से गला काट लिया है उसके बाद तुरंत उसे अस्पताल लेकर जाया गया। जहां उसका इलाज जारी है। फिलहाल नरदेव की हालत ठीक है।

# 10 हजार का इनामी बदमाश गुजरात के अहमदाबाद से गिरफ्तार

महानगर टाइम्स संवाददाता

**सीकर।** जिले के खाटूश्यामजी सदर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए 10 हजार के इनामी बदमाश को गुजरात के अहमदाबाद से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पीड़ित का अपहरण कर अपने साथियों के साथ मारपीट का अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया था। परिवादी की रिपोर्ट के बाद खाटूश्यामजी की सदर थाना पुलिस ने थानाधिकारी अमित नागोरा के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए कांस्टेबल रोहिताश्वर कुमार द्वारा गुजरात के अहमदाबाद के मोतीपुरा स्थित कोको कोला पीएसपी प्राइवेट लिमिटेड की कंपनी में इंजीनियर बनकर कर्मचारियों की मीटिंग लेकर कर्मचारियों का परिचय लेते हुए मजदूर कार्ड के आधार करीब 2 महीने से फरार 10 हजार रुपए के इनामी बदमाश जयपुर ग्रामीण के रेनवाल थाना इलाके के संदीप उर्फ नानूराम मीणा को गिरफ्तार किया।



खाटूश्यामजी सदर थानाधिकारी अमित नागोरा के अनुसार परिवादी ने 11 अक्टूबर को पुलिस थाने में लिखित रिपोर्ट देते हुए बताया कि 10 अक्टूबर को वह मंडा गांव स्थित अपने घर पर सो रहा था, इसी दौरान उसके पास जयपुर के जोबनेर के शिवसिंहपुरा के विजय मीणा का फोन आया था। विजय मीरा ने उसे फोन कर मुंडा डेरी के पास यशोदा होटल पर बुलाया, फिर वहां से उसे विजय मीणा ने अपनी एक दोस्त के साथ मिलकर स्विफ्ट गाड़ी में बैठकर ले गया और रास्ते में शराब पीकर मारपीट करते हुए उसका मोबाइल छीन लिया। आरोपी उसे गाड़ी से रेनवाल से जोबनेर जाने वाली रोड पर एक खाली जगह पर ले गए और वहां पर अपने अन्य दो साथियों को बुलाकर उसके मोबाइल से सारे पैसे दूसरे खाते में डलवा लिए। चारों आरोपियों ने पीड़ित के सारे कपड़े उतार कर बेल्ट में लोहे की रोड से मारपीट की और जबरन शराब पिलाकर नग्न अवस्था में फोटो वीडियो बनाए। चारों आरोपियों ने वारदात को अंजाम देने के बाद पीड़ित को खाटू श्याम जी के गायत्री पैलेस के पास छोड़कर चले गए और जाते समय धमकी दी कि अगर उसने किसी अन्य व्यक्ति को बताया या पुलिस थाने में रिपोर्ट दी तो उसके निजी अंगों की फोटो व वीडियो वायरल कर देंगे। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले में अनुसंधान करते हुए कांस्टेबल रोहतासु कुमार की सराहनीय भूमिका के चलते आरोपी को गुजरात के अहमदाबाद से गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल आरोपी से खाटू श्याम जी सदर थाना पुलिस मामले में पूछताछ कर रही है।

# टायर फटने से अनियंत्रित हुई कार डिवाइडर क्रॉस कर ट्रक से टकराई

## 10 दिन की बच्ची व ताऊ की मौत, माता-पिता घायल

महानगर टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** मुकुंदगढ़ इलाके में शनिवार को टायर फटने से बेकाबू हुई कार डिवाइडर क्रॉस कर ट्रक से टकरा गई। हादसे में 10 दिन की बच्ची और उसके ताऊ की मौत हो गई। माता-पिता गंभीर घायल हो गए। एक्सीडेंट का सीसीटीवी भी सामने आया है। एएसआई बाबूलाल ने बताया कि सीकर-झुंझुनूं हाईवे पर बलारिया मोड़ के पास कार बेकाबू होकर डिवाइडर पार कर सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई। हादसे में 10 दिन की बच्ची मेविश और मोहम्मद मकसूद निवासी टमकोर (झुंझुनूं) की मौत हो गई। बच्ची की मां, पिता गंभीर घायल हो गए, जिन्हें सीकर रेफर किया गया है। पुलिस ने बताया कि टमकोर निवासी इकरामुद्दीन की पत्नी खैरूनिशा ने 10 दिन पहले जयपुर में बच्ची को जन्म दिया था। इसके बाद से ही खैरूनिशा, जयपुर में जेठ मोहम्मद मकसूद के घर पर ही थी। मोहम्मद मकसूद का जयपुर में ही चूड़ियों का कारोबार था। सुबह खैरूनिशा और उसकी 10 दिन की बेटी मेविस, इकरामुद्दीन, मोहम्मद मकसूद जयपुर से निकले थे। इस दौरान गाड़ी मकसूद का भांजा रशीद चला रहा था। बलारिया मोड़ के पास टायर फटने से गाड़ी बेकाबू हो गई। रशीद बाल-बाल बच गया। रशीद ने बताया कि इकरामुद्दीन टमकोर में ही चूड़ियों का कारोबार करता है। पत्नी के बेहतर इलाज के लिए इकरामुद्दीन जयपुर ले गया था। डिलीवरी के 10 दिन बाद पूरा परिवार गांव जाने के लिए निकला था। गांव पहुंचने से पहले ही ये हादसा हो गया।

# स्वागत द्वार का लेंटर गिरने से पांच मजदूर घायल

महानगर टाइम्स संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** कस्बे में एक हादसा हो गया। नगरपालिका की ओर से शहर के ब्रह्मचारी मोड़ पर स्वागत द्वार पर लेंटर (बीम) भरने का काम चल रहा था। इस दौरान निर्माणाधीन लेंटर टूटकर गिर गया। जिससे मलबे में 8 मजदूर दब गए। जिसमें से 5 को घायल हालत में अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से तीन को हायर सेंटर रेफर किया है। श्रीमाधोपुर थाना एएसआई श्रीराम ने बताया कि घटना शनिवार सुबह 11.40 बजे की है। स्वागत द्वार के पास ही दुकान चलाने वाले सुमित, अशोक कुमार ने बताया कि ब्रह्मचारी मोड़ के पास नगरपालिका की ओर से स्वागत द्वार बनाया जा रहा है। सुबह से यहां लेंटर (बीम) डालने का काम चल रहा था। इस दौरान तेज धमाके की आवाज आई। स्वागत द्वार का लेंटर नीचे आ गिरा। जिससे नीचे काम कर रहे 8 मजदूर दब गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला। साथ ही पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी गई। थोडी



देर तक एंबुलेंस के नहीं आने पर ठेकेदार की गाड़ी से लोगों को अस्पताल पहुंचाया। इस दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने निर्माण कार्य में लापरवाही और सुरक्षा उपायों में कमी का आरोप लगाया है। हादसे में बाल-बाल बचे घायल मजदूर रेवत सिंह ने बताया-लेंटर गिरते ही उन्होंने अपनी जान बचाने के लिए भागना शुरू कर दिया। लेंटर भरने के दौरान वाइब्रेट मशीन चलाने से बीम टूटकर नीचे गिर गई। एएसआई श्रीराम ने बताया कि घटना में धोद के मौलासी निवासी मनोज कुमार मीणा, खेड़ी-जाजोद निवासी हरिसिंह जिंजवड़िया, मऊ निवासी हीर सिंह राजपूत, नांगल-भीम निवासी रोहिताश निठारवाल और जयरामपुरा निवासी केशर सिंह राजपूत शामिल हैं। घायलों में से मनोज, हरिसिंह और हीर सिंह को आगे हायर सेंटर इलाज के लिए रेफर किया गया है।

# एयू बैंक नकबजनी का इनामी आरोपी गिरफ्तार

महानगर टाइम्स संवाददाता

**मनोहरपुर।** पुलिस थाना मनोहरपुर ने एयू बैंक छारसा में हुई नकबजनी की वारदात का खुलासा करते हुए बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने इस प्रकरण में 10,000 रुपए के इनामी अंतरराज्यीय बैंक नकबजन अमित उर्फ टाकन को गिरफ्तार किया है। थाना पुलिस के अनुसार आरोपी अमित पर राजस्थान, हरियाणा और पंजाब में बैंक नकबजनी के कुल 15 प्रकरण दर्ज हैं। लंबी तलाश के बाद आरोपी को विशेष सूचना के आधार पर पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी से 2 लाख 19 हजार 500 रुपए नकद भी बरामद किए हैं, जिन्हें बैंक से चोरी किया गया था। गौरतलब है कि इस मामले में पुलिस पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर इलेक्ट्रॉनिक कटर मशीन, हैमर व तिजोरी बरामद कर चुकी है। आरोपी से पूछताछ जारी है, जिससे और खुलासे की उम्मीद की जा रही है।



# प्रेमी ने रेता प्रेमिका का गला, परिजनों ने थाने के सामने दिया धरना

## मृतका के परिजनों ने की अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

महानगर टाइम्स संवाददाता

**खैरथल।** प्रेमिका की दूसरी जगह सगाई करने से नाराज प्रेमी के द्वारा प्रेमिका की हत्या मामले में मृतका के परिजन शनिवार को मुंडावर थाने के सामने धरने पर बैठ गए। इस दौरान उन्होंने बहरोड़-सोडावास मार्ग पर जाम लगा दिया। परिजनों को आशंका है कि इस हत्या में अन्य लोग भी शामिल हैं। उन्हें गिरफ्तार किया जाए।



मामले की सूचना लगते ही किशनगढ़ बास डीएसपी लाल सिंह यादव मय जाप्ते थाने पर पहुंचे और मृतक लड़की के परिजनों संग समझाइश का दौर चला। मृतका के परिवारजनों ने कहा कि इस मामले में और भी लोग शामिल हैं। उन्हें भी पुलिस जल्द गिरफ्तार करे और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे। पुलिस ने देर शाम को आरोपी उपेंद्र कुमार को गिरफ्तार कर लिया। जिसे कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा।

### 'मैंने साधु-संतों की सेवा की, मेरे साथ अन्याय हुआ'

थाने के सामने बैठे सैकड़ों लोगों के बीच लड़की के पिता रोते हुए बोले कि पूरा क्षेत्र मेरे बारे में जानता है। मैंने कभी किसी का बुरा नहीं किया और पिछले कई सालों से मैंने साधु-संतों की सेवा की है। मेरे साथ अन्याय हुआ है। जो भी दोषी है, उसे सजा मिले। इस दौरान मुंडावर थाना अधिकारी रामनिवास ने कहा पुलिस आपके साथ है। जो भी इस मामले में दोषी होगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा। मामले की जांच किशनगढ़ बास डीएसपी कर रहे हैं।

# एएनटीएफ ने 1 करोड़ की अफीम के साथ 3 तस्करों को किया गिरफ्तार

## आरोपियों ने गाड़ी की बैक लाइट के नीचे छिपा रखी थी अफीम

महानगर टाइम्स संवाददाता

**सीकर।** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स राजस्थान ने शनिवार को सीकर के रींगस एरिया में मणिपुर से 1 करोड़ से ज्यादा की अफीम ला रहे 3 तस्करों को पकड़ा। तीनों ने तस्करी के बीच खाटूश्याम मंदिर में दर्शन करने का प्लान बनाया था। रास्ते में वह नहाने के लिए रुके। इसी दौरान टास्क फोर्स टीम ने उनकी तलाशी ली। आरोपियों की गाड़ी की बैक लाइट के नीचे अफीम छिपाई हुई थी। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

एएनटीएफ आईजी विकास कुमार ने बताया कि रींगस में की गई कार्रवाई में तीन आरोपी राकेश कुमार पुत्र सोहनराम निवासी खेजड़ला, राजूराम उर्फ राजू पुत्र ढगलाराम निवासी धींगाणा और शंकर पुत्र भूराराम निवासी बिसलपुर को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से गाड़ी में 20 किलो 800 ग्राम अफीम का दूध मिला है। जिसकी मार्केट वैल्यू करीब 1 करोड़ से ज्यादा है। इनकी कार से असम स्टेट की नंबर प्लेट भी मिली है।

तीनों आरोपी मारवाड़ में अफीम का दूध सप्लाई करने के



लिए ला रहे थे। एएनटीएफ लगातार तस्करों के पीछे लगी हुई है। तीनों आरोपी इतने शातिर है कि जब राजस्थान से मणिपुर जाते थे तब अपनी गाड़ी पर असम स्टेट की नंबर प्लेट लगाते। जब इनकी चेकिंग होती तो खुद को राजस्थान का निवासी बताते और कहते कि असम में उनका बिजनेस है। इसलिए उन पर कोई भी शक नहीं करता। मणिपुर से वापस आते वक्त आरोपी राजस्थान की बजाय गुजरात की नंबर प्लेट लगा लेते क्योंकि राजस्थान के नंबरों पर शक रहता है। मणिपुर से वापस लौटते वक्त उनकी यदि कहीं पर चैकिंग होती तो आरोपी कह देते कि वह गुजरात के व्यापारी है। इसी का फायदा उठाकर आरोपी हर बार बच जाते। आईजी विकास कुमार ने बताया कि इन आरोपियों को पकड़ने के लिए एएनटीएफ मणिपुर तक पहुंची। वहां पर उन्होंने अपने ह्यूमन इंटेलिजेंस सोर्स तैयार किए। इन्हीं में से एक सोर्स ने इनपुट दिया कि राजस्थान से तस्कर आए हैं जो अफीम की बड़ी डील कर रहे हैं।

### बदमाशों ने खाटूश्याम दर्शन करने का बनाया प्लान

अफीम को जोधपुर ले जाने के पहले आरोपियों ने खाटूश्याम दर्शन करने का प्लान बनाया और अपना रूट बदलकर वह रींगस पहुंचे। यहां पर आरोपियों का प्लान था कि वह नहाकर मंदिर में दर्शन के लिए जाएंगे। लेकिन यहीं पर एएनटीएफ ने इन्हें दबोच लिया। तब आरोपियों ने टीम को कहा कि वह तो बाबा के भक्त हैं और जोधपुर से आए हैं। आरोपियों ने बड़े आराम से गाड़ी की तलाशी भी करवा ली। जब एएनटीएफ के एक मेंबर गाड़ी की पिछली लाइट पर हाथ लगाया तो वह ढीली लगी। इस पर आरोपियों ने ध्यान भटकाने के लिए कहा कि लाइट टूट चुकी है।

आरोपी जल्दबाजी में गेट का प्लास्टिक हटाने लगे तो वह ढीली लगी। इस पर आरोपियों ने ध्यान भटकाने कहा कि लाटट टूट चुकी है। जब उस लाइट को खोला गया तो अंदर पैकेट मिले। आरोपी करीब 7-8 स्टेट पार करके यह अफीम ला रहे थे। इन आरोपियों ने तस्करी के लिए एक साल में राजस्थान से असम और मणिपुर के कई ट्रिप किए। हर ट्रिप में यह करोड़ों रुपए का माल लेकर आते। इसके बदले ड्राइवर को 30 हजार रुपए हर ट्रिप के देते थे। आईजी विकास कुमार के अनुसार इस पूरे नशे के कारोबार का मास्टरमाइंड तस्कर जोधपुर में बैठकर ही डीलिंग करता है जो थोड़े पैसों के लालच में अपने लोगों से अफीम मंगवाता है और फिर इसकी सप्लाई करता है।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube twitter



### उत्तर पश्चिम रेलवे ने हवाई सेवाओं के रद्द होने से प्रभावित यात्रियों को पहुंचाई राहत

# गंतव्य पर पहुंचाने के लिए चलाईं स्पेशल ट्रेनें

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** हवाई सेवाओं के रद्द होने के कारण अतिरिक्त यात्रीभार को देखते हुए रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए दुर्गापुरा (जयपुर)- बांद्रा टर्मिनस- दुर्गापुरा (जयपुर) स्पेशल (1 ट्रिप), हिसार-खड़की- हिसार स्पेशल एवं दिल्ली सराय -साबरमती- दिल्ली सराय आरक्षित स्पेशल ट्रेन (1 ट्रिप) का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार 09729 दुर्गापुरा (जयपुर)-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल ट्रेन 7 दिसंबर को दुर्गापुरा से 12:25 बजे रवाना अगले दिन 7:00 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। इसी प्रकार 09730 बांद्रा टर्मिनस-दुर्गापुरा (जयपुर) स्पेशल ट्रेन 8 दिसंबर को बांद्रा टर्मिनस से 10:00 बजे रवाना होकर अगले दिन 5:30 बजे दुर्गापुरा पहुंचेगी। यह ट्रेन मार्ग में वनस्थली निवाई, सवाईमाधोपुर, कोटा, रामगंज मंडी, भवानी मंडी, नागदा, रतलाम, वडोदरा, भरूच, सूरत, नवसारी, वलसाड़, वापी, पालघ एवं बोरीवली स्टेशनो पर ठहराव करेगी। इस गाड़ी में 1 फर्स्ट मय सेकंड एसी, 2 सेकंड एसी, 5 थर्ड एसी, 9 द्वितीय शयनयान, 4 साधारण श्रेणी एवं 2 गार्ड डिब्बों सहित कुल 23 डिब्बे होंगे। इसी प्रकार 04725 हिसार-खड़की स्पेशल ट्रेन 7 दिसंबर को (1 ट्रिप) हिसार से 5:50 बजे रवाना होकर जयपुर स्टेशन पर 12:40 बजे आगमन व 13:00 बजे प्रस्थान कर सोमवार को 10:45 बजे खड़की पहुंचेगी। इसी प्रकार 04726 खड़की-हिसार स्पेशल ट्रेन 8 दिसंबर को (1 ट्रिप) खड़की से 17:00 बजे रवाना होकर मंगलवार को जयपुर स्टेशन पर 14:40 बजे आगमन व 14:50 बजे प्रस्थान कर 22:25 बजे हिसार पहुंचेगी। यह ट्रेन मार्ग में सादुलपुर, लोहारू, चिड़ावा, झुंझुनूं, नवलगढ़, सीकर, रींगस, जयपुर, दुर्गापुरा, सवाईमाधोपुर, कोटा, भवानी मंडी, नागदा, रतलाम, गोधरा, वडोदरा, भरूच, सूरत, वलसाड, वापी, बसईरोड, कल्याण, लोणावला व चिंचवड़ स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस ट्रेन में 1 फर्स्ट मय सेकंड एसी, 2 सेकंड एसी, 7 थर्ड एसी, 8 द्वितीय शयनयान, 2 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बों सहित कुल 22 डिब्बे होंगे।




**दिल्ली सराय-साबरमती आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस**

गाड़ी संख्या 04062 दिल्ली सराय-साबरमती आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस 6 दिसंबर को दिल्ली सराय से 8:10 बजे प्रस्थान कर जयपुर स्टेशन पर 14:15 बजे आगमन व 14:25 बजे प्रस्थान कर रात्रि 00:30 बजे साबरमती पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04061 साबरमती-दिल्ली सराय आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलसेवा 7 दिसंबर को साबरमती से 5:30 बजे प्रस्थान कर जयपुर स्टेशन पर 15:45 बजे आगमन व 15:55 बजे प्रस्थान कर 23:00 बजे दिल्ली सराय पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में दिल्ली कैंट, गुड़गांव, रेवाड़ी, अलवर, जयपुर, किशनगढ़, अजमेर, ब्यावर, मारवाड़ जंक्शन, फालना, आबू रोड व पालनपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेल सेवा में 5 सेकंड एसी, 12 थर्ड एसी, 2 पावर कार डिब्बे होंगे।

## जीरो बैंक बैलेंस वाले अकाउंट के लिए आरबीआई ने बढ़ाई फ्री सुविधाएं

### 1 अप्रेल से नए नियम लागू

महानगर टाईम्स संवाददाता

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने जीरो बैलेंस वाले बेसिक सेविंग्स बैंक डिपॉजिट खातों के लिए फ्री सुविधाओं का दायरा बढ़ा दिया है। अब बैंकों को इन खातों को कमतर या सीमित सुविधाओं वाला विकल्प मानने की अनुमति नहीं होगी, बल्कि इन्हें भी नॉर्मल सेविंग्स अकाउंट जैसी ही सर्विस देनी होगी। अगर ग्राहक लिखित या ऑनलाइन रिक्वेस्ट करे, तो बैंक को 7 दिनों के भीतर उसके सेविंग्स अकाउंट को बीएसबीडी में बदलना होगा। ये नियम 1 अप्रैल 2026 से लागू होंगे।

**ग्राहक पर कोई शर्त नहीं थोप सकेंगे बैंक**

ये सभी सुविधाएं ग्राहक की मांग पर उपलब्ध होंगी। बैंक खाते को चलाने के लिए मिनिमम बैलेंस या अन्य शर्तें नहीं लगा सकते। पहले से बीएसबीडी खाता रखने वाले ग्राहक भी रिक्वेस्ट करके नई सुविधाएं पा सकेंगे। बैंकों ने सुझाव दिया था कि बीएसबीडी खाता खोलने के लिए ग्राहकों की आय या प्रोफाइल के आधार पर शर्तें हों आरबीआई ने इसे खारिज किया। इंटरनेट और मोबाइल बैंकिंग पर रोक लगाने का सुझाव—यह भी मंजूर नहीं हुआ।

## दो सरकारी बैंकों ने घटा दी ब्याज दरें, होम-कार लोन की ईएमआई

महानगर टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 5 दिसंबर को रेपो रेट में कटौती किए जाने के बाद दो प्रमुख सरकारी बैंक बैंक ऑफ बड़ौदा और बैंक ऑफ इंडिया ने बड़ा ऐलान कर दिया। रेपो रेट 5.50 फीसदी से घटकर 5.25फीसदी होने के तुरंत बाद बैंकों ने अपनी प्रमुख रेपो बेस्ड लेंडिंग रेट में कटौती कर दी, जिससे होम लोन, कार लोन और पर्सनल लोन लेने वाले ग्राहकों की ईएमआई में कमी आ सकती है।

## संदीप प्रधान ने सेबी के पूर्णकालिक सदस्य का कार्यभार संभाला

**नई दिल्ली (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** बाजार नियामक सेबी ने घोषणा की कि संदीप प्रधान ने उसके पूर्णकालिक सदस्य के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। नियामक ने एक बयान में कहा कि चार दिसंबर को कार्यभार संभालने वाले प्रधान, बाजार मध्यस्थों, वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) से संबंधित विभागों, सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग, निवेशक सहायता और शिक्षा कार्यालय, साथ ही राष्ट्रीय प्रतिभूति बाजार संस्थान के विनियमन और पर्यवेक्षण की देखरेख करेंगे।

### कैंसिल, कैंसिल, कैंसिल...आज भी नहीं सुधरे हालात

# दिल्ली से मुंबई तक हाहाकार, इंडिगो की 250 से ज्यादा उड़ानें हुईं रद्द

महानगर टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** डीजीसीए के आदेश के बाद भी इंडिगो की सर्विस में कोई सुधार नजर नहीं आ रहा है। इंडिगो की फ्लाइट्स में लगातार हो रही देरी और कैंसिलेशन की वजह से शनिवार को भी देश भर के बड़े एयरपोर्ट्स पर यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, पुणे, अहमदाबाद और तिरुवनंतपुरम जैसे शहरों में 250 से ज्यादा फ्लाइट्स के आने-जाने पर असर पड़ा। इस वजह से एयरपोर्ट्स पर लंबी-लंबी लाइनें लग गई, टर्मिनल में भीड़ बढ़ गई और फंसे हुए यात्रियों में नाराजगी भी देखी गई। एयरपोर्ट अधिकारियों का कहना है कि धीरे-धीरे हालात सामान्य हो रहे हैं, लेकिन कुछ रूट्स पर अभी भी दिक्कतें बनी हुई हैं।




**अहमदाबादः सुबह की फ्लाइट्स रुकीं:** अहमदाबाद एयरपोर्ट पर शनिवार की सुबह 12 बजे से 6 बजे के बीच 7 फ्लाइट्स के आने और 12 फ्लाइट्स के जाने को कैंसल कर दिया गया। एयरपोर्ट अधिकारियों ने बताया कि अचानक सेवाओं के रुकने से चेक-इन काउंटर और हेल्प डेस्क पर यात्रियों की लंबी कतारें लग गईं। सुबह-सुबह यात्रा करने वाले कई यात्रियों को दूसरे ट्रैवल ऑप्शन ढूंढने में काफी मुश्किल हुई।

**तिरुवनंतपुरमः कई फ्लाइट्स कैंसिल:** तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट पर 6 दिसंबर को इंडिगो की जो फ्लाइट्स चलने वाली थीं, उनमें डोमेस्टिक फ्लाइट्स के 11 अराइवल (आने वाली) और 11 डिपार्चर (जाने वाली) शामिल थीं। लेकिन, अब तक 6 डोमेस्टिक फ्लाइट्स कैंसिल हो चुकी हैं, जिनमें 3 अराइवल और 3 डिपार्चर शामिल हैं।

**पुणेः 42 उड़ानें रद्द :** पुणे एयरपोर्ट पर 6 दिसंबर को इंडिगो की फ्लाइट्स कैंसिल होने की संख्या अचानक बढ़ गई। अधिकारियों ने बताया कि 14 अराइवल और 28 डिपार्चर फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गईं, जिससे दिन भर में कुल 42 फ्लाइट्स प्रभावित हुईं।

**हैदराबाद : 69 फ्लाइट्स रद्दः** हैदराबाद एयरपोर्ट पर भी इंडिगो की फ्लाइट्स का बुरा असर देखने को मिला। राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के सूत्रों के मुताबिक, कुल 69 फ्लाइट्स रद्द हुईं, जिनमें 26 अराइवल और 43 डिपार्चर फ्लाइट्स शामिल थीं। इस वजह से टर्मिनल गेट्स पर यात्रियों की लंबी कतारें लग गईं, जो नई अपडेट्स का इंतजार कर रहे थे।

**मुंबई : 109 फ्लाइट कैंसिलः** मुंबई एयरपोर्ट पर फ्लाइट्स कैंसिल होने की संख्या सबसे ज्यादा रही। मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के मुताबिक 6 दिसंबर को सुबह 9 बजे तक इंडिगो की 109 फ्लाइट्स कैंसिल हो चुकी थीं। इनमें 51 अराइवल और 58 डिपार्चर फ्लाइट्स शामिल थीं।

**दिल्ली : 106 फ्लाइट रद्दः** दिल्ली एयरपोर्ट भी सबसे ज्यादा प्रभावित शहरों में से एक रहा। एयरपोर्ट अधिकारियों ने बताया कि इंडिगो की 54 डिपार्चर और 52 अराइवल फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गई, जिससे कुल 106 फ्लाइट्स प्रभावित हुईं। दिल्ली एयरपोर्ट ने एक बयान में कहा कि हालात अब सामान्य हो रहे हैं, लेकिन कुछ फ्लाइट्स पर अभी भी असर बना हुआ है।

**पुणे : 40 फ्लाइट कैंसिलः** पुणे एयरपोर्ट को इंडिगो एयरलाइंस से मिली जानकारी के अनुसार 6 दिसंबर को करीब 40 फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गई हैं। पुणे एयरपोर्ट की आधिकारिक सूचना में दिल्ली, चेन्नई, कोलकाता, नागपुर, जयपुर, हैदराबाद, बेंगलुरु, रांची, कोच्चि, लखनऊ, भोपाल, अहमदाबाद, पटना और तिरुवनंतपुरम जैसे कई शहरों की अराइवल और डिपार्चर फ्लाइट्स कैंसल होने की बात बताई गई है।

**गोवाः 12 फ्लाइट रद्दः** गोवा एयरपोर्ट पर भी 6 दिसंबर को अब तक 12 इंडिगो फ्लाइट्स कैंसिल होने की खबर है। इन कैंसिलेशन की वजह से अराइवल और डिपार्चर दोनों पर असर पड़ा है, जिससे यात्रियों को और भी परेशानी हो रही है।

### सरकार ने नियम लिए वापस

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कहा कि केंद्र सरकार हवाई यात्रियों की दुर्दशा के प्रति पूरी तरह सतर्क है और सभी हितधारकों के साथ लगातार परामर्श कर रही है। बयान में कहा गया है कि सार्वजनिक की दुर्दशा को कम करने के लिए कार्यक्रम बहाल करने और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए हर संभव उपाय किया जाएगा, जिसमें शुक्रवार को नागर विमानन महानिदेशालय द्वारा घोषित नियम छूट भी शामिल है।

### जेपी नड्डा का देवघर दौरा : बाबा बैद्यनाथ धाम में पूजा-अर्चना, जिला भाजपा कार्यालय का किया उद्घाटन

## संगठन सुदृढ़ीकरण और बूथ स्तर पर मजबूती पर दिया जोर




महानगर टाइम्स संवाददाता

**देवघर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा दो दिवसीय प्रवास पर शुक्रवार शाम देवघर पहुंचे। प्रवास के पहले दिन उन्होंने प्रदेश नेतृत्व के साथ बैठक कर आगामी रणनीतियों, सांगठनिक योजनाओं और राजनीतिक कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की। नड्डा ने पदाधिकारियों को जनसमस्याओं को लेकर संघर्ष तेज करने, गांवों में प्रवास बढ़ाने और अन्य दलों के योग्य कार्यकर्ताओं को भाजपा से जोड़ने के निर्देश दिए।

शनिवार सुबह नड्डा ने द्वादश ज्योतिर्लिंगों में प्रमुख बाबा बैद्यनाथ मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने कहा कि 'बाबा की नगरी में दर्शन कर अपार ऊर्जा मिली है। देश की निरंतर प्रगति तथा सभी देशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना करता हूं।' इसके बाद नड्डा ने देवघर के ठाढाढ़ी दुलमपुर स्थित पांच मंजिला नवनिर्मित जिला भाजपा कार्यालय का उद्घाटन किया। बाद में उन्होंने कार्यालय का निरीक्षण करते हुए संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी ली और पदाधिकारियों से फीडबैक लिया। इस दौरान उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से गुमला जिला भाजपा कार्यालय का भी उद्घाटन किया। पार्टी इसे संथाल क्षेत्र में संगठन विस्तार की महत्वपूर्ण कड़ी मान रही है। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू, पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, प्रदेश महामंत्री-संगठन कर्मवीर सिंह, गोड्डा सांसद डॉ. निशिकांत दुबे, प्रदेश कोषाध्यक्ष दीपक बंका तथा प्रदेश एवं जिले के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन : संगठित रहकर काम करने का आह्वान**

नड्डा बूथों के कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में शामिल हुए। मंच पर पहुंचकर उन्होंने डॉ. अंबेडकर की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा की मजबूती बूथ से शुरू होती है। सभी कार्यकर्ता संगठित रहकर केंद्र सरकार की उपलब्धियों को गांव-गांव तक पहुंचाएं और आगामी कार्यक्रमों में अधिक सक्रियता दिखाएं। गौरतलब है कि विधानसभा चुनावों के बाद नड्डा का यह पहला झारखंड दौरा है, जिसे पार्टी बेहद महत्वपूर्ण मान रही है।

## बेलडांगा में हुमायूं कबीर का विवादित शिलान्यास कार्यक्रम, इलाके में सुरक्षा कड़ी

**कोलकाता/मुर्शिदाबाद।** पश्चिम बंगाल के बेलडांगा में शनिवार को निलंबित टीएमसी विधायक हुमायूं कबीर द्वारा बाबरी मस्जिद की तर्ज पर मस्जिद निर्माण का शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाने के बाद पूरे क्षेत्र में अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई। 6 दिसंबर की संवेदनशीलता को देखते हुए प्रशासन सतर्क है और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार दिखाई दिया। सुबह से ही इलाके में आरएएफ की 250 टुकड़ियां, एसपी, एएसपी, डीएसपी सहित 100 पुलिस अधिकारी और जिला खुफिया शाखा व सिविक वॉलंटियर के करीब 30 कर्मी तैनात रहे। दूर-दराज से समर्थक भी बेलडांगा पहुंचते रहे, जिसके चलते सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी की गई। कार्यक्रम के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए कलकत्ता हाईकोर्ट की डिविजन बेंच जस्टिस सुजय पाल और जस्टिस पार्थ सारथी सेन ने कहा कि मस्जिद निर्माण में अदालत हस्तक्षेप नहीं करेगी और कानून-व्यवस्था बनाए रखना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। इसके बाद सऊदी अरब से आए दो धर्मगुरुओं की मौजूदगी में कुरान पाठ और शिलान्यास संपन्न हुआ।



## अर्जुन राम मेघवाल ने केंद्रीय संचार ब्यूरो की मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने शनिवार को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, जोधपुर द्वारा महारानी उच्च माध्यमिक विद्यालय मे 'वंदे मातरम् की पुकार, श्रमिक सुरक्षा का विस्तार' थीम पर आधारित पांच दिवसीय मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मेघवाल ने कहा कि वंदे मातरम् गीत ने देश की आजादी के संग्राम में बड़ी भूमिका निभाई। आज की पीढ़ी इससे रूबरू हो सके, इसके लिए ऐसे आयोजन महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने और देश में श्रमिक सुरक्षा के महत्व पर केंद्रित प्रदर्शनी का अधिक से अधिक लोग लाभ उठाएं। इस दौरान उन्होंने संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान को भी रेखांकित किया और कहा कि नेशनल ग्रिड सिस्टम, रोजगार कार्यालयों की स्थापना, श्रमिक सुधार, गर्भवती महिला श्रमिकों के लिए मातृत्व अवकाश जैसे सुधारों के लिए बाबा साहेब को सदैव याद किया जाएगा।



मेघवाल ने कहा कि यह प्रदर्शनी वन्दे मातरम् के 150 वर्ष व नए श्रम कानून के साथ केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की पहल पर वन्दे मातरम् गीत को जन-जन तक पहुँचाने के लिए 150 वर्ष का जश्न मनाया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश के विकास के लिए नए श्रम कानून लाए गए हैं जिससे श्रमिकों के जीवन में निरंतर परिवर्तन आएगा। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा किसानों, युवाओं, महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण योजनायें चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ प्रत्येक नागरिक को मिले। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में केंद्र व राज्य सरकार के नगर निगम, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, राजकीय आयुर्वेदिक विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, कृषि विभाग, भारतीय डाक विभाग, भारतीय स्टेट बैंक, महिला एवं बाल विकास विभाग, महिला अधिकारिता विभाग, पंचायती राज विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, जिला उद्योग केंद्र, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन आदि के स्टाल भी लगाये गए हैं जिसके माध्यम से आमजन को योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त मयंक मनीष ने कहा कि प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों के स्टॉल्स के माध्यम से केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाया जा रहा है, जिससे पात्र जनों के जीवन में परिवर्तन आ सके। पत्र सूचना कार्यालय एवं केंद्रीय संचार ब्यूरो, जयपुर के निदेशक अनुभव बैरवा ने कहा कि यह प्रदर्शनी केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाओं और राष्ट्र निर्माण में हो रहे अभूतपूर्व परिवर्तन को आमजन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। यहां बनाए गए 9 थीम आधारित जोन 'नए भारत' के संकल्प और सामर्थ्य का जीवंत प्रतिबिंब हैं। इस दौरान अर्जुन राम मेघवाल व अन्य अतिथियों ने प्रदर्शनी में आयोजित मौखिक प्रश्नोत्तरी, चित्रकला आदि प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। यह प्रदर्शनी 10 दिसंबर तक प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक आमजन के लिए निःशुल्क खुली रहेगी।

## दिल्ली में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व ओम बिरला ने डॉ. अंबेडकर को अर्पित की श्रद्धांजलि

नई दिल्ली में शुक्रवार को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के70वें महापरिनिर्वाण दिवस पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद परिसर स्थित प्रेरणा स्थल पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। केंद्रीय मंत्रियों, विपक्ष के नेताओं मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, सांसदों व पूर्व सांसदों ने भी श्रद्धांजलि दी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संदेश में कहा कि अंबेडकर का जीवन संघर्ष, समानता, न्याय, शिक्षा और समावेशी समाज की दिशा में मार्गदर्शक है।



### ईएसआई की नई डिस्पेंसरी शुरू, श्रम एवं कानून मंत्री ने किया शुभारंभ

## अब श्रमिकों को घर के पास मिलेगी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा : मलय घटक

महानगर टाइम्स संवाददाता

**आसनसोल।** आसनसोल लोकसभा क्षेत्र के कुल्टी विधानसभा अंतर्गत नियामतपुर में शनिवार को ईएसआई हॉस्पिटल की नई डिस्पेंसरी का शुभारंभ हुआ। राज्य के श्रम एवं कानून मंत्री मलय घटक ने फीता काटकर डिस्पेंसरी का उद्घाटन किया और इसे क्षेत्र के श्रमिकों के लिए बड़ी सुविधा बताया।समारोह में मंत्री मलय घटक ने कहा कि नियामतपुर में नई डिस्पेंसरी खुलने से स्थानीय निवासियों और श्रमिकों को अब छोटी-छोटी बीमारियों के इलाज के लिए आसनसोल स्थित मुख्य ईएसआई हॉस्पिटल तक नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि 2011 से पहले राज्य में श्रम विभाग की पहचान सीमित थी, लेकिन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में विभाग को नई दिशा मिली। संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्रों के श्रमिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। उन्होंने कहा कि ईएसआई हॉस्पिटल में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाएं किसी बड़े नर्सिंग होम से कम नहीं हैं। अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम, अनुभवी चिकित्सा कर्मी और अत्याधुनिक उपकरणों के साथ जटिल बीमारियों की जांच व इलाज की उत्कृष्ट व्यवस्था उपलब्ध है। उन्होंने यह भी बताया कि टेक्नो इंडिया समूह जल्द ही आसनसोल में एक आधुनिक मेडिकल कॉलेज अस्पताल स्थापित करेगा, जिससे क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाएं और मजबूत होंगी।



## स्पीकर वासुदेव देवनानी ने की महत्वपूर्ण घोषणाएं

**राजस्थान विधानसभा में होंगी संसद जैसी सुविधाएं, बनेगा सेंट्रल हॉल और पंचम तल पर ऑडिटोरियम**

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विधानसभा परिसर को आधुनिक संसदीय ढांचे के अनुरूप विकसित करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। उन्होंने बताया कि विधानसभा में अब संसद की तर्ज पर अत्याधुनिक सेंट्रल हॉल बनाया जाएगा, जो बहुपयोगी स्वरूप में कार्य करेगा। इसके लिए उपयुक्त स्थान चिह्नित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को जारी कर दिए गए हैं।



अध्यक्ष देवनानी ने बताया कि प्रस्तावित सेंट्रल हॉल महापुरुषों के थ्री-डी चित्रों, राजस्थान की पारंपरिक कला, संस्कृति तथा ऐतिहासिक महत्व की पेंटिंग्स से सुसज्जित होगा। यह हॉल सदन सत्र के दौरान विधायकगण, विभागीय अधिकारियों और आगंतुक अतिथियों के लिए विचार-विमर्श, संवाद तथा जलपान क्षेत्र के रूप में उपयोग में लाया जाएगा। इस संबंध में विधानसभा सचिवालय और सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ व्यापक रूपरेखा पर चर्चा की गई।

**पंचम तल पर निर्मित होगा अत्याधुनिक ऑडिटोरियम**

देवनानी ने बैठक में विधानसभा भवन के पंचम तल पर ऑडिटोरियम के निर्माण कार्य को शीघ्र आरंभ करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी द्वारा प्रस्तुत ड्रॉइंग का अवलोकन करते हुए इसकी अनुमानित लागत और निर्माण अवधि पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि यह कार्य अधिकतम एक वर्ष में हर हाल में पूर्ण होना चाहिए। यह ऑडिटोरियम युवा संसद, कार्यशालाओं, संगोष्ठियों, सेमिनारों और राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के कार्यक्रमों के लिए प्रमुख स्थल होगा। भविष्य में यदि विधान परिषद का गठन होता है तो यह ऑडिटोरियम उसके उपयोग में भी काम आ सकेगा।

**भवन की ऐतिहासिक सुंदरता को बनाए रखने पर जोर**

अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि राजस्थान विधानसभा भवन भारत के सबसे आधुनिक और पारंपरिक वास्तुकला से युक्त विधानमंडल परिसरों में शामिल है। भवन के बाहरी हिस्से में जोधपुर और बंसी पहाड़पुर के विशिष्ट पत्थरों से बने झरोखे, छतरियां, कमानें, बारादरी और मेहराब इसकी शोभा बढ़ाते हैं। वहीं आंतरिक भाग जयपुर, मारवाड़, शेखावाटी और मेवाड़ की पारंपरिक कलाओं से सुशोभित है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस धरोहर की सुंदरता और गरिमा बनाए रखने के लिए नियमित साफ-सफाई, रखरखाव और सुरक्षा की प्रभावी व्यवस्था की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि न्यूनतम व्यय में उच्च स्तर की व्यवस्थाएं बनी रहें।

## मैथन एलॉयज लिमिटेड द्वारा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का सम्मान समारोह कल

महानगर टाइम्स संवाददाता

**आसनसोल।** मैथन एलॉयज लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक सुभाष अग्रवाला द्वारा देश-विदेश में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का मान बढ़ाने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। यह समारोह 8 दिसंबर को कंपनी के कल्याणेश्वरी स्थित परिसर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में पश्चिम बर्दवान के जिलाधिकारी एस. पोन्नाबालम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे, जबकि एडीएम (पश्चिम बर्दवान) सुभाषिनी आई. गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में उपस्थित रहेंगी। सुभाष अग्रवाला ने बताया कि सम्मानित होने वाले खिलाड़ी मैथन एलॉयज लिमिटेड द्वारा स्पॉन्सर किए गए हैं और उन्होंने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया है।



### सर्द हवाओं से कांपा प्रदेश, फतेहपुर शेखावाटी में पारा 2.3 डिग्री दर्ज

# 20 शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे, उत्तरी इलाकों में पाला गिरने की संभावना




**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** प्रदेश में उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है। राज्य के कई जिलों में हाड़कंपाने वाली सर्दी का असर तेज हो गया है। शेखावाटी इलाके में तो रात का तापमान 2 डिग्री सेल्सियस के बराबर पहुंच गया। इस कारण खेतों में पाला जमने लगा है। शेखावाटी क्षेत्र में पारा पांच डिग्री से नीचे पहुंच गया, जिससे फसलों में पाला गिरने की संभावना जताई जा रही है।

राजस्थान में उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है। पाले की वजह से रबी की फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका बढ़ गई है। किसानों के मुताबिक गेहूं, चना और सरसों की फसल पर सबसे अधिक असर दिख रहा है। पिछले 24 घंटे में राज्य के 20 से ज्यादा शहरों में न्यूनतम तापमान सिंगल डिजिट में दर्ज किया गया। जयपुर में भी शनिवार को 9 डिग्री रहा। जो इस सीजन का सबसे कम तापमान है। सुबह और देर रात शहर में सर्द हवाओं के कारण लोगों को अंगीठी, हीटर और गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ रहा है। सीकर जिले के फतेहपुर में न्यूनतम तापमान 2.3 डिग्री सेल्सियस रहा। शेखावाटी के चूरू, सीकर, झुंझुनूं के साथ नागौर, बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़ और अलवर में रात के समय तेज ठंड महसूस की जा रही है। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि एक सप्ताह तक राज्य में मौसम साफ रहने की संभावना है। हालांकि इस दौरान तापमान में किसी खास बढ़ोत्तरी की उम्मीद नहीं है। शेखावाटी इलाके में न्यूनतम तापमान 3 से 5 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। कई स्थानों पर शीतलहर का असर बने रहने की चेतावनी भी जारी की गई है।

## 'एक कदम समृद्धि की ओर' कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन



**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** वेल्थ पिरामिड निवेश सलाहकार संस्थान की ओर से दिसम्बर-जनवरी माह में 'एक कदम समृद्धि की ओर' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पूर्व राज्यमंत्री राजीव अरोड़ा ने शनिवार को आयोजन के पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर राजीव अरोड़ा ने कहा कि निवेश एक महत्वपूर्ण वित्तीय निर्णय है जो आपके भविष्य को प्रभावित कर सकता है। निवेश करने से पहले, यह जानना आवश्यक है कि कब, कैसे और कहां निवेश करना है। उन्होंने कहा कि निवेश एक संगठित विज्ञान है जो आपके वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकता है। निवेश करने से पहले, अपने वित्तीय लक्ष्यों, जोखिम सहनशक्ति और निवेश विकल्पों को ध्यान में रखें। इसमें निवेश सलाहकार की भूमिका आज के युग में अति महत्वपूर्ण है। वेल्थ पिरामिड के सीईओ संजय झांवर और सीए पार्थ झांवर की ओर से संचालित आगामी आयोजन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए राजीव अरोड़ा ने सभी साथियों शुभचिंतकों को इस आयोजन में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया। पोस्टर विमोचन के अवसर पर सीए मुकेश गुप्ता, बसंत जैन, अनिल गोयल, नितिन शारदा भगेरिया, दीपक धीर और नीरज चतुर्वेदी उपस्थित रहे।

### मॉर्निंग वॉक पर मुख्यमंत्री, जवाहर सर्किल पार्क में वॉक के साथ आमजन से की मुलाकात

# सीएम ने आनजन को दिया 'फिट राजस्थान-फिट इंडिया' का संदेश



**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार सुबह जवाहर सर्किल पार्क में मॉर्निंग वॉक किया। इस दौरान वे वहां आए लोगों से मिले और उनकी तकलीफों को भी जानकर उनके निदान के आदेश दिए। उन्होंने 'फिट राजस्थान-फिट इंडिया' के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए सभी को स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। इस दौरान पार्क में मौजूद लोगों ने भी कदमताल मिलाते हुए मुख्यमंत्री के साथ मॉर्निंग वॉक की। सीएम शर्मा ने आत्मीयता के साथ आमजन से मुलाकात की और सेहत, दिनचर्या तथा जीवनशैली से जुड़े विषयों पर बातचीत की। इसी समय मुख्यमंत्री ने जवाहर सर्किल पार्क स्थित मंदिर में दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली, समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। इसके बाद उन्होंने जूस पीते हुए आमजन के साथ चर्चा भी की।

# जेल में हत्या या आत्महत्या की आशंका को देखते हुए कटारा केंद्रीय कारागार में शिफ्ट

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** वरिष्ठ अध्यापक भर्ती-2022 पेपर लीक मामले में जेल में बंद आरपीएससी के पूर्व सदस्य बाबूलाल कटारा ने अदालत को जयपुर जिला जेल में अपनी हत्या होने या डिप्रेशन में आकर आत्महत्या करने की बात कही है। वहीं ईडी कोर्ट ने आरोपी की मनःस्थिति को देखते हुए उसे जिला जेल से केंद्रीय कारागार में शिफ्ट करने आदेश दिए हैं।

सुनवाई के दौरान बाबूलाल कटारा कोर्ट में पेश हुए। कटारा ने कोर्ट को बताया कि उसे जेल में कुछ लोगों से जान का खतरा है। वहीं अत्यधिक तनाव के कारण आत्महत्या को मजबूर होने की जानकारी भी दी। इससे पूर्व कटारा की ओर से उनके अधिवक्ता भानू प्रकाश शर्मा ने प्रार्थना पत्र पेश कर कहा कि गत 28 नवंबर को जिला कारागार से कटारा ने अपने बेटे को फोन कर कुछ लोगों की ओर से परेशान करने की जानकारी दी थी। कटारा ने बेटे को यहां तक कहा कि यदि अब उसके पास फोन नहीं आए तो यह मान ले कि उसके साथ गलत हो गया है। इस पर उदयपुर निवासी बेटे ने इसकी जानकारी उन्हें दी और सुरक्षा सुनिश्चित करने की बात कही। प्रार्थना पत्र में कहा गया कि कटारा जेल में बंद है और व्यक्तिगत रूप से अदालत में प्रार्थना पत्र पेश करने में असमर्थ है। इसलिए बतौर अधिवक्ता वह प्रार्थना पत्र पेश किया जा रहा है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने माना कि कटारा की मानसिक दशा स्थिर नजर नहीं आ रही है और भारी तनाव व डिप्रेशन दिख रहा है। हालांकि प्रार्थना पत्र में कटारा को दूसरे जेल में शिफ्ट करने की गुहार नहीं है, लेकिन सुनवाई के दौरान कटारा ने अपने आप को उदयपुर जेल में शिफ्ट करने की मौखिक गुहार की। वहीं अदालती आदेश की पालना में विशेष लोक अभियोजक बीएस चौहान ने कटारा के आरोपों को लेकर गोपनीय सीलबंद रिपोर्ट पेश की।


### खोया-पाया

मेरा एक बैग/फाईल जिसमें ओम शिव गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड रजि. नं. 2757/L की योजना असोपा नगर विस्तार, हाथोज में आवंटन पट्टे भूखण्ड संख्या 141, 142, 143, 160, 161, 162, 164, 165, 168, 169, 170, 224, 327 328 व 329 के आवंटन पत्र मय साईट प्लान व रसीद मेरी गाड़ी से गुम हो गये। किसी व्यक्ति, संस्था को मिले तो लौटाने की कृपा करें।

जगदीश प्रसाद यादव
मो.नं. 9414273782

### जयपुर विकास प्राधिकरण,जयपुर
www.jda.urban.rajasthan.gov.in

क्रमांक:जेडीए/ज़ोन-10/2025/डी-8330 दिनांक 5/12/25

**सार्वजनिक सूचना**

[illegible]

जयपुर ज़ोन-10
जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

### कार्यालय उपायुक्त सिविल लाईन ज़ोन, नगर निगम जयपुर

क्रमांक : एफ-13( ) सि.ला.जो./उपा./नगनि/2025/1865 दिनांक : 06.12.2025

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

भूखण्ड सं. डी-53 चौमू हाउस सरदार पटेल मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर का शहरी जमाबन्दी द्वारा श्री राय बहादुर देवी सिंह पुत्र श्री गोविन्द सिंह के नाम से दर्ज है। तत्पश्चात श्रीमती कमला देवी सिन्हा पत्नि श्री गोविन्द प्रसाद सिन्हा ने क्रय किया। तत्पश्चात वसीयत नामा के अनुसार श्रीमती विनिता सिन्हा पत्नि स्व. श्री अनुज कुमार सिन्हा पंजीकृत वसीयत के आधार पर उक्त भूखण्ड का पट्टा श्रीमती विनिता सिन्हा पत्नि स्व. श्री अनुज कुमार सिन्हा के नाम से जारी किया जाना है। किसी संस्था, फर्म, कम्पनी व किसी भी व्यक्ति को उक्त पट्टा के संबंध में आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में सात दिवस में आपत्ति पेश करें। अन्यथा सात दिवस पश्चात् उक्त भूखण्ड में पट्टा जारी करने की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी।

उपायुक्त सिविल लाईन ज़ोन, नगर निगम जयपुर

### जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
रामकिशोर व्यास भवन, इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004

क्रमांकः F-JDA/Zone 14/2025/D-99

**आम सूचनाः-** आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 266352 दिनांक 11/11/2025 को निम्नांकित भूखण्ड का Issue Free Hold E-Patta in lieu of already issued Patta (Lease Deed) | Original Lease Deed (Patta) जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी/ लीजधारक का नाम | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड क्षेत्रफल | गृ.नि.स.स. निजी खातेदारी/ जविप्रा योजना | योजना का नाम | सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Pooja Maheshwari W/o Rajneesh Kabra | श्रीमती वन्दना शर्मा पत्नी श्री सुधीर शर्मा | B395 | 120.00 SQ. Meter | JDA | Parth Nagar Yojana Sector/ Block- | Issue Free Hold E-Patta in lieu of already issued Patta (Lease Deed) \| Original Lease Deed (Patta) | जविप्रा की आवासीय योजना पार्थ नगर के भूखण्ड संख्या बी-395 क्षेत्रफल 120 व.मी. की लीजडीड क्रमांक 830 दिनांक 23.09.2008 द्वारा श्रीमती वन्दना शर्मा पत्नी श्री सुधीर शर्मा, रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 28.02.2022, 29.03.2022 |

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Issue Free Hold E-Patta in lieu of already issued Patta (Lease Deed) | Original Lease Deed (Patta) जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

### राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय,
जे0एल0एन0 मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर -0141-4901853

क्रमांक 4816 दिनांक 04/12/25

**आम जाहिर सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा कार्यालय क्रमांक 9204 दिनांक 23.12.2011 जारी कर आवास संख्या 1/H/292 इन्दिरा गांधी नगर, जगतपुरा जयपुर, क्षेत्रफल 328.050 वर्ग मीटर का हस्तान्तरण श्रीमती सुदर्शन जैन पत्नी श्री खेम चन्द जैन के पक्ष में किया गया था। श्रीमती सुदर्शन जैन की मृत्यु दिनांक 14.08.2022 को हो जाने के कारण श्री प्रवीण जैन एवं श्री नवीन जैन पुत्रान् स्व.श्री खेमचन्द जैन के द्वारा आवेदन पत्र के साथ जमा प्रशासनिक शुल्क की छाया प्रति, शपथ पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्रों की छाया प्रति, रजिस्टर्ड हकत्याग पत्र की छाया प्रति प्रस्तुत कर उक्त आवास का प्रतिस्थापन अपने नाम से करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक / संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्री प्रवीण जैन एवं श्री नवीन जैन पुत्रान् स्व.श्री खेमचन्द जैन के पक्ष में आवास के प्रतिस्थापन की कार्यवाही कर दी जावेंगी।

सम्पदा प्रबंधक
वृत तृतीय, रा0आ0मण्डल जयपुर

### (देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18(2) के अधीन नोटिस समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)

मुकदमा नम्बर 542/2025

चूंकि श्री लक्ष्मण दास वाधवानी निवासी 1229, गौतम मार्ग, रानी सती नगर, किंगस रोड अजमेर रोड जयपुर राजस्थान ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1). के अन्तर्गत प्रन्यास **श्री अमरापुर जन कल्याण चेरिटेबल ट्रस्ट** कार्यालय-104/73 विजय पथ मानसरोवर जयपुर के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा(2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नही की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 17/11/25 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइंदा तारीख पेशी 21/1/26

सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग, (जयपुर)

### प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18(2) के अधीन नोटिस**
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर समस्त संबंधित व्यक्तियों को**
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)

**मुकदमा नंबर:** DEV/JAIPUR-I/TRUST/2025/990

चूंकि प्रार्थी श्री MUKESH KUMAR MITTAL, Plot No. B-51, Shri Kuber Residency, Sriniwas Nagar, Sikar Road, Jaipur-302013 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास RAJASTHAN RAHAT SAMITI, 1 PRABHU DAYAL MARG, SANGANER AIRPORT JAIPUR 302011 के संबंध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है। अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपित्तयां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।आज दिनांक 05.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइंदा तारीख पेशी-11.02.2026

मुहर

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य निखिल जांगिड पुत्र श्री अशोक कुमार जांगिड़, निवासी-36, गुलमोहर लेन, दूसरा सिरसी रोड, वैशाली नगर जयपुर, राजस्थान का हूँ। मेरे अभिभाष्य ने अमित सेन पुत्र श्री राजेश सेन, निवासी-सरावली गली, मोची मोहल्ला, निम्बाहेडा, जिला चित्तौड़गढ़, राजस्थान द्वारा एक एग्रीमेन्ट भूमि खसरा नम्बर 1011 व 1028 स्थित ग्राम पालू, तहसील-मौजमाबाद, जिला जयपुर में स्थित कृषि भूमि का एग्रीमेन्ट किये थे, जिसकी समयाबधि गुजर चुकी है, जिसके सम्बन्ध में पूर्व में दो व्हाट्सएप नोटिस भेजे जा चुके है, जिसमें आपको काफी समय दिया जा चुका है। आपके द्वारा धोखाधडी कर एग्रीमेन्ट के पेटे अन्य व्यक्ति किसान रियल इन्फ्रा प्रा0लि0 के निदेशक श्री फूलचन्द सैनी व सूभाष सैनी द्वारा चैक दिये गये, परन्तु करार से काफी समय पश्चात भी आप द्वारा रजिस्ट्री नहीं करवाई गई। अतः आपको अन्तिम अवसर व हिदायत उक्त प्रकाश के तीन दिवस में रजिस्ट्री नहीं करवाने पर किया। गया एग्रीमेन्ट निरस्त समझे जाए एवं मेरा अभिभाष्य उक्त भूमि को दीगर व्यक्ति बेचान, अन्तरित करने के लिए स्वतंत्र होगा, सूचित रहे।

(सोनू प्रकाश जोशी) एडवोकेट,
मो.न.9929058739,7014870413

### राजस्थान आवासन मण्डल वृत अलवर

**-::आवश्यक सूचना::-**

मूलतः आवास संख्या 3/711-ए, एस.डब्ल्यू.बी. योजना, अलवर जो कि श्री कैलाश अग्रवाल पुत्र तुलसी राम अग्रवाल को आवंटन पत्रांक 393 दिनांक 03.08.2011 के द्वारा आवंटित किया गया था। मण्डल द्वारा आवासन का अदेय प्रमाण पत्र क्रमांक 3172 दिनांक 29.11.11 को श्री कैलाश अग्रवाल के नाम जारी कर दिया गया था। श्री कैलाश अग्रवाल द्वारा आवास की रजिस्ट्री स्वयं के नाम से दिनांक 10.02.2012 को उप पंजीकय कार्यालय अलवर में पंजीकृत करवाई जा चुकी है। श्री कैलाश अग्रवाल आवास का बेचान जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 19.10.2012 को श्री महेन्द्र कुमार जैन पुत्र श्री शिखर चन्द जैन एवं श्रीमती सरिता जैन पत्नी महेन्द्र कुमार जैन को कर दिया गया। मण्डल द्वारा आवास का लीज हस्तांतरण पत्रांक 5266 दिनांक 21.02.2013 को श्री महेन्द्र कुमार जैन व श्रीमती सरिता जैन के नाम संयुक्त रूप से जारी कर दिया गया था। श्री महेन्द्र कुमार जैन एवं श्रीमती सरिता जैन द्वारा उक्त आवास का बेचान जरिये पंजीकृत बयनामा दिनांक 04.11.2025 को श्रीमती सरोज गुप्ता पत्नी आनन्द कुमार गुप्ता को कर दिया गया। श्रीमती सरोज गुप्ता द्वारा उक्त आवास का मण्डल नियमानुसार लीज हस्तांतरण किये जाने हेतु दस्तावेज एवं शुल्क जमा करा कर आवेदन किया गया है।

अतः जरिये इस विज्ञप्ति यह आगाह किया जाता है कि उक्त आवास संख्या 3/711-ए, एस.डब्ल्यू..बी. योजना, अलवर के सम्बन्ध में पिता, पुत्र, पुत्री भाई अन्य किसी रिश्तेदार व्यक्ति विशेष या हितकारी को एवं आम व्यक्ति विशेष को उजर एतराज हो तो वह इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 10 दिवस में, राजस्थान आवासन मण्डल वृत अलवर में अपना एतराज लिखित में प्रस्तुत करें अन्यथा श्रीमती सरोज गुप्ता पत्नी आनन्द कुमार गुप्ता के पक्ष में आवास के लीज हस्तांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

उप आवासन आयुक्त
राजस्थान आवासन मण्डल
वृत अलवर।

### कार्यालय उपायुक्त, (झोटवाडा जोन) नगर निगम, जयपुर
(तारानगर - डी खिरणी फाटक, झोटवाडा जयपुर)

क्रमांकः एफ-3( ) झो.जोन/ज.न.नि./2025/1163 दिनांकः 05/12/2025

**सार्वजनिक सूचना**

मूल भूखण्ड संख्या 177 प्रताप नगर, खातीपुरा रोड, जयपुर (प्रताप नगर हाउसिंग कॉ-ऑपरेटिव सोसायटी लि.) जयपुर द्वारा **श्रीमती देवेन्द्र कौर पत्नी श्री सतबीर सिंह** द्वारा मूल आंवटी पट्टा विलेख क्रमांक 82 दिनांक 20.05.1994 क्षेत्रफल 333.33 वर्गगज का पट्टा जारी किया गया था। श्रीमती देवेन्द्र कौर पत्नी श्री सतबीर सिंह की मृत्यु दिनांक 25.05.2003 को हो गई। श्री सतबीर सिंह पुत्र श्री हरनाम सिंह की मृत्यु दिनांक 23.10.2010 को हो गई। श्रीमती देवेन्द्र कौर पत्नी श्री सतबीर सिंह के वारिसान श्रीमती मनप्रित कौर मल्होत्रा पत्नी श्री किशन मल्होत्रा एवं सुपुत्री स्व. श्री सतबीर सिंह द्वारा अपना अविभाजित हिस्सा रजिस्टर्ड हक त्याग द्वारा अपने भाई श्री कुलप्रित सिंह पुत्र स्व. श्री सतबीर सिंह के हक में कर दिया गया। आवेदक द्वारा प्रस्तुत अण्डरटेकिंग, मृत्यु प्रमाण पत्र, रजिस्टर्ड हक त्याग अन्य दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड का नगर निगम जयपुर में श्री कुलप्रित सिंह पुत्र स्व. श्री सतबीर सिंह के पक्ष में क्षेत्रफल 333.33 वर्गगज का नाम हस्तानान्तरण/ उपविभाजन एवं फ्री होल्ड पट्टा जारी किया जाना है। इस नाम हस्तानान्तरण/उपविभाजन एवं फ्री होल्ड पट्टा जारी किये जाने बाबत् किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय उपायुक्त, झोटवाडा जोन में प्रस्तुत करें, निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद नियमानुसार नाम हस्तानान्तरण / उपविभाजन एवं फ्री होल्ड पट्टा जारी किये जाने की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी।

उपायुक्त,
झोटवाडा जोन, नगर निगम जयपुर

### खोया-पाया

JDA की योजना हीरालाल शास्त्री नगर प्लाट न.G 69 का ओरिजनल आवंटन पत्र कहीं गुम हो गया है मिलने पर संपर्क करें राजेश कंवर 9636512148

### राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय,
जके0एल0एन0 मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर-0141-4901853

क्रमांक 4764 दिनांक 01/12/25

**आम जाहिर सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा **विकसित आवासीय भूखण्ड संख्या-5/MA/88 इन्दिरा गांधी नगर जगतपुरा, जयपुर** क्षेत्रफल 96.00 वर्ग मीटर का आवंटन श्री त्रिलोक पुत्र स्व.श्री छाजूराम को किया गया था। **मूल पट्टा अपंजीबद्ध है।** तत्पश्चात श्री त्रिलोक पुत्र स्व.श्री छाजूराम के द्वारा उक्त अपंजीबद्ध पट्टे का मुख्त्यारनामाआम श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री मोती लाल शर्मा को नियुक्त किया गया। **उक्त मुख्त्यारनामाआम अपंजीबद्ध है।** तत्पश्चात मुख्त्यारनामाआम धारक श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री मोती लाल शर्मा के द्वारा उक्त विकसित आवासीय भूखण्ड का बेचान जरीये विक्रय पत्र श्री भवानी सिंहा चन्देल पुत्र श्री चिरंजी लाल चन्देल को कर दिया। **यह विक्रय पत्र दिनांक 09/04/2007 को पंजीबद्ध है।** ततपश्चात श्री भवानी सिंह चन्देल पुत्र श्री चिरंजी लाल चन्देल ने उक्त विकसित आवासीय भूचण्डल का बेचान जरीये विक्रय पत्र श्री संदीप गर्ग पुत्र श्री हजारी लाल गर्ग को कर दिया। **यह विक्रय पत्र दिनांक 04/08/2009 को पंजीबद्ध है।** तत्पश्चात श्री संदीप गर्ग पुत्र श्री हजारी लाल गर्ग ने उक्त विकसित आवासीय भूखण्ड का बेचान जरीये विक्रय पत्र श्रीमती सीमा आहुजा पत्नी श्री संजय आहुजा को कर दिया। यह विक्रय पत्र दिनांक 10/06/2010 को पंजीबद्ध है। तत्पश्चात श्रीमती सीमा आहुजा पत्नी श्री संजय आहुजा ने उक्त विकसित भूखण्ड का मुख्त्यारनामाआम श्री गराम मीणा पुत्र श्री रामपाल मीणा को नियुक्त कर दिया। **यह मुख्त्यारनामाआम दिनांक 10/04/2013 को पंजीबद्ध है।** तत्पश्चात मुख्त्यारनामाआम धारक श्री जगराम मीणा पुत्र श्री रामपाल मीणा के उक्त विकसित आवासीय भूखण्ड को बेचान जरीये विक्रय पत्र श्री प्रहलाद कोठीवाल पुत्र श्री रणजीत कुमार मीणा को कर दिया। **यह विक्रय पत्र दिनांक 15/04/2013 को पंजीबद्ध है।** श्री प्रहलाद कोठीवाल पुत्र श्री रणजीत कुमार मीणा के द्वारा उक्त विकसित आवासीय भूखण्ड का नवीन पट्टा अपने पक्ष में जारी करवाने हेतु आवेदन किया गया है। **जिसके क्रम में आवेदक के द्वारा प्रस्तुत प्रत्रो में मुख्त्यारनामाआम की छाया प्रति प्रस्तुत की गयी है।** उक्त हस्तान्तरण अथवा मुख्त्यारनामाआम के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ती हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के **07 दिवस** में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्रप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता **श्री प्रहलाद कोठीवाल पुत्र श्री रणजीत कुमार मीणा** का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर उनके पक्ष में उक्त भूखण्ड का नवीन पट्टा जारी करने की कार्यवाही कर दी जायेगी।

सम्पदा प्रबन्धक
वृत तृतीय,रा0आ0म0 जयपुर

### जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

क्रमांकः F-JDA/Zone 12/2025/D-81 **आम सूचना**

आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 266642 दिनांक 13/11/2025 को निम्नांकित भूखण्ड का Sub Division and Reconstitution जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी /लीजधारक का नाम | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड क्षेत्रफल | गृ.नि.स. स./निजी खातेदारी /जविप्रा योजना | योजना का नाम | सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Ankit Agarwal S/o Padam Chand Agrawal | दीपांक्षा तायल पुत्री श्री नरेन्द्र कुमार तायल | 45 | 300.68 SQ. yard | Private | Shri Balaji Dham Sector/ Block- | Sub Division and Reconstitution | एक से अधिक बार रजि. विक्रय पत्र से बेचान होने के कारण |

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Sub Division and Reconstitution जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

### राजस्थान आवासन मण्डल
वृत-तृतीय, जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल, जयपुर

क्रमांक 4763 दिनांक 01/12/2025

**-: आम जाहिर सूचना :-**

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा विकसित आवासीय भूखण्ड संख्या 5/MA/68 इन्दिरा गांधी नगर, जगतपुरा, जयपुर क्षेत्रफल 97.60 वर्ग मीटर का आवंटन श्री मूल चन्द पुत्र श्री रामकिशन को किया गया था। मूल पट्टा अपंजीबद्ध है। तत्पश्चात श्री मूल चन्द पुत्र श्री रामकिशन के द्वारा उक्त अपंजीबद्ध पट्टे का मुख्त्यारनामाआम श्री कांती लाल सेठ पुत्र श्री माणक चन्द सेठ को नियुक्त किया गया। उक्त मुख्त्यारनामाआम अपंजीबद्ध है।

तत्पश्चात मुख्त्यारनामा आम धारक श्री कान्ती लाल सेठ के द्वारा उक्त विकसित आवासीय भूखण्ड का बेचान जरिये विक्रय पत्र श्रीमती सुशीला देवी अग्रवाल पत्नी श्री कैलाश चन्द अग्रवाल को कर दिया। यह विक्रय पत्र दिनांक 25/06/2008 को पंजीबद्ध है।

तत्पश्चात श्रीमती सुशीला देवी अग्रवाल पत्नी श्री कैलाश चन्द अग्रवाल ने उक्त विकसित आवासीय भूखण्ड का बेचान जरिये विक्रय पत्र श्री चौबे लाल मीना पुत्र श्री राम भरोसी मीना को कर दिया। यह विक्रय पत्र दिनांक 28/02/2013 को पंजीबद्ध है। श्री चौबे लाल मीना पुत्र श्री राम भरोसी मीना के द्वारा उक्त विकसित आवासीय भूखण्ड का नवीन पट्टा अपने पक्ष में जारी करवाने हेतु आवेदन किया गया है। जिसके क्रम में आवेदक के द्वारा प्रस्तुत प्रपत्रों में मुख्त्यारनामाआम की छाया प्रति प्रस्तुत की गयी है। उक्त हस्तान्तरण अथवा मुख्त्यारनामा आम के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्री चौबे लाल मीना पुत्र श्री रामभरोसी मीना का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर उनके पक्ष में उक्त भूखण्ड का नवीन पट्टा जारी करने की कार्यवाही कर दी जायेगी।

सम्पदा प्रबंधक, वृत तृतीय, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

# कार्यालय नगर परिषद, सीकर

**राणी सती रोड़, संतोषी माता के पास, सीकर, पिन कोड-332001**

**Email :- sikarulb.jaipur@gmail.com**

**क्रमांक : / विद्युत/2025-26/13730** **दिनांक: 05.12.2025**

## ई-निविदा सूचना / 2025-26

Bids for 1-S&F OF LIGHT AT STADIUM AND KHEL GROUND SIKAR invited for intrested bidders From 02-12-2025 up to 09-12-2025 at 2:00 PM. Other Particulars of the bid may be visited on the **https://sppp.rajasthan.gov.in/sppp/index.php**, of the state.

NIB code :- DLB2526A8653

| S.No. | WORK WISE UBN NO. |
|---|---|
| 1. | DLB2526WSOB25913 |

**(शशिकान्त शर्मा)**
**आयुक्त**
**नगर परिषद, सीकर**

### Public Notice To Whomsoever It May Concern

This is to inform the General Public that the following share certificate of KOTAK MAHINDRA BANK LIMITED, Registered Office: 27BKC, C 27, G Block, Bandra Kurla Complex, Bandra (East), Mumbai 400051 Maharashtra, registered in the name of ARUNA DHANDIA and was sent to KFin Technologies Limited. has not been in the possession of ARUNA DHANDIA shareholder.This share certificate has been lost, misplaced, and stolen not found.

| Name of Share-holder/s | Folio Number | Certificate No. | Number of Shares | Distinctive Nos. From | Distinctive Nos. To | Face Value |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ARUNA DHANDIA | KMF026004 | 56202 | 100 | 5820101 | 5820200 | 10/- |
| ARUNA DHANDIA | KMF026004 | 237748 | 100 | 23676181 | 23676280 | 10/- |
| ARUNA DHANDIA | KMF026004 | 800592 | 400 | 913555489 | 913555888 | 5/- |

The Public hereby cautioned against purchasing or dealing in any way with the above referred share certificate. Any person who has any claim in respect of the said share certificate should lodge such complaint with the Company or its Registrar and transfer agents KFin Technologies Limited.( KOTAK MAHINDRA BANK LIMITED) Selenium, Tower B, Plot No.31 & 32, Gachibowli, Financial District, Nanakramguda, Serilingampally, Hyderabad - 500032, Telangana within 15 days of Publication of this notice after which no claim will be entertained and the Company shall proceed to issue a Duplicate Share Certificate.

Place: Jaipur Date:06.12.2025

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य **श्री निखिल जागिड़ पुत्र श्री अशोक कुमार जागिड़**, निवासी-36, गुलमोहर लेन, दूसरा सिरसी रोड, वैशाली नगर, जयपुर का हूँ। मेरे अभिभाष्य ने अमित सैन पुत्र श्री राजेश सैन, निवासी-सरावली गली, मौची मोहल्ला, निम्बाहेडा, जिला चितौडगढ़, राजस्थान द्वारा एक एग्रीमेंट भूमि खसरा नं. 1384 व 1005 रकबा 0.76 हैक्टेयर भूमि स्थित ग्राम पालू, तहसील मौजमाबाद, जिला जयपुर में स्थित कृषि भूमि का एग्रीमेंट किया था। जिसकी समयावधि गुजर चुकी है, जिसके संबंध में पूर्व में दो बार वाटसअप पर नोटिस भेजे जा चुके है, जिसमें आपको काफी समय दिया जा चुका है। आपके द्वारा धोखाधडी, जालसाजी कर एग्रीमेंट के पेटे नकद दिये गये, परन्तु करार से काफी समय निकल जाने के बाद भी आपके द्वारा रजिस्ट्री नहीं करवायी गयी। अतः आपको अन्तिम अवसर व हिदायत उक्त प्रकाशन के तीन दिवस में रजिस्ट्री नहीं करवाने पर किया गया एग्रीमेंट स्वतः ही निरस्त समझा जावेगा, एवं मेरा अभिभाष्य उक्त भूमि को दीगर व्यक्ति को बेचान, अन्तरित करने के लिए स्वतंत्र होगा, सूचित रहे, और वक्त जरूरत काम आवे। इति श्री

जयपुर (सोनू प्रकाश जोशी) एडवोकेट
दिनांक: 05.12.2025 मो. नं.9929058739

### जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
रामकिशोर व्यास भवन, इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004

क्रमांकः F-JDA/Zone 6/2025/D-67

**आम सूचनाः-** आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 255137 दिनांक 26/09/2025 को निम्नांकित भूखण्ड का Issue of [Lease/ Free Hold] Deed (E-Patta) जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी/ लीजधारक का नाम | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड क्षेत्रफल | गृ.नि.स.स. निजी खातेदारी/ जविप्रा योजना | योजना का नाम | सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Mahesh Jain S/o Deen Dayal Jain | श्री रवि कुमार जैन पुत्र श्री षिखर चंद जैन | 8 | 112.72 Sq. Yard | Cooperative | Chaman Badi Sector/ Block- | Issue of [Lease/ Free Hold] Deed (E-Patta) | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर। |

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Issue of [Lease/ Free Hold] Deed (E-Patta) जारी करने पर किसी व्यक्ति , वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

### जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
रामकिशोर व्यास भवन, इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004

**आम सूचना**

क्रमांकः F-JDA/Zone 07/2025/D-53

आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 266778 दिनांक 13/11/2025 को निम्नांकित भूखण्ड का Name Transfer जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी/ लीजधारक का नाम | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड क्षेत्रफल | गृ.नि.स.स. निजी खातेदारी/ जविप्रा योजना | योजना का नाम | सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Bhupendra singh s/o baney singh | श्रीमती पार्वती देवी पत्नी श्री बन्ने सिंह | 162 A | 400.00 SQ. YARD | Cooperative | SCHEME NO 16 GLRNAR CLLONY | Name Transfer | पूर्व में जारी लीजडीड एवं मृत्यु उपरांत पंजीकृत हकत्याग पत्र |

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Name Transfer जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

### जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
रामकिशोर व्यास भवन, इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004

क्रमांकः F-JDA/Zone 12/2025/D-57

**आम सूचनाः-** आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 262579 दिनांक 16/10/2025 को निम्नांकित भूखण्ड का Issue Free Hold E-Patta in lieu of already issued Patta (Lease Deed) | Original Lease Deed (Patta) जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी/ लीजधारक का नाम | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड क्षेत्रफल | गृ.नि.स.स. निजी खातेदारी/ जविप्रा योजना | योजना का नाम | सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Mamta Sharma W/o Rajendara Prasad Sharma | श्री बृज भूषण शर्मा पुत्र श्री बाबू लाल शर्मा | 88 | 120.00 SQ. Meter | JDA | Anandlok Sector/ Block-D | Issue Free Hold E-Patta in lieu of already issued Patta (Lease Deed) \| Original Lease Deed (Patta) | एक बार से अधिक विक्रय पत्र से बेचान होने के कारण |

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Issue Free Hold E-Patta in lieu of already issued Patta (Lease Deed) | Original Lease Deed (Patta) जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

### जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
रामकिशोर व्यास भवन, इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004

क्रमांकः F-JDA/Zone-14/2025/D-99

**आम सूचना** आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 266352 दिनांक 11/11/2025 को निम्नांकित भूखण्ड का Issue Free Hold E-Patta in Lieu of already issued Patta (Lease Deed)I Original Lease Deed (Patta) जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये हैं।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी/ लीजधारक का नाम | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड क्षेत्रफल | गृ.नि.स.स./ निजी खातेदारी/ जविप्रा योजना | योजना का नाम | सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Pooja Maheshwari W/o Rajneesh Kabra | श्रीमती वन्दना शर्मा पत्नी श्री सुधीर शर्मा | B395 | 120.00 SQ. Meter | JDA | Parth Nagar Yojana Sector/ Block- | Issue Free Hold E-Patta in Lieu of already issued Patta (Lease Deed)I Original Lease Deed (Patta) | जविप्रा की आवासीय योजना पार्थ नगर के भूखण्ड संख्या बी-395 क्षेत्रफल 120 व.मी. की लीजडीड क्रमांक 830 दिनांक 23.09.2008 के द्वारा श्रीमती वन्दना शर्मा पत्नी श्री सुधीर शर्मा, रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 28.02.2022, 29.03.2022 |

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Issue Free Hold E-Patta in Lieu of already issued Patta (Lease Deed)I Original Lease Deed (Patta) जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

### आमसूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण 1. मो इरफान 2. मो इमरान 3. मो. इस्लामुद्दीन 4. मो इकरामुद्दीन 5. मो रिजवान पुत्रान् इरशाद निवासीगण पी-13, संजय नगर भटटा बस्ती, शास्त्री नगर जयपुर की ओर से सुचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण ने अपने भाई मो इश्तियाक पुत्र इरशाद से अपनी जाति जिन्दगी में सभी संबंध व रिश्ते खत्म कर दिये है, भविष्य में मेरे अभिभाष्यगण का अपने भाई मो इश्तियाक पुत्र इरशाद से कोई संबंध नहीं रहेगा, यदि कोई भी व्यक्ति इश्तियाक से किसी प्रकार का लेनदेन या संव्यवहार करता है तो वह उसकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी।

(मो जाकिर हुसैन)
एडवोकेट, मो.नं. 70622-61899

### Government of India
Ministry of Environment, Forest and Climate Change.
B-215& B-216, "ARANYA BHAWAN" ,Jhalana
Institutional Area, Jaipur-302004 दूरभाष/Tel No: 0141-2713858Email: iro.jaipur-mefcc@gov.in
Regional Office, Gandhinagar

To, Online Proposal No.: FP/RJ/ROAD/431586/2023 Dated: 23/09/2025

Principal Secretary (Forest and Environment),Department of Forest and Wildlife Government of Rajasthan,Vaniki Path, Near Secretariat Jaipur-302005 (Rajasthan)

Subject: Diversion of 4.003 ha forest land for Strengthening & Widening of Viratnagar NH_248A to Paota ,Via -Badanagar,Chhitoli,Tulsipura,Theekariya (Viratnagar to Bavari) Tehsil Viratnagar Distict-Jaipur (Rajasthan) in favour of M/s PUBLIC WORKS DEPARTMENT RAJASTHAN for Jaipur (North) Territorial Division in JAIPUR Forest Division, District (RAJASTHAN) – reg.

Sir/Madam,

I am directed to refer to the online proposal no. FP/RJ/ROAD/431586/2023 dated 31/05/2023 on the above-mentioned subject seeking prior approval of the Central Government in accordance with section' 2' of the Van (Sanrakshan Evam Samvardhan) Adhiniyam, 1980 and to say that the proposal has been examined by Regional Office as per extant rules and regulations. After the examination, the undersigned is directed to convey the "In-Principle/Stage-1" approval of the Central Government under section 2 of the Van (Sanrakshan Evam Samvardhan) Adhiniyam, 1980 for the Proposal for diversion of 4.003 ha forest land for Strengthening & Widening of road, Viratnagar NH_248A to Paota ,Via -Badanagar, Chhitoli, Tulsipura, Theekariya (Viratnagar to Bavari) Tehsil Viratnagar, Distict-Jaipur (Rajasthan) in favour of PUBLIC WORKS DEPARTMENT RAJASTHAN subject to the fulfillment of the following conditions:

1. General Conditions:-1.1 Legal status of the diverted forest land shall remain unchanged;1.2 The boundary of the diverted forest land, shall be demarcated on ground at the project cost, by erecting four feet high reinforced cement concrete pillars, at 20 m apart, each inscribed with its serial number, forward and back bearing/ Geo-coordinate and distance from pillar to pillar; 1.3 The total forest area utilized for the project shall not exceed 4.003 ha.; 1.4 The non-forest land identified for raising compensatory afforestation shall be transferred and mutated in favour of the State Forest Department before issue of the Stage-II clearance; 1.5 The non-forest land transferred and mutated in favour of the State Forest Department shall be notified by the State Government as RF under Section-4 or PF under Section-29 of the Indian Forest Act, 1927 or under the relevant Section(s) of the local Forest Act.; 1.6 The User Agency shall transfer the cost of raising and maintaining the compensatory afforestation, at the current wage rate, to the State Forest Department. The CA scheme may include afforestationof indigenous species with appropriate provision for anticipated cost increase for works scheduled for subsequent years; 1.7 The compensatory afforestation scheme, as approved, shall be implemented by the State Forest Department at the project cost within a period of three years from the date of grant of 'Final' approval; 1.8 Compensatory levies, to be realized from the User Agency, in lieu of diversion of forest land, shall be transferred/ deposited, through e-payment module (https://parivesh.nic.in/) of PARIVESH, into the concerned account of State/UT CAMPA, managed by the National Authority (CAMPA); 1.9 The State Government shall realize the Net Present Value (NPV) of the forest land being diverted under this proposal from the User Agency as per the guidelines given in Chapter – 3 of the Consolidated Guidelines and Clarification issued by the Ministry in accordance with the Hon'ble Supreme Court of India's order dated 28.03.2008, 24.04.2008 and 09.05.2008 in Writ Petition (Civil) No. 202/1995 in the matter of T. N.Godavarman Thirumalpad vs. Union of India; 1.10 At the time of payment of the Net Present Value (NPV) at the then prevailing rate, the User Agency shall furnish an undertaking to pay the additional amount of NPV, if so determined, as per the final decision of the Hon'ble Supreme Court of India; 1.11 No labour camp shall be established on the forest land; 1.12 The User Agency shall provide fuels preferably alternate fuels to the labourers and the staff working at the site so as to avoid any damage and pressure on the nearby forest areas; 1.13 The forest land shall not be used for any purpose other than that specified in the proposal; 1.14 The layout plan of the proposal shall not be changed without the prior approval of the Central Government; 1.15 The forest land proposed to be diverted shall under no circumstances be transferred to any other agency, department or person without prior approval of the Central Government;1.16 No damage to the flora and fauna of the adjoining area shall be caused; 1.17 Any tree felling shall be done only when it is unavoidable and that too under strict supervision of the State Forest Department; 1.18 The User Agency shall not construct any new pathways inside the forest area for transportation of construction materials for execution of the project work; 1.19 Any other conditions that the concerned Regional Office/ Sub Office of this Ministry/ State Government may stipulate, from time to time, in the interest of conservation, protection and development of forests & wildlife shall be complied with; 1.20 The User Agency and the State Government shall ensure compliance to provisions of the all Acts, Rules, Regulations and Guidelines, for the time being in force, as applicable to the project; 1.21 The State Government shall complete settlement of rights, in terms of the Scheduled Tribes and Other Traditional Forest Dwellers (Recognition of Forest Rights) Act, 2006, if any, on the forest land to be diverted in accordance with the relevant guidelines issued by the MoEF; 1.22 Violation of any of these conditions will amount to violation of Van (Sanrakshan Evam Samvardhan) Adhiniyam, 1980 and action would be taken as prescribed in para 1.16 of Chapter 1 of the Handbook of Comprehensive Guidelines of Van (Sanrakshan Evam Samvardhan) Adhiniyam, 1980 as issued by this Ministry's letter dated 29.12.2023.; 1.23 User agency shall restrict the felling of trees to 48 trees/minimum numbers in the diverted forest land and the trees shall be felled under the strict supervision of the State Forest Department and cost of felling of trees shall be deposited by the User Agency with the State Forest Department.;2. Standard conditions:-2.1 Overburden shall not be dumped outside the width of the road. The muck generated in the earth cuttings will be disposed of at the designated dumping sites and in no case the muck/debris will be allowed to dump in the forest area.; 2.2 The designing of culverts/bridges, if any, over the natural streams/rivers/canals should be done in such a manner that it does not hamper the natural course of water, does not give rise to water logging, and also does not hamper movement of wild animals,; 2.3 The user agency will provide retaining walls, breast walls and drainage as per requirement to make the slope stable.; 2.4 Compensatory afforestation shall be taken up by the Forest Department over the identified 4.003 ha NFL in Survey No./Block/Compartment No.0, Village-Buchera, Tehsil-Paota, District-Kotputli Behror of Rajasthan at the cost of the user agency. As far as possible, a mixture of local indigenous species shall be planted and mono-culture of any species may be avoided;2.5 The user agency has to construct 2-3 animal under passes of desired specifications at suitable spacing in consultation with the DFO in the Forest land to facilitate movement of wild animals in the forest area;3. Specific Conditions:-3.1 The KML file of the forest area to be diverted and the CA area shall be uploaded on the e-green watch portal.; 3.2 State Govt. shall appropriately get the NFL land demarcated /fenced by the UA before it is handed over to the SFD immediately after the Stage-I approval for effective management by the SFD;After receipt of the compliance report on the fulfillment of the conditions mentioned above, the proposal shall be considered for final approval under section 2 of the Van (Sanrakshan Evam Samvardhan) Adhiniyam, 1980. Transfer of forest land shall not be effected till final approval is granted by the Government in this regard. Further, it may also be noted that this in-principle approval shall be valid for a period of 2 years from the date of issue of this letter. In the event of non-compliance of the above conditions within 2 years, the in-principle approval shall be deemed to be null and void.

Your's faithfully (Balaji Kari)
Assistant Inspector General of Forests (AIGF) Regional Office, Gandhinagar MoEF&CC, Govt of India

### Government of India
Ministry of Environment, Forest and Climate Change.
B-215& B-216, "ARANYA BHAWAN" ,Jhalana
Institutional Area, Jaipur-302004 दूरभाष/Tel No: 0141-2713858Email: iro.jaipur-mefcc@gov.in
Regional Office, Gandhinagar

To, Online Proposal No.: FP/RJ/ROAD/431545/2023 Dated: 14/07/2025

Principal Secretary (Forest and Environment), Department of Forest and Wildlife Government of Rajasthan, Vaniki Path, Near Secretariat Jaipur-302005 (Rajasthan)

Subject: Diversion of 4.675 ha of forest land for Construction of Road from Viratnagar Kuhada Mod to Upto Bhaloji Mod Via Papda, Bada Kakrana, Khala ki Dhani, Talukabas ki Chhind, Talikabas, Pchhudala ki Chhind, Sitopshinghpura, Bhojawas, Bhankari, Choubala, Pathredi, Chowki Rajnota road (MDR-251) Tehsil-Viratnagar, District Jaipur, Jaipur (North) Territorial Division (Rajasthan)

Sir/Madam,

This is in reference to the online proposal No. FP/RJ/ROAD/431545/2023 dated 30/05/2023 on the above-mentioned subject seeking prior approval of the Central Government in accordance with section' 2' of the Van (Sanrakshan Evam Samvardhan) Adhiniyam, 1980 and to say that the proposal has been examined by Regional Office as per extant rules and regulations. After the examination, the undersigned is directed to convey the "In-Principle/Stage-I" approval of the Central Government under Section 2 of the Van (Sanrakshan Evam Samvardhan) Adhiniyam, 1980 for the Proposal for non- forestry use of 4.675 ha of forest land in favour of M/s PUBLIC WORKS DEPARTMENT RAJASTHAN in Jaipur (North) Territorial Division, District JAIPUR (RAJASTHAN) subject to the fulfillment of the following conditions:1. General Conditions:-1.1 Legal status of the diverted forest land shall remain unchanged; 1.2 The non-forest land identified for raising compensatory afforestation shall be transferred and mutated in favour of the State Forest Department before issue of the Stage-II clearance;1.3 The non-forest land transferred and mutated in favour of the State Forest Department shall be notified by the State Government as RF under Section-4 or PF under Section-29 of the Indian Forest Act, 1927 or under the relevant Section(s) of the local Forest Act, 1927 latest within a period of six months from the date of issue of Stage--II approval. The Nodal Officer shall report compliance in this regard along with a copy of the original notification declaring the non-forest land under Section 4 or Section 29 of the Indian Forest Act, 1927, as the case may be, within the stipulated period to the Central Government for information and record; 1.4 The land identified for the purpose of CA shall be clearly depicted on a Survey of India toposheet of 1:50,000 scale; 1.5 The User Agency shall transfer the cost of raising and maintaining the compensatory afforestation, at the current wage rate, to the State Forest Department. The scheme may include appropriate provision for anticipated cost increase for works scheduled for subsequent years; 1.6 The State Government shall charge the Net Present Value (NPV) of the forest land being diverted under this proposal from the User Agency as per the orders of the Hon'ble Supreme Court of India dated 28.03.2008, 24.04.2008 and 09.05.2008 in Writ Petition (Civil) No. 202/1995 and the guidelines issued by this Ministry vide its letter No. 5-3/2007-FC dated 05.02.2009 in this regard; 1.7 At the time of payment of the Net Present Value (NPV) at the then prevailing rate, the User Agency shall furnish an undertaking to pay the additional amount of NPV, if so determined, as per the final decision of the Hon'ble Supreme Court of India; 1.8 All the funds received from the user agency under the project, except the funds realized for regeneration/ demarcation of safety zone, shall be transferred to Ad-hoc CAMPA in the Savings Bank Account pertaining to the State concerned; 1.9 The User Agency shall obtain the Environment Clearance as per the provisions of the Environmental (Protection) Act, 1986, if required;1.10 The boundary of the diverted forest land, shall be demarcated on ground at the project cost, by erecting four feet high reinforced cement concrete pillars, each inscribed with its serial number, forward and back bearing and distance from pillar to pillar; 1.11 The User agency, if required, will undertake comprehensive soil conservation measures in the area being diverted at the project cost in consultation with the State Forest Department. A scheme of the same may be submitted along with the compliance report; 1.12 No labour camp shall be established on the forest land; 1.13 The User Agency shall provide fuels preferably alternate fuels to the labourers and the staff working at the site so as to avoid any damage and pressure on the nearby forest areas; 1.14 The forest land shall not be used for any purpose other than that specified in the proposal; 1.15 The layout plan of the proposal shall not be changed without the prior approval of the Central Government;1.16 The forest land proposed to be diverted shall under no circumstances be transferred to any other agency, department or person without prior approval of the Central Government;1.17 No damage to the flora and fauna of the adjoining area shall be caused; 1.18 The State Government shall complete settlement of rights, in terms of the Scheduled Tribes and Other Traditional Forest Dwellers (Recognition of Forest Rights) Act, 2006, if any, on the forest land to be diverted in accordance with the relevant guidelines issued by the MoEF; 1.19 The user agency in consultation with the State Government shall create and maintain alternate habitat/home for the avifauna, whose nesting trees are to be cleared in this project. Bird's nests artificially made out of eco-friendly material shall be used in the area, including forest area and human settlements, adjoining the forest area being diverted for the project;1.20 Any other condition that the concerned Regional Office of this Ministry may stipulate, from time to time, in the interest of conservation, protection and development of forests & wildlife; 1.21 The User Agency and the State Government shall ensure compliance to provisions of the all Acts, Rules, Regulations and Guidelines, for the time being in force, as applicable to the project; 1.22 Grant of working permission to the extant proposal may be considered by the State Government in accordance with the provisions as contained in the MoEF&CC's Guidelines dated 28.08.2015; 1.23 Compensatory afforestation shall be taken up by the Forest Department over 4.675 ha NFL, Survey No./Block/Compartment No.0, Village-Buchera, Tehsil-Paota, District-Jaipur of Rajasthan at the cost of the user agency. As far as possible, a mixture of local indigenous species shall be planted and mono-culture of any species may be avoided.; 1.24 User agency shall restrict the felling of trees to 381trees/minimum numbers in the diverted forest land and the trees shall be felled under the strict supervision of the State Forest Department and cost of felling of trees shall be deposited by the User Agency with the State Forest Department.; 1.25 The user Agency shall obtain Wildlife Clearance from the competent authority as per the provisions of the extant rules and regulations, If the area proposed for diversion falls in any PA/ WL corridor etc.; 2. Standard conditions:-2.1 The user agency shall arrange to raise strip plantation on either side of the road and central verge at project cost, as per IRC specification, with maintenance of 7-10 years. The user agency shall also submit design of providing at least 2-3 rows of long rotation indigenous trees, as per provision of IRC-SP-21-2009 (Guidelines on landscaping & tree plantation), on either side of the road before final clearance.; 2.2 The muck generated in the earth cuttings will be disposed of at the designated dumping sites and in no case the muck/debris will be allowed to be dumped in the forest area.;2.3 The user agency will provide retaining walls, breast walls and drainage as per requirement to make the slope stable in consultation with the DFO.; 2.4 The designing of culverts/bridges, if any, over the natural streams/rivers/canals should be done in such a manner that it does not hamper the natural course of water, does not give rise to water- logging, and also does not hamper movement of wild animals ; 3. Specific Conditions:-3.1 The KML file of the area to be diverted and the CA areas shall be uploaded on the e-Green watch portal with all requisite details.; 3.2 Proper animal passage across the road shall be ensured and signages indicating wildlife crossing, general awareness about wildlife shall be created at appropriate place in consultation with the local FD officials; After receipt of compliance report on fulfillment of all of the above conditions from the State Government, proposal will be considered for final approval under section' 2' of the Van (Sanrakshan Evam Samvardhan) Adhiniyam, 1980. The User Agency shall take up the work as per the guidelines in force and after ensuring that all necessary clearances for the entire stretch are in place. Working permission, if any issued, shall be intimated to RO, Gandhinagar. Transfer of forest land shall not be affected till final approval is granted by the Central Government in this regard. Further, it may also be noted that this In-principle/Stage-I approval shall be valid for a period of 2 years from the date of issue of this letter. In the event of non-compliance of the above conditions, this In-principle approval shall be revoked after two (02) years.

Your's faithfully (Balaji Kari)
Assistant Inspector General of Forests (AIGF) Regional Office, Gandhinagar MoEF&CC, Govt of India



# आलिया भट्ट ने शेयर की परिवार की तस्वीरें

## बेटी राहा और पति रणबीर कपूर के साथ आईं नजर

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस आलिया भट्ट इन दिनों आगामी एक्शन ड्रामा स्पाई फिल्म 'अल्फा' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। इसी बीच आलिया ने सोशल मीडिया हैंडल पर नवंबर महीने की कई शानदार तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें उनकी बेटी राहा, पति रणबीर कपूर और सासू मां नीतू कपूर नजर आ रही हैं।



आलिया ने इंस्टाग्राम पर अपने परिवार की कई तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर में आलिया बेटी राहा को गोद में लिए नजर आ रही हैं। हालांकि इस पहली तस्वीर में दोनों का चेहरा नहीं, बल्कि बैक साइड नजर आ रहा है। दूसरी तस्वीर में आलिया और रणबीर पूजा की कोई रस्म करते नजर आ रहे हैं। उनके सामने एक कलश रखा दिखाई दे रहा है। तीसरी तस्वीर में नीतू कपूर बहू आलिया को कसकर लगाए नजर आ रही हैं और पीछे दिवंगत एक्टर ऋषि कपूर की तस्वीर नजर आ रही है।

### कुछ और खास तस्वीरें

चौथी तस्वीर में आलिया अपनी फ्रेंड्स के साथ पोज देती नजर आ रही हैं। पांचवीं आलिया की सेल्फी है। वहीं, एक तस्वीर में महेश भट्ट बेटी आलिया और सोनी की तस्वीर खींचते नजर आ रहे हैं। एक तस्वीर में केक नजर आ रहा है, जो राहा के जन्मदिन का है। एक और तस्वीर है, जिसमें रणबीर अपने दिवंगत पिता ऋषि कपूर को प्रणाम करते बेहद भावुक दिखाई दे रहे हैं। एक तस्वीर में आलिया पूजा करती नजर आ रही हैं। आलिया की इन तस्वीरों पर फैंस लाल दिल वाले इमोजी बना रहे हैं।

### आलिया का पोस्ट

आलिया ने इंस्टाग्राम पर अपनी बेटी राहा, सास नीतू कपूर, रणबीर कपूर और दिवंगत ससुर ऋषि कपूर की कई प्यारी तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ आलिया ने कैप्शन में लिखा, 'नवंबर 2025... आप डेढ़ महीने के थे।' इस पोस्ट के साथ आलिया ने स्टार और लाल दिल वाला इमोजी भी बनाया है। नवंबर के महीने में आलिया की बेटी का जन्मदिन होता है। राहा का जन्म 6 नवंबर, 2022 को हुआ था।

### आलिया का वर्कफ्रंट

आलिया जल्द ही फिल्म 'अल्फा' में नजर आएंगी। फिल्म 'अल्फा' में आलिया भट्ट के साथ शरवरी वाघ और साउथ स्टार यश नजर आएंगे। यह वाईआरएफ की स्पाई यूनिवर्स की फिल्म है, जो एक महिला-प्रधान एक्शन थ्रिलर है। यह फिल्म 2026 में रिलीज होगी।

# बदली-बदली सी ब्यूटी क्वीन!



## ऐश्वर्या राय बच्चन का ट्रांसफॉर्मेशन देख फैंस के उड़े होश, इंटरनेट पर छाया नया लुक


**मिस** वर्ल्ड रह चुकीं ऐश्वर्या राय जब भी किसी इवेंट में शामिल होती हैं, तो उनकी ब्यूटी की चर्चा चारों ओर होने लगती हैं। कई बार ऐश्वर्या अपने लुक और बढ़े हुए वजन के लिए ट्रोल भी होती हैं, मगर उनका हालिया लुक देख हर कोई हैरान हो गया। 52 साल की ऐश्वर्या राय हाल ही में सऊदी अरब में आयोजित रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में शामिल हुईं। एक्ट्रेस की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं।

ऐश्वर्या राय ने रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के मौके पर डोल्से एंड गबाना का लॉन्ग सिल्क व्हाइट गाउन पहना था, जिसे उन्होंने एक ब्लैक ब्लेजर के साथ कैरी किया था। वेवी हेयर, रेड लिप्स और बोल्ड आईज में एक्ट्रेस बहुत ही खूबसूरत लग रही हैं।

### ऐश्वर्या राय ने घटाया वजन?

देवदास एक्ट्रेस के लुक में खास बात उनका वेट लॉस बताया जा रहा है। इस लुक में वह पहले से पतली दिख रही हैं। 52 की उम्र में उनकी खूबसूरती देख हर कोई दीवाना हो गया। ऐश्वर्या का एक और लुक सामने आया है, जिसमें वह ब्लैक ड्रेस में कहर बरपा रही हैं। इस लुक को उन्होंने ग्रीन एमराल्ड पेंडेंट के साथ स्टाइल किया था।

ऐश्वर्या राय का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें वह फिफ्टी शेड्स ऑफ ग्रे की एक्ट्रेस डकोटा जॉन्सन के साथ फोटोज क्लिक करा रही हैं। दोनों के बीच की बॉन्डिंग लोगों को खूब पसंद



आ रही हैं।

### ऐश्वर्या राय हुई थीं ट्रोल

इससे पहले ऐश्वर्या राय को पेरिस फैशन वीक में देखा गया था, जिसमें उनके लुक को काफी ट्रोल किया गया था। वह मनीष मल्होत्रा की ड्रेस में स्टेज पर वॉक करती हुई दिखाई दी थीं। हालांकि, उनका लुक लोगों को खास पसंद नहीं आया था।

# कृति सेनन ने एयरपोर्ट कर्मचारी के साथ खिंचवाई तस्वीर



**कृति** सेनन इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'तेरे इश्क में' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच कृति का एक वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

हाल ही में कृति सेनन मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आईं। एयरपोर्ट पर कुछ महिला कर्मचारी नजर आ रही हैं, जो प्यार से कृति को तस्वीर खिंचाने के लिए कहती हैं। कृति तुरंत ही दोनों महिला कर्मचारियों के साथ सेल्फी क्लिक करती हैं। कृति के साथ तस्वीर क्लिक करने के बाद दोनों महिला कर्मचारी खुशी से उछलने लगती हैं। कृति के इस व्यवहार को फैंस बेहद पसंद कर रहे हैं।

**कृति सेनन की वायरल वीडियो में दिखी सच्चाई**

### फैंस के कमेंट्स

एयरपोर्ट कर्मचारी के प्रति कृति के इस व्यवहार की फैंस जमकर तारीफ कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, 'इसीलिए यह मेरी पसंदीदा हैं', एक और फैन ने लिखा, 'बहुत प्यारी हैं', एक और फैन ने लिखा, 'मैडम की फिल्म बॉक्स ऑफिस पर रूल करेगी', एक और फैन ने लिखा, 'एक सच्चा सितारा', एक और फैन ने लिखा, 'असली खुशी।'

### 'तेरे इश्क में' के बारे में

'तेरे इश्क में' एक म्यूजिकल रोमांटिक ड्रामा फिल्म है। इसका निर्देशन आनंद एल राय ने किया है। फिल्म को आनंद एल. राय, हिमांशु शर्मा, भूषण कुमार और कृष्ण कुमार ने सह निर्मित किया है। इस फिल्म में कृति सेनन (मुक्ति), धनुष (फ्लाइट लेफ्टिनेंट शंकर), सुशील दहिया (इंस्पेक्टर), माहिर मोहिउद्दीन (राणा) और प्रकाश राज (विशेष भूमिका) में नजर आए हैं। यह फिल्म 28 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है।



# 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' के आखिरी सीजन की रिलीज डेट का ऐलान

**चर्चित** सीरीज 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' के फाइनल सीजन का इंतजार कर रहे दर्शकों के लिए खुशखबरी है। सीरीज के फाइनल सीजन की रिलीज डेट का ऐलान हो चुका है।

सयानी गुप्ता, कीर्ति कुल्हारी, बानी जे और मानवी गगारू अभिनीत सीरीज का दर्शक इसी महीने लुत्फ उठा सकेंगे।

### प्राइम वीडियो ने साझा किया अपडेट

इंटरनेशनल एमी नॉमिनेटिड सीरीज 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' को दुनियाभर के दर्शक 19 दिसंबर से देख सकेंगे। इस तारीख से सीरीज का प्रीमियर ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर होगा। शुक्रवार को प्राइम वीडियो से एक पोस्ट शेयर कर रिलीज डेट पर अपडेट दिया गया है। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'आप ओजी गैंग की मीट-अप में आमंत्रित हैं'।

### क्या है फाइनल सीजन की कहानी?

सीरीज के इस फाइनल सीजन का ऐलान इस साल जुलाई में एक पोस्टर रिलीज के साथ किया गया था। इस सीरीज में आज की महिलाओं की जिंदगी के उतार-चढ़ाव को दिखाया गया है। सीजन 4 में शो की लीडिंग लेडीज दामिनी, अंजना, सिद्दी और उमंग ये जानने वाली हैं कि उन्हें किसी और का नंबर वन बनने की जरूरत नहीं, बल्कि वो खुद अपनी लाइफ की हीरो हैं। क्योंकि खुशी कोई लग्जरी नहीं, बल्कि जीने का एक तरीका है।

### ये सितारे हैं सीरीज का हिस्सा?

इस बार कुछ नए चेहरे भी नजर आएंगे और शो की फेमस गर्ल्स ट्रिप्स तो हैं ही। सयानी गुप्ता, कीर्ति कुल्हारी, बानी जे और मानवी गगरू के अलावा लीजा रे, प्रतीक बब्बर, राजीव सिद्धार्थ, अंकुर राठी और मिलिंद सोमन सरीखे सितारे भी नजर आएंगे। अरुणिमा शर्मा और नेहा पार्टी माटियानी द्वारा निर्देशित इस सीजन को देविका भगत ने लिखा है। इसके डायलॉग्स ईशिता मोइत्रा के हैं। हालांकि, अभी चौथे सीजन की रिलीज डेट जारी नहीं की गई है।

# लंदन में लगा 'डीडीएलजे' के 'राज-सिमरन' का स्टैच्यू

## फिल्म को मिला 'हैरी पॉटर' जैसे ग्लोबल आइकॉन के बीच स्थान

**फिल्म** दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे (डीडीएलजे) के इस साल रिलीज के 30 साल पूरे होने पर लंदन के लीसेस्टर स्क्वायर में शाहरुख खान और काजोल की ब्रॉन्ज मूर्ति का अनावरण किया गया। यह मूर्ति फिल्म के मशहूर पोज में बनाई गई है, जिसमें शाहरुख राज और काजोल सिमरन के किरदार में हैं। इस मौके पर दोनों कलाकार मौजूद रहे। शाहरुख ने ब्लैक सूट पहना था, जबकि काजोल नीली साड़ी में नजर आईं। वहीं दोनों ने फिल्म से जुड़ी कई यादें भी शेयर कीं।

### शाहरुख ने कहा- यह अविश्वसनीय पल है

शाहरुख खान ने इस मौके पर कहा, 'मुझे लगता है, मेरे लिए यह बहुत खास है। मुझे लंदन का यह इलाका बहुत पसंद है और लंदन खुद भी। जब मैं जवान था या फिर बच्चों के साथ आता था, तब अक्सर पिकाडिली और लेस्टर स्क्वायर के मूवी थिएटरों में आता था। मैं ठीक से देख नहीं पाया, लेकिन रात में फिर से आकर शांति से देखना चाहूंगा। काजोल के साथ इस मूर्ति का हिस्सा बनना वाकई बहुत अच्छा लग रहा है।' उन्होंने कहा, 'यूके भारतीय सिनेमा को पहचान देने वाला पहला देश रहा है। 90 के दशक में हमारी फिल्मों को यहां थिएटर में जगह मिलने लगी थी। 'डीडीएलजे' वो फिल्म थी, जिसने भारतीय फिल्मों को विदेशों में नई पहचान दिलाई। यह हमारे लिए गर्व का पल है कि अब यह फिल्म यहां की संस्कृति का हिस्सा बन गई है।' शाहरुख ने यह भी कहा, 'हमने डीडीएलजे को छुट्टी की तरह शूट किया था। कोई नहीं जानता था कि यह इतनी बड़ी हिट बन जाएगी। आज यह सिर्फ हमारी नहीं, बल्कि हर उस दर्शक की फिल्म है जिसने इसे अपनी यादों में बसाया।'



### काजोल ने शेयर की शूटिंग की यादें

काजोल ने बताया, 'मुझे याद है, जब हमने बस वाला सीन शूट किया था। बहुत ठंड थी, बारिश हो रही थी और हमारे स्वेटर नीचे रखे थे, जबकि हम ऊपर शूट कर रहे थे। कोरियोग्राफर भी नहीं पहुंच पाए थे, फिर भी हमने शूट पूरा किया।' उन्होंने कहा, 'उस समय लंदन बहुत अलग था। यह फिल्म सिर्फ भारत में ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में सबसे ज्यादा देखी गई फिल्मों में से एक बनी। 'डीडीएलजे' आज भी सबसे लंबी चलने वाली फिल्म है और अब गिनीज बुक में दर्ज है।' काजोल ने यह भी कहा, 'बहुत से लोग मुझसे कहते हैं कि उन्होंने 'डीडीएलजे' देखने के बाद शादी करने का फैसला किया। कई परिवारों के लिए यह फिल्म एक परंपरा जैसी बन गई है।'

### यशराज फिल्म्स के सीईओ ने गर्व जताया

'डीडीएलजे' को यश राज फिल्म्स ने प्रोड्यूस किया था। फिल्म के किरदार राज-सिमरन का स्टैच्यू लगने को लेकर यशराज फिल्म्स के सीईओ अक्षय विधानी ने कहा, 'यह हमारे लिए गर्व का पल है कि 'डीडीएलजे' को सीन्स इन द स्क्वायर में जगह मिली है। हैरी पॉटर, वंडर वुमन और बैटमैन जैसे बड़े ग्लोबल आइकॉन के बीच इसका होना भारतीय सिनेमा के सम्मान की बात है। यह दिखाता है कि दुनिया भर में दर्शकों ने इस फिल्म को कितना प्यार दिया है।' हार्ट ऑफ लंदन बिजनेस अलायंस के डिप्टी चीफ एग्जीक्यूटिव मार्क विलियम्स ने इस मौके पर कहा, 'यह फिल्म भारत की एक पूरी पीढ़ी को परिभाषित करती है और अब यह वैश्विक सांस्कृतिक प्रतीक बन चुकी है।' वहीं, इस स्टैच्यू की 3डी आंख सैली रेजिस ने डिजाइन की है। उन्होंने कहा, 'यह अपने तरह की पहली मूर्ति है। यह फिल्म के 30 साल पूरे होने का जश्न है। फिल्म का कुछ हिस्सा लीसेस्टर स्क्वायर में शूट हुआ था, इसलिए यह बिल्कुल अपनी सही जगह पर लगाई गई है।'
गौरतलब है कि दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे का निर्देशन आदित्य चोपड़ा ने किया था। फिल्म 20 अक्टूबर 1995 को रिलीज हुई थी। यह फिल्म आज भी दर्शकों के दिलों में बसी है। इसके किरदार राज और सिमरन ने हिंदी सिनेमा में एक अलग पहचान बनाई। यह भारत की सबसे लंबी चलने वाली फिल्म है, जो अब भी मुंबई के मराठा मंदिर सिनेमाघर में दिखाई जाती है।

## पतंजलि योगपीठ और रूस सरकार के मध्य ऐतिहासिक एमओयू पर हस्ताक्षर

# भारत व रशिया एक-दूसरे के अभिन्न मित्र देश हैं और रहेंगे : स्वामी रामदेव

### पतंजलि के साथ अपनी साझेदारी को मजबूत बनाएंगे : सर्गेई चेरेमिन

महानगर टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** पतंजलि समूह तथा रूस सरकार के मध्य दिल्ली में एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए, जिसमें पतंजलि समूह की ओर से स्वामी रामदेव तथा मॉस्को सरकार (रूस) की ओर से भारत-रूस व्यापार परिषद के अध्यक्ष एवं रूस के वाणिज्य मंत्री सर्गेई चेरेमिन ने हस्ताक्षर किए।

कार्यक्रम में स्वामी रामदेव ने कहा कि यह एमओयू स्वास्थ्य एवं वेलनेस का संवर्धन, स्वास्थ्य पर्यटन, कुशल मानव संसाधन का आदान-प्रदान तथा अनुसंधान आदि विषयों पर केंद्रित है। उन्होंने बताया कि रूस में योग, आयुर्वेद व प्राकृतिक चिकित्सा को लोग पसंद करते हैं तथा इनका अनुसरण भी करते हैं। उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम हमें ऋषियों की इस वैलनेस विधा को पूरे विश्व के लगभग 200 देशों में पहुंचाना है, जिसका एंट्री प्वाइंट रूस ही होगा।

इस मौके पर स्वामी रामदेव ने कहा कि भारत और रूस मित्र देश हैं। भारत का रूस से इमोशनल कनेक्ट आजादी से पहले भी था और आज भी है। भारत में लोग रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतीन को एक सशक्त ग्लोबल लीडर के तौर पर पहचानते हैं। उनके शौर्य, वीरता व पराक्रम से पूरा विश्व परिचित है। भारत व रूस की मैत्री से कुछ बड़े लोग खुश नहीं हैं, लेकिन किसी भी परिस्थिति में रशिया भारत का मित्र था, है और रहेगा। आध्यात्मिक, धार्मिक, आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक दृष्टि से भारत व रशिया एक-दूसरे के अभिन्न मित्र देश हैं और रहेंगे। इस अवसर पर सर्गेई चेरेमिन ने कहा कि हम पतंजलि के साथ अपनी साझेदारी को मजबूत बनाएंगे। उन्होंने कहा कि पतंजलि के योग, आयुर्वेद व प्राकृतिक चिकित्सा का लाभ लेकर हम रूस के लोगों की जीवनशैली परिवर्तित करेंगे और उन्हें निरोगी बनाएंगे।

#### एमओयू के महत्वपूर्ण बिंदु

- एमओयू के पहला महत्वपूर्ण बिंदु रूस में पतंजलि की वैलनेस सेवाओं का विस्तार करना है। हम रूस के साथ मिलकर एज को रिवर्स करने, लॉगिंविटी पर गहन अनुसंधान करेंगे, जिससे गंभीर रोगों का मानव शरीर में आने से वर्षों पहले ही पता किया जा सकेगा।
- दूसरा बिंदु भारत के आध्यात्मिक ज्ञान, संस्कृति, योग, आयुर्वेद तथा भारत की अमूल्य धरोहरों से संबंधित ज्ञान को रूस के साथ साझा करना है। इसके लिए हम भारत की संस्कृति तथा ऋषियों की धरोहर को रूस लेकर जाएंगे।
- तीसरा बिंदु रूस को भारत के द्वारा स्किल्ड लेबर व कुशल योगी उपलब्ध कराना है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत 2 लाख से अधिक लोगों को प्रशिक्षण प्रदान करने वाला पतंजलि ही एकमात्र प्राइवेट पार्टनर रहा है। हम रूस को कुशल योगी व कुशल श्रमिक उपलब्ध कराएंगे। साथ ही इस एमओयू के तहत भारत के उच्चस्तरीय ब्रांड्स को रूस में तथा रूसी ब्रांड्स को भारत में प्रमोट करना है। हम विश्वस्तरीय पतंजलि ब्रांड को रशिया लेकर जाएंगे, जिससे पतंजलि के गुणवत्तायुक्त उत्पादों का लाभ रूस के नागरिकों को भी मिलेगा।

# एशिया कप में भारतीय कोर्फबॉल टीम के कोच होंगे राजेश कुमार सैनी

### 9 से 14 दिसंबर तक मलेशिया में होगा टूर्नामेंट

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** राजस्थान के प्रसिद्ध कोर्फबॉल खिलाड़ी और प्रशिक्षक राजेश कुमार सैनी को आगामी एशिया कप के लिए भारतीय कोर्फबॉल टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। यह प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 9 से 14 दिसंबर तक मलेशिया में आयोजित होगी। राजेश कुमार सैनी पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रह चुके हैं और कोर्फबॉल जगत में बड़ा योगदान रहा है। खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए उन्हें महाराणा प्रताप पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। उनकी कोचिंग के अनुभव और खेल की गहरी समझ को देखते हुए चयन समिति ने उन्हें इस महत्वपूर्ण भूमिका के लिए उपयुक्त माना है। खेल विशेषज्ञों का मानना है कि राजेश सैनी के नेतृत्व में भारतीय टीम बेहतर रणनीति और मजबूती के साथ मैदान में उतरेगी। उनके मार्गदर्शन में खिलाड़ी मानसिक और तकनीकी दोनों रूप से सशक्त प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे हैं।

## राष्ट्रीय प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य संघ (नार्ची) की राजस्थान स्टेट ब्रांच की कार्यशाला आयोजित

# किशोरावस्था में सहमति की आयु 18 से 16 वर्ष करने के परिणामों पर मंथन

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** राष्ट्रीय प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य संघ (नार्ची) की राजस्थान साखा की ओर से राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में पॉक्सो एक्ट पर उच्चस्तरीय सीएमए एवं पैनल चर्चा का आयोजन हुआ। इसमें 'क्या सहमति की कानूनी आयु 18 से घटाकर 16 वर्ष करने से किशोरों का जोखिम बढ़ेगा या सुरक्षा?' विषय पर मंथन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग सदस्य प्रियंक कानूनगो रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ. वीणा आचार्य चेयरपर्सन नार्ची ने स्वागत भाषण दिया। दीप प्रज्वलन मुख्य अतिथि प्रियंक कानूनगो ने किया।

इस दौरान प्रियंक कानूनगो ने कहा कि पॉक्सो एक्ट देश का सबसे महत्वपूर्ण, सबसे सख्त प्रावधानों वाला बाल-सुरक्षा कानून है। इसमें किसी भी परिवर्तन को अत्यंत संवेदनशील, वैज्ञानिक और व्यावहारिक दृष्टिकोण से देखना आवश्यक है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किशोरावस्था में जैविक व मानसिक बदलाव बहुत तेज होते हैं, सहमति की आयु में कमी करने से 'परिपक्वता बनाम दुरुपयोग' की गुत्थी और जटिल हो सकती है, कानून का उद्देश्य बच्चों को दंडित करना नहीं, बल्कि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना होना चाहिए। पॉक्सो एक लैंगिक भेदभाव रहित कानून है। संगोष्ठी में पॉक्सो की पर्सनल लॉ पर प्रधानता एवं बाल विवाह तथा उसके रोकथाम में पॉक्सो की अहमियत पर भी जोर दिया गया। इस अवसर पर डॉ. वीणा आचार्य द्वारा तैयार एक पोस्टर का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में रुवा की पूर्व अध्यक्ष लाडकुमारी जैन एवं स्वेता धनकड़ डीआईजी पुलिस विशिष्ट अतिथि रहीं। कार्यक्रम संयोजक एडवोकेट मूमल राजवी ने भी विचार रहे। इसमें निकलकर आया कि सहमति की आयु में किसी भी बदलाव का प्रभाव आपराधिक न्याय प्रणाली, किशोर न्याय कानून, लैंगिक समानता और सामाजिक-सांस्कृतिक मान्यताओं पर व्यापक रूप से पड़ने की संभावना है। उन्होंने इस बात पर भी चिंता जताई कि 16 वर्ष की आयु में निर्णय क्षमता समान रूप से विकसित नहीं होती, जिससे शोषण, ब्लैकमेल, ऑनलाइन ग्रूमिंग तथा साइबर अपराधों का खतरा बढ़ सकता है।

#### विशेषज्ञों की पैनल चर्चा

पैनल चर्चा में विशेषज्ञों के रूप में डॉ. वीणा आचार्य, डॉ. उषा शेखावत, डॉ. रंजुला जैन उपस्थित रहे तथा पैनलिस्ट के रूप में अधिवक्ता मूमल राजवी, लाडकुमारी जैन कानूनी सलाहकार रुवा, डॉ. बी.एल. सोनी, डॉ. लीला व्यास, डॉ. रानू पाटनी, डॉ. मधुलिका अग्रवाल, डॉ. पूनम यादव, डॉ. दीपाली, डॉ. अनीता गौतम एवं कानोड़िया कॉलेज की वाइस प्रिंसिपल रंजुला ने सक्रिय रूप से विचार रखे। इसमें कहा गया कि आयु कम करने से समाज में किशोर जोड़ों के बीच सहमति और अपराध की रेखा धुंधली हो जाएगी, वहीं रिपोर्टिंग पैटर्न बदल सकता है- जिससे अभिभावकों और स्कूलों की भूमिका और भी चुनौतीपूर्ण होगी। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विवाह/जबर्दस्ती संबंधों को 'कानूनी सहमति' का रूप देने का दुरुपयोग संभव है। जयपुर के डॉ. बजरंग सोनी ने बताया कि सोशल वर्कर ग्रामीण क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। पैनल चर्चा में बाल संरक्षण बनाम बाल-अधिकार का द्वंद्व के अंतर्गत राय निकली कि 16-18 वर्ष आयु वर्ग सबसे अधिक संवेदनशील है तथा प्रेम संबंधों की वास्तविकता को समझना जरूरी है, परंतु सुरक्षा का संतुलन बरकरार रहना चाहिए। कानून 'सुरक्षा' के लिए है, 'आपराधिकरण' के लिए नहीं।

#### डिजिटल युग की नई चुनौतियों पर हुई बात

पैनल चर्चा में डिजिटल युग की नई चुनौतियों पर बात करते हुए नार्ची की सचिव डॉ. तरुछाया ने सोशल मीडिया, रील्स, डिजिटल हॉर्मोनल, इन्फ्लुएंस, ऑनलाइन प्रलोभन पर चर्चा की। मॉडरेटर डॉ. पूनम यादव ने कहा कि अश्लील सामग्री की आसान उपलब्धता के कारणों से 16 वर्ष आयु वैज्ञानिक रूप से भी सुरक्षित सीमा नहीं मानी जा सकती। डॉ. अनीता गौतम ने बताया कि मनोवैज्ञानिक परिपक्वता 18 वर्ष से पूर्व स्थिर नहीं होती। किशोरावस्था में निर्णय क्षमता अत्यधिक भावनात्मक होती है, तर्कप्रधान नहीं। इस समय ब्रेन पूर्ण रूप से विकसित नहीं होता है, लड़कियों में किसी भी प्रकार का निर्णय लेने की क्षमता नहीं होती है। सहमति चाहे वे खुद दें या दबाव की वजह से दें, लड़कियां अपने निर्णय में सक्षम नहीं होती हैं। इसकी वजह से वे जिंदगी भर अपराध बोझ से ग्रसित होती हैं। डॉ. लीला व्यास, डॉ. रानू पाटनी, डॉ. दीपाली, डॉ. मधुलिका अग्रवाल ने अपने अनुभव से बताया कि 18 साल से कम उम्र की लड़कियों को कई तरह के जोखिम का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि कम उम्र की लड़कियां गलत निर्णय लेकर शारीरिक-मानसिक रूम से तकलीफ पाती हैं। कार्यक्रम की आयोजक नेशनल एसोसिएशन रिप्रोडक्टिव चाइल्ड ऑफ इंडिया की चेयरपर्सन राजस्थान अस्पताल स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. वीणा आचार्य ने बताया कि सहमति की कानूनी आयु 18 वर्ष से कम करना सुरक्षित नहीं माना जा सकता। डॉ. वीणा आचार्य ने बताया कि अपने अनुभव की 16 वर्ष की उम्र की लड़कियां शारीरिक रूप से पूर्णरूप से विकसित नहीं होती हैं। उनके साथ संबंध होने से कई प्रकार की समस्याएं आ सकती हैं और अगर वे गर्भधारण कर लेती हैं तो उसका प्रभाव मां पर एवं बच्चे पर पड़ता है। मां को कई प्रकार के रोग जैसे ब्लड प्रेशर, मधुमेह का प्रभाव पड़ता है, बच्चे का गर्भपात हो सकता है। बच्चा पूर्णरूप से विकसित नहीं होता है और समय से पहले गर्भ होने से बच्चे की मृत्यु हो जाती है। इसकारण लड़कियां जिंदगी भर तकलीफ में होती हैं। कम उम्र में संभोग होने से लड़कियों में कई प्रकार के योन रोग हो जाते हैं। खासतौर से एचआईवी व एचपीवी इन्फेक्शन जो यौन संबध से फैलता है। एचपीवी इन्फेक्शन की वजह से आगे सर्वाइकल व अन्य कैंसर होने की संभावना अधिक हो जाती है। 18 वर्ष से कम आयु के किशोर-किशोरियों की शारीरिक एवं मानसिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए पॉक्सो अधिनियम में सहमति की आयु कम करने के विचार का सभी विशेषज्ञों ने एकमत से विरोध किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. मधुलिका अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन किया तथा संचालन डॉ. सोनल गौड़ ने किया

### सुगम रेल संचालन के लिए किया जा रहा ऑटोमेटिक सिग्नलिंग कार्य

# जयपुर मंडल के रेवाड़ी-अलवर रेलखंड पर प्रभावित रहेगा यातायात

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा जयपुर मंडल के रेवाड़ी- अलवर रेलखंड पर बावल-करनावास-अनाजमंडी रेवाड़ी स्टेशनों के मध्य ऑटोमेटिक



सिग्नलिंग कार्य के लिए ब्लॉक लिया जा रहा है। इसके कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार इस कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित निम्न रेलसेवाएं प्रभावित रहेंगी।

इनमें 10 दिसंबर को जयपुर से प्रस्थान करने वाली 09635 जयपुर-रेवाड़ी स्पेशल ट्रेन अलवर तक ही संचालित होगी। यह अलवर-रेवाड़ी के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। वहीं 09636 रेवाड़ी-जयपुर स्पेशल ट्रेन 10 दिसंबर को रेवाड़ी के स्थान पर अलवर से संचालित होगी। यह गाड़ी रेवाड़ी-अलवर के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।

#### मार्ग परिवर्तित रेल सेवाएं (प्रारंभिक स्टेशन से)

10 दिसंबर को बाड़मेर से प्रस्थान करने वाली 14661 बाड़मेर-जम्मूतवी ट्रेन परिवर्तित मार्ग फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी होकर संचालित होगी तथा परिवर्तित मार्ग में यह ट्रेन रींगस, नीमकाथाना, नारनौल एवं अटेली स्टेशनों पर ठहराव करेगी। वहीं 9 दिसंबर को जम्मूतवी से प्रस्थान करने वाली 14662 जम्मूतवी-बाड़मेर ट्रेन परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा होकर संचालित होगी तथा परिवर्तित मार्ग में यह अटेली, नारनौल, नीम का थाना एवं रींगस स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इसके अलावा 10 दिसंबर को बरेली से प्रस्थान करने वाली 14321, बरेली-भुज ट्रेन परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा होकर संचालित होगी तथा परिवर्तित मार्ग में यह अटेली, नारनौल, नीम का थाना एवं रींगस स्टेशनों पर ठहराव करेगी। वहीं 9 दिसंबर को किशनगंज से प्रस्थान करने वाली 15715, किशनगंज-अजमेर ट्रेन परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा होकर संचालित होगी तथा परिवर्तित मार्ग में यह ट्रेन अटेली, नारनौल, नीम का थाना एवं रींगस स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

#### रेगुलेट रेलसेवाएं (प्रारंभिक स्टेशन से)

10 दिसंबर को दिल्ली कैंट से प्रस्थान करने वाली 26482 दिल्ली कैंट-जोधपुर वंदेभारत ट्रेन रेवाड़ी स्टेशन पर 15 मिनट रेगुलेट रहेगी। वहीं 10 दिसंबर को दिल्ली सराय से प्रस्थान करने वाली 20984 दिल्ली सराय-भुज ट्रेन रेवाड़ी स्टेशन पर 20 मिनट रेगुलेट रहेगी।

### सोसाइटी ऑफ इंडिया के प्रतिनिधिमंडल ने ऑल इंडिया पब्लिक रिलेशंस कॉन्फ्रेंस के लिए राज्यपाल को दिया आमंत्रण

# एआई और क्वांटम टेक्नोलॉजी के युग में पीआर का दायित्व और बढ़ा : सिंह

महानगर टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) से शनिवार को लोकभवन में पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट कर 13 से 15 दिसंबर तक देहरादून में आयोजित होने वाली 47वीं ऑल इंडिया पब्लिक रिलेशंस कॉन्फ्रेंस के लिए आमंत्रित किया।

राज्यपाल ने कहा कि पब्लिक रिलेशंस भारत की आत्मा, उसकी सांस्कृतिक मूल्यों और जन-भावनाओं को समझने तथा उन्हें सही रूप में अभिव्यक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने आधुनिक युग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम टेक्नोलॉजी तथा अन्य अत्याधुनिक तकनीकों के उपयोग को पब्लिक रिलेशंस क्षेत्र के लिए आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि नई



तकनीकें तभी सार्थक हैं, जब उनका उपयोग भारतीय संस्कृति और समाज की जड़ों से जुड़कर किया जाए।

उन्होंने यह भी कहा कि जनसंपर्क केवल संदेश पहुंचाने तक सीमित नहीं रहे, बल्कि मार्गदर्शन और नेतृत्व देने की भूमिका भी निभाए। सोशल मीडिया के प्रभावी और जिम्मेदार उपयोग पर बल देते हुए राज्यपाल ने कहा कि सकारात्मक, तथ्यपूर्ण और जनहितकारी संचार ही समाज को दिशा दे सकता है। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक सूचना डॉ. नितिन उपाध्याय, पीआरएसआई देहरादून चैप्टर के अध्यक्ष रवि बिजारनिया, सचिव अनिल सती, कोषाध्यक्ष सुरेश भट्ट, सदस्य संजय भार्गव, वैभव गोयल उपस्थित रहे।

#### राज्यपाल को अधिवेशन का ब्रोशर किया भेंट

प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को अधिवेशन का ब्रोशर भेंट करते हुए संस्था की गतिविधियों एवं उद्देश्यों की जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि इस वर्ष अधिवेशन का मुख्य विषय 'विकसित भारत - 2047 में जनसंपर्क की भूमिका' निर्धारित किया गया है। सम्मेलन में देशभर के विभिन्न राज्यों से 300 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। उत्तराखंड के रजत जयंती वर्ष को ध्यान में रखते हुए अधिवेशन में राज्य की विकास यात्रा, उपलब्धियों तथा भविष्य की संभावनाओं पर विशेष सत्र भी आयोजित किए जाएंगे।

# केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बाबासाहेब डॉ. अंबेडकर को अर्पित की पुष्पांजलि

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** बाबासाहेब डॉ. अंबेडकर के 70वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना



प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली स्थित रेल भवन में पुष्पांजलि अर्पित की। एक्स पर एक पोस्ट में केंद्रीय मंत्री ने भारत रत्न डॉ. अंबेडकर को नमन करते हुए उन्हें समानता और न्याय का मार्गदर्शक बताया। कार्यक्रम में रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार, वरिष्ठ अधिकारी रेलवे बोर्ड के सदस्य और अखिल भारतीय अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति रेलवे कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान बाबासाहेब के योगदान, संविधान निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका और समानता, न्याय एवं निष्पक्षता पर आधारित उनके विचारों को याद किया गया। गौरतलब है कि महापरिनिर्वाण दिवस प्रतिवर्ष 6 दिसंबर को भारत रत्न डॉ. भीमराव राम अंबेडकर की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। वे भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पी थे। 14 अप्रेल, 1891 को मध्य प्रदेश के महू में जन्मे डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने अपना जीवन हाशिए पर पड़े समुदायों, विशेषकर दलितों, महिलाओं और मजदूरों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया, जिन्हें व्यवस्थागत सामाजिक भेदभाव का सामना करना पड़ा था। भारतभर में लाखों लोग इस पावन दिवस पर उनकी शिक्षाओं और एक न्यायपूर्ण एवं समावेशी समाज के निर्माण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता पर विचार करके उनकी विरासत को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

**नवाचार** — देश के प्रमुख मल्टी स्पेशियलिटी अस्पतालों में शामिल मेदांता अस्पताल गुरुग्राम की सेवाएं अब जयपुर में भी होंगी उपलब्ध

# पिंक सिटी' में वर्ल्ड क्लास स्वास्थ्य सेवाओं का हो रहा विस्तार

महानगर टाइम्स संवाददाता




**जयपुर।** देश के प्रमुख मल्टी स्पेशियलिटी अस्पतालों में से गुरुग्राम स्थित मेदांता द मेडिसिटी ने शनिवार को राजस्थान में अपने प्रवेश की घोषणा की। मेदांता जल्द ही जयपुर में एक सुपर स्पेशियलिटी मेडिक्लिनिक शुरू करेगा। यह कदम मेदांता द्वारा पूरे देश में बेहतर और भरोसेमंद स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। नया मेडिक्लिनिक टोंक रोड स्थित डॉ. गर्ग टावर में बनाया गया है। यहां मेडिकल ऑन्कोलॉजी, कार्डियोलॉजी, लंग ट्रांसप्लांट, यूरो ऑन्कोलॉजी और गैस्ट्रो साइंसेज जैसी कई प्रमुख सुपर स्पेशियलिटी सेवाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही मरीज लंग ट्रांसप्लांट और चेस्ट सर्जरी से जुड़े मामलों में क्लिनिकल रिव्यू भी करवा सकेंगे।

मेदांता के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. नरेश त्रेहान ने कहा कि मेदांता में हमारी कोशिश हमेशा यह रहती है कि अलग-अलग क्षेत्रों के सुपर स्पेशियलिस्ट डॉक्टर मिलकर हर मरीज को सबसे सही और उसके लिए खास इलाज दें। हमारी सोच 'हर एक जान अनमोल है' इसी पर आधारित है। जयपुर का यह मेडिक्लिनिक हमारी इस प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगा।

#### 'देश में तेजी से बढ़ रही हैं हृदय से जुड़ी बीमारियां'

मेदांता ने यह कदम ऐसे समय में उठाया है जब देश में हृदय से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। युवा में हार्ट अटैक और ब्लड प्रेशर जैसी समस्याएं लगातार सामने आ रही हैं। इसी वजह से मेदांता ने 'मिशन सेव हार्ट' नाम की जागरूकता पहल भी शुरू की है। इस पहल का नेतृत्व डॉ. बीसी रॉय राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित मेदांता गुरुग्राम के क्लीनिकल और प्रिवेंटिव कार्डियोलॉजी चेयरमैन डॉ. आरआर कासलीवाल कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्ल्ड हेल्थ आर्गेनाइजेशन के अनुसार दुनिया में हर पांच में से एक मृत्यु भारत में हृदय की बीमारियों के कारण होती है। डॉ. कासलीवाल ने कहा कि ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज रिपोर्ट के मुताबिक भारत में लगभग एक चौथाई बीमारियां हृदय से जुड़ी समस्याओं की वजह से होती है। इनमें चार प्रमुख कारण हार्ट अटैक, हाई ब्लड प्रेशर, हार्ट फेलियर और कार्डियोमायोपैथी हैं। उन्होंने बताया कि आजकल युवा में हार्ट अटैक के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं और 40 से 69 वर्ष की उम्र के लोगों में यह सबसे बड़ा खतरा बन चुका है। 'मिशन सेव हार्ट' का लक्ष्य लोगों में जागरूकता बढ़ाना, उन्हें समय रहते सही कदम उठाने के लिए प्रेरित करना और जरूरत पड़ने पर बेहतर इलाज उपलब्ध कराना है। दिन में पहले आयोजित कार्यक्रम में डॉ. कासलीवाल ने कहा कि जयपुर में मेदांता मेडिक्लिनिक की शुरुआत राजस्थान में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की एक नई यात्रा की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक बिल्डिंग नहीं है, बल्कि मेदांता के उन मूल्यों की पहचान है जिनमें मरीजों के लिए किफायती, भरोसेमंद और संवेदनशील चिकित्सा सबसे ऊपर है। हमारा लक्ष्य है कि हर व्यक्ति को अच्छी और सही चिकित्सा आसानी से उपलब्ध हो।

#### चिरेका में महापरिनिर्वाण दिवस पालन



**चित्तरंजन।** चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना (चिरेका) स्थित प्रशासनिक भवन प्रांगण में डॉ. अंबेडकर की पुण्यतिथि, महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाई गई। चिरेका महाप्रबंधक अनिल कुमार गुप्ता ने डॉ. अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर मुख्य कार्मिक अधिकारी रंजन मोहंती, विभागों के प्रधान मुख्य अध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, वरीय अधिकारी, अधिकारी सहित कर्मचारी मौजूद रहे। अपने संबोधन में गुप्ता ने डॉ. अंबेडकर के प्रेरणादायक जीवन और उनके स्वर्णिम योगदान पर प्रकाश डाला और सभी से उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का आग्रह किया। चिरेका एससी/एसटी एसोसिएशन के जोनल प्रेसिडेंट ने भी श्रद्धांजलि देकर विचार रखे।